वर्ष 72 अंक 258 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 16 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


हे मनुष्य, पशुओं पर अपनी श्रेष्ठता का गर्व मत कर, क्योंकि वे पाप रहित हैं। पशुओं पर जीत ने तुम्हें प्रकृति पर नियंत्रण करने की प्रवृत्ति दी है, जिसका परिणाम विनाश होगा।
- आचार्य महाप्रज्ञ

## ऑफ बीट

### 115 दिन पहले जन्मे 4 बच्चे, टूटा वर्ल्ड रिकार्ड




*अमेरिका के राज्य अलबामा में रहने वाली बेका ब्रायंट नामक महिला ने 31 मई, 2024 में एक साथ 4 बच्चों को समय से 115 दिन पहले जन्म दिया, जो अब एक साल के हो चुके हैं और हाल ही में उन्हें गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स का खिताब दिया गया है। दरअसल, तय तारीख से 115 दिन पहले पैदा हुए बच्चों ने लगभग 27 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले टेपर परिवार के नाम था, जब साल 1997 में उनके परिवार में जन्म से 104 दिन पहले ही 4 बच्चों ने एकसाथ जन्म लिया था, जो अब ब्रायंट परिवार तोड़ चुका है। बेका की स्थिति गर्भावस्था में बहुत गंभीर थी और जन्म देने के बाद उनके चारों बच्चे भी काफी बीमार थे, लेकिन अस्पताल में कई महीनों तक विशेषज्ञों की देखभाल के बाद बच्चों और मां को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बेका को हुए दो लड़के और दो लड़की। चारों बच्चों में से दो लड़की (लैनी और काली) हैं, जबकि दो लड़के (लेनन और कोएन) हैं। गिनीज बुक के मुताबिक, बेका की डिलीवरी करने वाले डॉक्टर अयोदेजी सानुसी ने कहा, बेका की गर्भावस्था अनोखी थी क्योंकि गर्भ में 4 बच्चे होने के अलावा एक सेट प्लेसेंटा भी था, जो विभिन्न जटिलताओं के साथ बच्चों में आता। बेका ने कहा, जन्म से पहले डॉक्टर की हर अपॉइंटमेंट पर मैं बच्चों को देखने के लिए उत्साहित थी, लेकिन डर भी था। डॉक्टर अयोदेजी ने बताया कि बेका के बच्चों का जन्म सिजेरियन सेक्शन से हुआ था और मां समेत प्रत्येक बच्चे की देखभाल के लिए एक अलग विशेषज्ञ टीम बनाई गई थी।*

# तीन बड़े हादसेः हेलिकॉप्टर क्रैश पुल और मकान ढहने में 16 मौत

***अहमदाबाद विमान हादसे की पीड़ा अभी कम भी नहीं हुई थी कि रविवार को तीन अलग-अलग हिस्सों से आई भयावह घटनाओं की खबरों ने देश को झकझोर दिया। उत्तराखंड के गौरीकुंड में केदारनाथ यात्रा के दौरान हेलिकॉप्टर हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इसके बाद चारधाम यात्रा की हेली सेवा रोक दी गई है। वहीं महाराष्ट्र के पुणे में पुल टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई और करीब 30 लोगों बह गए। वहीं उत्तर प्रदेश के मथुरा में छह मकानों के ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग मलबे में दबे हैं।***

## उत्तराखंडः हेलिकॉप्टर क्रैश में गईं सात जानें

**रुद्रप्रयाग, जेएनएन।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम से फाटा आ रहा हेलिकॉप्टर रविवार की सुबह 5.20 बजे क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। सभी शव बुरी तरह से जल गए हैं। शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के जंगल में क्रैश हुआ।

इसके बाद चारधाम में हेलिकॉप्टर सेवा सोमवार तक पूरी तरह बंद रहेंगी। आगे हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभव वाले पायलटों को ही उड़ान की अनुमति दी जाएगी। हादसे के बाद सेवा प्रदाता आर्यन एविएशन की सभी उड़ानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने रुद्रप्रयाग हेलीकॉप्टर दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस बार चारधाम यात्रा में कई बार हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। हादसे में महाराष्ट्र के यवतमाल के एक परिवार के 3 सदस्यों की मौत हुई है। मृतकों में राजकुमार जायसवाल, श्रद्धा जायसवाल, दो वर्षीय बच्ची काशी शामिल हैं। इसके अलावा कैप्टेन राजबीर सिंह चौहान बीकेटीसी प्रतिनिधि विक्रम रावत, उत्तर प्रदेश के विनोद देवी और तृष्टि सिंह की भी मौत हो गई है। जायसवाल परिवार का बेटा विवान दादा के पास ही रुक गया जिसके चलते वो बच गया।



## पुणेः सेल्फी लेने के लिए ब्रिज पर बढ़ी भीड़ भरभराकर गिरा पुल, तेज धार में बहे लोग

**पुणे, जेएनएन।** महाराष्ट्र में भारी बारिश के बीच रविवार को पुणे में बड़ा हादसा हो गया। यहां इंद्रायणी नदी पर बना पुराना पुल ढह गया। इस हादसे में 6 लोगों की जान चली गई और करीब 30 लोग तेज धार में बह गए। कुंदमाला क्षेत्र प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। यहां इंद्रायणी पर बना पुल काफी पुराना था। इस पर आवाजाही बंद थी, लेकिन रविवार को यहां पहुंचे पर्यटक पुल के बीच जाकर सेल्फी ले रहे थे। हादसे के समय पुल पर करीब 100-120 सैलानी थे। इसी बीच अचानक पुल भरभराकर गिर गया और कई लोग पानी के तेज बहाव में बह गए। घटना करीब साढ़े चार बजे के की है। 20 से 25 लोगों को स्थानीय निवासियों ने रेस्क्यू किया। कुछ लोग अभी भी पुल गिरने के बाद फंसे हुए हैं। स्थानीय पुलिस, ग्रामीण और आपदा राहत कर्मी बचाव कार्य में लगे हैं। हालांकि, नदी में कितने लोग डूबे हैं, यह पता नहीं चल पाया है। पुणे में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी होने के बाद कई पर्यटन स्थल बंद कर दिए गए थे।



## मथुराः 6 मकान ढहे, 3 की मौत, 7 अभी भी दबे



**मथुरा, जेएनएन।** मथुरा के गोविंद नगर इलाके में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक साथ 6 मकान अचानक भरभराकर गिर गए। इस हादसे में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 4 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। जबकि 10-12 लोग मलबे में दबे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस, नगर निगम, प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वह मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। यहां बाड़े (खुली भूमि) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी अचानक मिट्टी धसकी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकंप आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला। रेस्क्यू टीम ने मौके पर मलबा हटाने का काम रोक दिया है। एनडीआरएऊ की टीम मशीनों से लापता लोगों की तलाश कर रही है।

### सीएम ने दिया विकसित मध्यप्रदेश का मंत्र, नेताओं से कहा

# अनुशासन हमारी पहचान इस पर न आए कोई खरोंच



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पचमढ़ी में भाजपा के विधायक-सांसद प्रशिक्षण वर्ग में दूसरे दिन भी वरिष्ठ नेताओं की नसीहतें जारी रहीं। नेताओं ने कहा कि कार्यशैली और व्यवहार में यह ध्यान देना होगा कि दल की पहचान अनुशासित पार्टी की है। इस पर खरोंच न आए, यह सबकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी 2047 तक देश के साथ विकसित मध्यप्रदेश कैसे बने, इसका मंत्र मंत्रियों-विधायकों को दिया। प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन पचमढ़ी में अलग सत्र में नेताओं ने विधायक, मंत्री और सांसदों से कई विषयों पर संवाद किया। जिसमें पूरा फोकस पार्टी में अनुशासन और समन्वय पर रहा। नेताओं ने कहा कि किसी भी स्थिति में अनुशासन नहीं टूटना चाहिए, क्योंकि हमारे दल की पहचान ही अनुशासन से है। पार्टी इसे लेकर गंभीर है और इस पर किसी भी तरह का समझौता करने के मूड में भी नहीं है।

### हमने जो काम किया, उसे जनता को बताएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। हमारे हितग्राही लगभग हर घर तक बन रहे हैं। ऐसे में हमें जनता को यह बताना होगा कि कांग्रेस की सरकारों से इतर हमारी सरकारें किस तरह से उनके हित में काम कर रही हैं। सीएम ने मंत्रियों से कहा कि विभागों द्वारा जो भी रोडमैप तैयार किया गया है, उस पर हमें पूरी सर्तकता और गंभीरता से काम करना है। हमें यह लक्ष्य लेकर काम करना है कि वर्ष 2047 तक देश के साथ मध्यप्रदेश भी विकसित बने। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि छोटी-छोटी योजनाओं पर भी हमें पूरा फोकस करना है। जिस तरह से जीएसआई में निवेशकों ने मध्यप्रदेश पर विश्वास जताया है, हम निश्चित तौर पर मध्यप्रदेश को विकसित बनाने की दिशा में सफलता की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

### कार्यकर्ताओं को इग्नोर न करें नेताः पाटिल

केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम यदि विधायक, सांसद और मंत्री बने हैं, तो इसके पीछे हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत है। कार्यकर्ता जनता के बीच रहते हैं जिससे उनका सीधा वास्ता रहता है। ऐसे में मंत्री विधायक उन्हें जनता और अपने बीच का संवाहक मानें और उनके सुझाव, प्रस्ताव और आग्रह पर ध्यान दें। किसी भी कार्यकर्ता को इग्नोर नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा अगर हम करते हैं, तो समझिए हम पार्टी को नजरदांज कर रहे हैं। अपने उद्बोधन के साथ पाटिल ने सांसद-विधायकों को प्रजेंटेशन के जरिए ऑफिस मैंनेजमेंट, ऑफिस स्टॉफ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने खुद के ऑफिस के बारे में विधायक और सांसदों के जानकारी देते हुए वहां का वीडियो भी दिखाया।




## साहित्य सृजन



### सामयिकी

सिद्धांतों पर चलने का अब रास्ता बदल दिया है।
सदाचार पर बेइमानी ने जबसे दखल किया है।
मयखानों में भीड़ लगी है मंदिर मस्जिद खाली।
कुटिया बाती तेल बिना है बंगलों मे दिवाली।
गुलशन तड़प रहा पानी को गमलों में हरियानी।
धर्म सिसकता संगीनों में चोर करे रखवाली।
बिटिया का मंगलसूत्र जमा खोरों ने रेहन किया है...
धूल-धूसारित कर्णधार चीथड़ों में लिपटी काया।
उदासीन सब राज-काज धर्म
चक्र शर्माया।
आदर्श हुए सब अर्थ हीन हुए
खोखले नारे।
बहती कश्ती धार बीच छूटे
सभी किनारे ।



**डॉ. जबाहर सिंह, गहरवार हिनौता**



### हादसा

व्यथित करे है हादसा, लोग मरे बेमौत,
वायुयान में वो जले, गिरा भवन में फौत।
डोर रखे हैं साँस की, सबकी तो भगवान,
टलता सबका हादसा, हो प्रभु कृपा विधान।
जीवन में जो हादसा, समझो वो है घात ,
सावधान होकर बचे, होती असली बात।
वायुयान नीचे गिरा, किसकी थी ये चाल ?
तकनीकी था हादसा, या मानव का जाल ।
जिसने देखा हादसा, काँप उठे
दिल जान
विश्वासघात हो नहीं, बस
इतना अरमान ।
बड़ा हादशा देश में, शहर
अहमदाबाद,
लगा लाश का ढेर तो, भरा
देश अवसाद।



**रश्मि शुक्ला, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक रीवा**



### जाने कैसा कल होगा

कर्म करोगे जैसा साथी, वैसा ही प्रतिफल होगा।
आज बना लो आगम अपना, जाने कैसा कल होगा।।
बचपन में जिसने सिखलाया पग पग पर अपने चलना।
पकड़ के अंगुली राह बताई और शिखर पर भी चढ़ना।।
सिखलाया जो मात-पिता ने जीवन उससे हल होगा।
आज बना लो आगम अपना जाने कैसा कल होगा ।
जब तक हैं महसूस किया नाहिं मात-पिता का दुख
सहना।
बड़े हुए तुम बदल गए, अरु भूल
गए उनका कहना।
नहीं रहेंगे तब जानोगे कैसे-कैसे
छल होगा।
आज बना लो आगम साथी जाने
कैसा चल होगा।।



**डॉ. कमला पति गौतम, सीधी मप्र**



### क्या यही मैं हूँ ?

मद मस्त मगन हो काम में, गुनगुनाते गीत सुंदर ।
जाग उठती उद्वेलना, गहरे कहीं मन के भीतर।
सोचता हूं मन ही मन में क्या यही मैं हूँ ?
जब कहीं सुनसान वन में सर सराती हुई पवन में ।
होके चिंताग्रस्त बैठा , एक झोंका मन के अंदर ,
हलकोरता जैसा समंदर ।
सोचता हूँ मन ही मन में ,
क्या यही मैं हूँ ?कभी काम न
होने की चिंता,
कभी काम होने की चिंता ।काम
मे बंध सा गया हूँ ,
एक जाल में फंस सा गया हूँ ।



**शिवेन्द्र मिश्रा देवतहा, मनिकवार**



### हमें अब बचना होगा

बढ़ा आज व्यभिचार, हमें अब बचना होगा ।
बदल रहा संसार, हमें अब
बचना होगा ।।
फैला है छल झूठ, बना मानव
अब दानव ।
लोग करें धिक्कार, हमें अब बचना होगा ।।
मिटे आज आतंक,सुरक्षित अपना भारत ।
फैले नहीं विकार, हमें अब
बचना होगा ।।



**डॉ सुरेश कुमार मिश्र
रीवा**

# एसपी, एएसपी, सीएसपी व एसडीओपी ने थाना में किया सरप्राइज विजिट, जांचे दस्तावेज





**जागरण, सतना ।** पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार 14 जून की रात्रि 11 से प्रातः 05 बजे तक 'पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर, सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान, एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा' द्वारा जिले के विभिन्न थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना अमदरा एवम कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने के रिकॉर्ड, मालखाना,हवालात , सीसीटीवी कैमरा आदि चैक किया गयाए ड्यूटी में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से संवाद कर उनकी बीटध्माइक्रोबीट संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। इसी प्रकार सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा थाना देहात एवम बदेराए एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा द्वारा थाना अमरपाटन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा रात्रि गस्त में लगे स्टाफ एवम कांबिंग गस्त पार्टियों को भी चैक किया गया।





# विद्या भारती ने आचार्य दक्षता परीक्षा का किया आयोजन



**रीवा।** विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजनानुसार सभी जिला मुख्यालयों में शनिवार को एक साथ आचार्य दक्षता परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया। यह परीक्षा जिला केन्द्र विद्यालय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वतीपुरम जेलमार्ग रीवा में जिला सचिव नीरज खरे के मार्गदर्शन तथा जिला केन्द्र के प्राचार्य ज्ञानेन्द्र प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। विभाग समन्वयक रवि मिश्रा एवं केशव शिक्षा समिति के सह प्रादेशिक सचिव कमलेशचन्द्र अवस्थी ने केन्द्र पर उपस्थित रहकर परीक्षा सम्पन्न करायी यह परीक्षा विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में कार्यरत आचार्यों (शिक्षकों) की दक्षता, ज्ञान और शिक्षण कौशल में वृद्धि हेतु आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को विद्या भारती की शिक्षण पद्धति से परिचित कराना, नवीनतम शैक्षणिक विधियों की जानकारी देना तथा विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है। परीक्षा में रीवा एवं मऊगंज जिले के 384 आचार्य/दीदियों में से 361 सम्मिलित हुये तथा 23 अनुपस्थित रहे।

## 25 हजार तक की नौकरी देने आएंगी कई बड़ी कंपनियां

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा (18-48 वर्ष) तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

# ताइक्कांडो बच्चों में आत्मविश्वास और अनुशासन पैदा करता है : सिंह



**जागरण, रीवा।** ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार विंध्य ताइक्कांडो संघ द्वारा ओपन स्टेट ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ मानस भवन सभागार में पूर्व मंत्री रीवा महराजा पुष्पराज सिंह के मुख्यातिथि, वरिष्ठ समाजसेवी प्रहलाद सिंह, कांग्रेस नेता रमाशंकर सिंह पटेल, मानस मंडल अध्यक्ष सुभाष पांडेय, कैट प्रदेश सचिव अमरजीत सिंह लक्की, पार्षद मनीष नामदेव के विशिष्ट आतिथ्य में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल प्रशिक्षकों व ताइक्कांडो के राष्ट्रीय खिलाड़ियों तथा कोच की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत आयोजन सचिव राजू वर्मा कराटे, भोला तिवारी, अनिल मिश्रा, सुनील कोरी, पवन तिवारी व समिति के पदाधिकारियों, ताइक्कांडो के प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों ने किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार को स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम दौरान रीवा में मार्शल आर्ट, कराटे जूडो खेल के स्तंभ सुरेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय कोच लक्ष्मण सिंह, राजकुमार यादव, सतीश सिंह का सम्मान शॉल श्रीफल से अतिथियों के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह व रमाशंकर सिंह पटेल ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और आयोजन समिति के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू सहित सभी सदस्य पदाधिकारियों को आयोजन के लिए बधाई दी।

# नारायण तालाब मुक्तिधाम से हटा अवैध कब्जा



**जागरण, सतना।** शहर के नारायण तालाब स्थित मुक्तिधाम से रविवार को प्रशासन ने अवैध कब्जा हटा दिया। कार्रवाई एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में हुई। पुलिस और नगर निगम की अतिक्रमण शाखा भी मौके पर मौजूद रही। करीब 25 साल पहले जनसहयोग से बनाए गए इस मुक्तिधाम में पहले चुनका के पिता रहा करते थे। उनकी मृत्यु के बाद चुनका परिवार समेत यहां रहने लगा था। वह अंतिम संस्कार आने वाले लोगों से अवैध वसूली करता था। साथ ही उस पर नशे के अवैध धंधों से जुड़े होने के आरोप भी लगे हैं। सिंधु विकास समिति को चुनका की गतिविधियों को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। रविवार सुबह सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने कोलगवां थाने में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद एसडीएम ने मौके का निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया।

**शुरुआत में विरोध बाद में जगह खाली की :** चुनका शुरुआत में कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं था। उसने एसडीएम से कहा मैं यहीं पैदा हुआ मेरी शादी भी यहीं हुईए मैं मुक्तिधाम छोड़कर नहीं जाऊंगा। काफी समझाइश और बातचीत के बाद वह मुक्तिधाम खाली करने को राजी हुआ। प्रशासन ने करीब 5 घंटे चली कार्रवाई में कब्जा हटाया और मुक्तिधाम को अतिक्रमण मुक्त कराया।

# रामसागर तालाब का नहीं हटा अतिक्रमण तो किसान करेंगे आंदोलन : दल प्रताप



**जागरण, सतना ।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक विकासखंड रामपुर बघेलान द्वारा आयोजित मासिक बैठक में कई मुद्दों पर सघन चर्चा हुई जिस पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता दयशंकर द्विवेदी ने कहा कि दलदल गांव के रामसागर तालाब में अतिक्रमण कारियों द्वारा किया गया आक्रमण किसानों के बर्दाश्त से बाहर है क्योंकि इस तालाब से गांव के लिए पानी संचित होता है वहीं आक्रमणकारियों ने समूचे तालाब पर आक्रमण कर रखा है जिसे कई बार ज्ञापन के माध्यम से खाली करने के बाद कही गई मगर आज तक प्रशासनिक अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं कि अगर रामसागर तालाब का अतिक्रमण जल्द ही नहीं हटाया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक आंदोलन के लिए मजबूर होगा जिसके समस्त जवाबदार प्रशासनिक अधिकारी होंगे वहीं अध्यक्षता कर रहे भाण् किण् यूण् के ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह ने कहा कि सीमांकन बटवारे में राजस्व विभाग हीलाहवाली करता रहता है जबकि किसानों की खेती का समय नजदीक आ गया है मगर सीमांकन कार्य पूर्ण नहीं किया गया साथ ही बिजली की बड़ी समस्या है जिसे बिजली विभाग अनसुना करके किसानों को परेशान करने में तुला हुआ है अगर समय रहते उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो नाजायज बिजली बिल और बिजली कटौती के विरोध के साथ किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर किसान यूनियन अराजनैतिक धरने पर बैठेगा जिसके समस्त जवाबदार प्रशासनिक अधिकारी होंगे भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता दया शंकर द्विवेदी ब्लॉक अध्यक्ष दल प्रताप सिंह राजरखन सिंह महिला ब्लॉक अध्यक्ष ललिता सिंह गीत साकेत सुंदरलाल सिंह तेजभान सिंह रामाधार सिंह नरेंद्र सिंह लक्ष्मी रुक्मणी रमन पांडेय सहित अन्य किसान उपस्थित रहे और किसानों की समस्याओं पर गहन चर्चा की।

# राज्य खेल अकादमी में प्रवेश हेतु बॉक्सिग का हुआ ट्रॉयल



**जागरण, रीचा।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 म.प्र.राज्य बॉक्सिंग अकादमी भोपाल में प्रवेश के लिए 09 वर्ष से 18 वर्ष आयु वग तक के बालक-बालिका खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मेंअकादमियों में प्रवेश हेतु चयन ट्रॉयल लिया गया। चयन ट्रॉयल में रीवा जिले से मार्शल आर्ट्स बॉक्सिंग में 40 खिलाडियों ने भाग लिया, जिसमें 25 बालक व 15 बालिका चयन ट्रॉयल में सम्मिलित हुय। बॉक्सिंग ट्रॉयल में ऊंचाई, वजन, उम्र के हिसाब से बॉक्सिंग फाइट कराकर चयन निरीक्षण किया गया। चयन ट्रॉयल में भोपाल अकादमियों से आये हुये चयनकर्ता राष्ट्रीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक विजेता भरत पंसोरिया, खेल प्रशिक्षक कल्याण समिति द्वारा खेल में चयन किया गया। एम.के.धौलपुरी संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि चयनित खिलाड़ियों को 29 जून से 05 जुलाई तक टी.टी.नगर स्टेडियम में मार्शल आर्ट्स बाक्सिंग खेल में आदर्श भारती, सीनियर वर्ग, प्रवीण साहू सब जूनियर वर्ग में, शिवेन्द्र सिंह जूनियर वर्ग में, मिराज श्रीवास, सब जूनियर वर्ग में, मानस सिंह, सब जूनियर वर्ग में एवं बालिका वर्ग, पलक गुप्ता जूनियर वर्ग में स्मृति चौधरी सब जूनियर वर्ग में 07 खिलाड़ियों का चयन किया गया।

# सज्जनपुर मंडल के ग्राम सोनौरा में मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न



**जागरण, सतना।** पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज सज्जन पुर मंडल के ग्राम सोनौरा में नुक्कड चौपाल के मध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की के विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11साल के कार्यकाल ने सरकार के उपलब्धियों के बारे मे मंडल चौपाल लगाकर 2047 का संकल्प पत्र भराकर कार्यक्रम किया गया वा एक पेड़ मां के नाम के तहत बृहद वृक्षारोपण का कार्य किया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता बालेंद्र गौतम जी वा मंडल अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह परिहार ने सरकार की जन कल्याण के योजनाओं के बारे में विस्तार से बात की संपूर्ण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक कोल जी महामंत्री मुन्नीलाल द्विवेदी धर्मदास द्विवेदी ओंकार द्विवेदी रामजी पांडेय अलकेश द्विवेदी रवेंद्र सिंह पंकज द्विवेदी सुरेंद्र सिंह शेषमण्डी द्विवेदी रमादी द्विवेदी राज भान गौतम दुर्गेश अग्निहोत्री प्रभाकर पांडेय ज्ञानी शुक्ला नन्द लाल कोल राम प्रसाद कोल रामदेव दहिया सुंदर कोल दिगपाल सिंह भूपेंद्र शुक्ला रामराज सिंह पन्ना लाल सिंह रामकिशोर कोल अन्य पार्टी कार्य करता उपस्थित रहे।

# डिजिटल भुगतान प्रक्रिया के लिए गृहणियों का हुआ सेमीनार

## सीए इंस्टिट्यूट की सतना शाखा ने किया आयोजन



**जागरण, सतना।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फाइनेंसियल एन्ड टैक्स डायरेक्टरेट के जन जागरूकता हर जनए हर मनए वित्तीय ज्ञान से सम्पन्न अभियान के अंतर्गत इंस्टीट्यूट की सतना शाखा द्वारा गृहिणियों के लिए डिजिटल भुगतान रू प्रक्रिया एवं सुरक्षा उपायष् विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन शाखा भवन में किया गया। इस सेमिनार में सीए निष्ठा अग्रवाल एवं सीए स्नेह भोजवानी ने महिलाओं को डिजिटल भुगतान की प्रक्रिया उसके लाभसावधानियाँ एवं साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सेमिनार के वक्ताओं ने उपस्थित गृहिणियों एवं समाजसेवी महिला संगठनों की सदस्यों ने डिजिटल लेन.देन सम्बन्धी कई सवाल और शंकाओं का समाधान भी किया गया इस अवसर पर इनरव्हील क्लब सतना की अध्यक्षा श्रीमती वर्षा कटारेए वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती मनीषा सिंहए इनरव्हील क्लब उद्गम सतना की अध्यक्षा श्रीमती पलक केशरवानी एवं अग्रवाल महिला मंडल सतना की अध्यक्षा श्रीमती शशि अग्रवाल को सीए इंस्टिट्यूट की सतना शाखा की प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीए इंस्टिट्यूट की सतना शाखा के अध्यक्ष सीए विराम जैन , उपाध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल , सचिव सीए रवि प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए अभिषेक कामदार ,कार्यकारिणी सदस्य सीए प्रशांत नायक एवं सीए महान गुप्ता विभिन्न महिला सामाजिक संगठनों की सदस्याएँ, गृहिणियाँ तथा कई चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे।

# नियमों को ताक पर रख संचालित किए जा रहे निजी विद्यालय

## कहीं खेल मैदान नहीं तो कहीं स्कूल में लोग कर रहे निवास

जागरण, रीवा

निजी स्कूलों में आमतौर पर बेहतर शैक्षणिक माहौल, आधुनिक सुविधाएं, व्यक्तिगत ध्यान देने की सुविधा होती है। इसके अलावा स्कूलों में बुनियादी ढांचा, योग्य शिक्षक, कुछ शैक्षणिक मानक, स्कूलों में कक्षाएं, खेल मैदान, शौचालय व पीने के पानी की सुविधा जैसी बुनियादी सुविधाएं होना अनिवार्य है, किन्तु शहर में संचालित निजी स्कूलों में से कई स्कूलों में ये सुविधाएं नदारद हैं, इसके बाद भी स्कूलों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। आश्चर्य की बात है कि आवश्यक सुविधाओं पर खरे नहीं उतर रहे ऐसे विद्यालयों को शिक्षा प्रशासन स्कूल संचालन करने की अनुमति भी दे रहा है। जबकि वर्तमान स्थिति यह है कि शिक्षा व्यवसाय बन चुकी है और गली-गली में स्कूलों का संचालन होने लगा है। जिससे सरकारी स्कूलों का स्तर नीचे गिर चुका है।

**वसूल रहे मनमानी फीस :** शहर के लगभग प्रत्येक मुख्य मार्ग, गली-मोहल्ले, वार्ड व बस्तियों में भी स्कूलों का संचालिन किया जा रहा है। कोई स्कूल संचालक अपने घर में स्कूल भी संचालित कर रहा है और वहीं निवास भी कर रहा है। किसी के पास खेल मैदान नहीं है, कहीं योग्य शिक्षक नहीं हैं। बात करें फीस की तो निजी स्कूल संचालकों द्वारा अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली जा रही है। जिसका अभिभावकों की जेबों पर अतिरिक्त भार पड़ता है। ऐसी ही त्रिदण्डी नगर के पीछे स्थित फूलमती माता मंदिर के समीप ब्रेन डिस्कवरी ग्लोबल स्कूल संचालित की जा रही है। यहां पर खेल मैदान भी नहीं है और स्कूल के प्रथम तल पर कोई निवास भी करता है। ये महज एक उदाहरण है,शहर भर में निजी स्कूलों की पड़ताल की जाए तो कईयों इस प्रकार के स्कूल सामने आएंगे, जो नियमों का पालन नहीं कर रहे। इस संबंध में कुछ अभिभावकों से चर्चा हुई, उन्होंने नाम तो नहीं बताया किन्तु इतना जरूर कहा कि वर्तमान में निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने का फैशन सा बन गया है, बच्चों के साथ ही घर के सदस्य भी निजी विद्यालय में प्रवेश दिलवाने के लिए एकमत होते हैं, जबकि यहां फीस भी मुंहमांगी वसूली जाती है, शासकीय विद्यालयों में सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन शिक्षा नहीं मिलती। शासन को निजी विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार फीस निर्धारण करना चाहिए, जिससे अभिभावकों की जेबों पर अधिक भार न पड़े।

# मोदी के शासनकाल में पूरे देश का हुआ कायाकल्पः वीरेंद्र गुप्ता



**रीवा।** भाजपा की मंडल स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा संपन्न हुई जिसम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बनकुइयां मण्डल की भारत संकल्प सभा भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संपन्न हुई जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता पूर्व विधायक सेमरिया के पी त्रिपाठी पूर्व विधायक त्योंथर श्यामलाल द्विवेदी ने सम्मिलित होकर सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर यह अभियान देश के कोने-कोने तक सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों, योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय जनपद अध्यक्ष संगीता राजेश यादव वरिष्ठ नेता दयानंद तिवारी सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव सहित अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

वर्ष 72 अंक 258 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 16 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"युद्ध एक भयानक भूल है। युद्ध से किसी का भला नहीं होता, केवल विनाश होता है।
- ओशो

# इजराइल का ईरान के 80 ठिकानों पर हमला

## ईरानः 152 मौत, 500 घायल | इजराइलः 10 मौत, 200 घायल

**येरूशलम/तेहरान, जेएनएन।** ईरान और इजराइल के बीच जंग और भड़कने की आशंका पैदा हो गई है। ईरान ने इजराइल की पोर्ट सिटी हाइफा पर रविवार तड़के जोरदार हमला बोला, जिसके बाद इजराइल ने ईरान के कई शहरों को निशाना बनाया। ईरान में अब तक 152 लोग मारे गए हैं जबकि पांच सौ से ज्यादा घायल हैं। ईरान के जवाबी हमले में इजराइल में 10 नागरिकों की मौत हुई है जबकि 200 घायल हैं।

इजराइली सेना ने कहा है कि उसने तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया और सात परमाणु ठिकानों पर हमला किया। उसने 50 फाइटर जेट से ईरान के 80 ठिकानों पर हमला किया। इस बारे में ईरान की ओर से कोई बयान नहीं आया है। इस बीच इजराइल के खुफिया अधिकारी रोनेन बार ने शिन बेट सुरक्षा एजेंसी के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। पीएम नेतन्याहू ने ताजा स्थिति पर सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग सोमवार को होगी।

### इराक बोला- इजराइल के हमलावर विमानों को आने से रोके अमेरिका, नहीं तो दिया जाएगा जवाब

इराक ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह इजराइली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर ईरान पर हमला करने से रोके। इराकी सशस्त्र बलों के कमांडर सबा अल-नुमान ने कहा कि अमेरिका अपना दायित्व निभाए। नुमान ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत इराक को किसी भी पक्ष द्वारा अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब देने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करने का अधिकार है। अगर इजराइल इराकी हवाई क्षेत्र का अतिक्रमण करेगा तो उसको जवाब दिया जाएगा।

### हाइफा पोर्ट को कोई नुकसान नहीं पहुंचा : अडाणी समूह

ईरान के हमले में इजराइल में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 200 लोग घायल हैं। यमन के हूती विद्रोहियों ने भी दावा किया है कि उन्होंने ईरान के साथ मिलकर इजराइल पर एक साथ कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। सबसे बड़ा हमला इजराइल की पोर्ट सिटी हाइफा पर किया गया है। ईरान ने इस शहर पर करीब 70 मिसाइलें दागीं। इससे शहर को नुकसान पहुंचा है। हाइफा पोर्ट को भी भारी नुकसान पहुंचने का दावा किया जा रहा है। गौरतलब है कि इजराइल के इस सबसे बड़े बंदरगाह के मालिक भारत के उद्योगपति गौतम अडाणी हैं। यह पोर्ट अडाणी पोर्ट लिमिटेड कंपनी के तहत संचालित है। रविवार को अडाणी पोर्ट ने एक बयान जारी कर कहा है कि हाइफा पोर्ट को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

### भारत-पाकिस्तान की तरह डील करें ईरान-इजराइलः ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा है कि इजराइल और ईरान को भारत और पाकिस्तान की तरह आपस में समझौता करना चाहिए। उन्होंने यह भी दावा किया कि दोनों देशों के बीच शांति समझौता जल्द हो सकता है। अब भी इजराइल और ईरान के बीच शांति लाने के लिए कई बातचीत और मुलाकातें हो रही हैं। मैं बहुत कुछ करता हूं, क्रेडिट नहीं लेता लेकिन कोई बात नहीं, लोग समझते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पहले भी भारत-पाकिस्तान और सर्बिया-कोसोवो के बीच तनाव कम करने में मदद की थी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान गलती से अमेरिका पर हमला करता है तो उसे सबक सिखाया जाएगा।

# भाजपा के शासनकाल में यूपी दंगा मुक्त हुआः शाह

**लखनऊ, जेएनएन।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को एक समारोह में उत्तर प्रदेश पुलिस के नव-नियुक्त सिपाहियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके बाद शाह ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब दंगा मुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले तीन साल से एक भी दंगा नहीं हुआ।



उन्होंने कहा कि सामाजिक शांति के बिना विकास संभव नहीं है। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को उत्तर प्रदेश के सीएम से सीखना चाहिए कि शांति किस तरह स्थापित की जाती है। एक समय यूपी की पहचान दंगों से होती थी। हर दिन कहीं न कहीं, कोई न कोई दंगा होता रहता था। उस समय की सरकारें दंगाइयों को संरक्षण देती थीं। अब हालात बदल गए हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में इतिहास की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती हुई है। एक ही दिन 60 हजार 244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षित उत्तर प्रदेश का संकल्प सिद्ध हो रहा है और युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं।

## ब्रिटेन के लड़ाकू विमान एफ-35 की इमरजेंसी लैंडिंग

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** ब्रिटिश रॉयल एयरफोर्स के फाइटर जेट एफ-35 की शनिवार रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। भारतीय वायुसेना ने कहा कि उसे इसकी पूरी जानकारी है और सुरक्षा कारणों से विमान उतरने में मदद की। एफ-35 ने हिंद महासागर से उड़ान भरी थी, लेकिन फ्यूल कम होने के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। वायुसेना के प्रवक्ता ने कहा, यह सामान्य घटना है। जेट को सभी प्रकार की सहायता दी जा रही है और हम सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल एयरपोर्ट पर खड़ा है। स्थानीय मीडिया का दावा है कि एफ-35 समुद्र की खराब स्थिति के कारण 100 समुद्री मील दूर अपने कैरियर पर वापस नहीं लौट सका।

# विदर्भ में अटका मानसून, 20 तक पहुंचेगा मध्य प्रदेश

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र के विदर्भ में अटक गया है। मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी के अनुसार, सिस्टम के कमजोर पड़ जाने के कारण मानसून आगे नहीं बढ़ पा रहा है। पहले जहां प्रदेश में इसके 17 जून तक पहुंचने की संभावना थी, अब वह बढ़कर 20 जून हो गई है। करीब पांच से छह दिन बाद प्रदेश के छिंदवाड़ा और बालाघाट के रास्ते मानसून प्रदेश में एंटर हो सकता है। इससे पहले प्रदेश के कई जिलों में प्री-मानसून गतिविधियां जारी हैं। बीते 24 घंटे में 28 शहरों और जिलों में बारिश दर्ज की गई है। जिस कारण मौसम में कुछ ठंडक हो गई है।

**खंडवा में 2.5 इंच से ज्यादा बारिशः** वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण प्रदेश में बारिश हो रही है। जिसका पूरे प्रदेश पर देखने को मिल रहा है। रविवार को खंडवा में 67 मिली मीटर यानी 2.5 इंच से ज्यादा बारिश हुई है। इसके बाद छिंदवाड़ा और दमोह में 42-42 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है।

### आज के लिए इन जिलों में बारिश का अलर्ट

खंडवा, बड़वानी, अलीराजपुर बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खरगौन, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपरकलां।

## ग्वालियरः दो साल से थी अनबन

# प्रेमी ने प्रेमिका के घर के आगे खुद को आग लगाई

**जागरण, ग्वालियर।** प्रेमी ने दो साल से बात नहीं कर रही प्रेमिका के घर के सामने पेट्रोल डालकर खुद को फूंक डाला। जब तक लोग बचाने आए युवक 75 फीसदी जल चुका था। जयारोग्य अस्पताल में इलाज के दौरान उसने रविवार को दम तोड़ दिया। सिकंदर कंपू के पास पटिया वाले बाबा मोहल्ले में रहने वाला 24 साल का अजय कुशवाहा मोहल्ले की ही युवती से प्रेम करता था। दोनों एक-दूसरे को करीब 9 साल से जानते थे, लेकिन पिछले दो साल से दोनों में अनबन चल रही थी। अजय के बारबार आग्रह के बाद भी युवती शादी करने राजी नहीं हो रही थी। इसके चलते अजय ने शनिवार की मध्य रात्रि में युवती के घर के सामने पहुंचकर खुद पर पेट्रोल डाला और आग लगा ली। मोहल्ले के लोगों ने माधौगंज थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। रविवार को उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# इसरो का पहला पेलोड प्रक्षेपण कामयाब

## अंतरिक्ष कार्यक्रम में बच्चों की रुचि के लिए कुशीनगर से की गई लॉन्चिंग

**कुशीनगर, जेएनएन।** कुशीनगर में इसरो और इन-स्पेस के सहयोग से एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा एक रॉकेट का परीक्षण किया गया है। इसमें खास बात यह रही कि इस रॉकेट के साथ एक पेलोड को भी भेजा गया है। यह ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। यह मॉडल राकेट शनिवार की शाम पांच बजकर 14 मिनट पर लॉन्च किया गया जो 1.11 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचा। यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र और पूरे देश के बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के लिए आयोजित किया गया था। प्रक्षेपण के लिए कुशीनगर का चुनाव भी इसीलिए किया गया।



यह पहली बार है जब राज्य से रॉकेट के जरिए कोई पेलोड प्रक्षेपित किया गया। टेस्टिंग स्थल पर मौजूद इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने कहा, प्रक्षेपण के बाद एक छोटा उपग्रह (पेलोड) बाहर आया। जैसे ही यह पांच मीटर नीचे आया, इसका पैराशूट सक्रिय हो गया और उपग्रह जमीन पर 400 मीटर की दूरी पर उतर गया। पंद्रह किलोग्राम का रॉकेट भी सुरक्षित रूप से नीचे उतरा।

इन-स्पेस संवर्धन निदेशालय के निदेशक विनोद कुमार ने भी इस टेस्टिंग की सफलता की पुष्टि की। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र और पूरे देश के बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के लिए आयोजित किया गया है। यह पहली बार है जब उत्तर प्रदेश में रॉकेट द्वारा सीधे उपग्रह प्रक्षेपित किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। इन-स्पेस अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) के तहत संचालित एक स्वायत्त निकाय है। थ्रस्ट के अधिकारियों ने परीक्षण को पूरी तरह सफल बताते हुए कहा कि यह अक्टूबर-नवंबर के लिए नियोजित एक बहुत बड़े अभ्यास का पूर्वाभ्यास था। इस दौरान लगभग 900 छात्रों द्वारा निर्मित उपग्रहों का परीक्षण किया जाएगा।

## लालू यादव को एससी-एसटी आयोग का नोटिस

**पटना, जेएनएन।** डॉ. अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए बिहार अनुसूचित जाति आयोग ने लालू यादव को रविवार को नोटिस भेजा है। आयोग ने 15 दिन के अंदर उनसे जवाब मांगा है। साथ ही एससी/ एसटी एक्ट के तहत राजद सुप्रीमो पर केस दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है। दरअसल, जन्मदिन के मौके पर एक कार्यकर्ता ने लालू प्रसाद को उपहार में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर भेंट की। इस दौरान वह तस्वीर लालू के पैर के पास रख देता है, लेकिन लालू न तो तस्वीर को हाथ लगाते हैं और न ही उठाते हैं। यह वीडियो वायरल हो रहा है। राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने इसे डॉ अंबेडकर का अपमान बताया है। आयोग ने पत्र के जरिए लालू से स्पष्टीकरण मांगा है।



# शादी का झांसा देकर मारपीट कर धनराशि लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश



**जागरण बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश प्राप्त होने पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के निर्देशन व एसडीओपी देवसर राहुल सैयाम के कुशल मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरी.जितेन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में थाना सरई पुलिस टीम द्वारा थाना सरई क्षेत्रान्तर्गत शादी का झांसा देकर राज्य के अन्य जिले से व्यक्तियो को बुलाकर धनराशि लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर आरोपियो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है । 13 को फरियादी देशराज राय पिता शंकरलाल राय 30 वर्ष निवसी ग्राम कदवाया थाना कदवाया जिला अशोकनगर का उपस्थित होकर थाना में रिपोर्ट लेख कराया कि ग्राम धुम्माडोल निवासी रमेश जायसवाल उसे शादी के लिये लडकी देखने के लिये बुलाया था । 12 को जब वह अपने रिस्ते भाई के साथ लडकी देखने आया तो उसे एक घर में ले जाकर रमेश जायसवाल एवं उसके अन्य 6 साथी गाली गफ्तार कर मारपीट किये एवं झूठे अपराध में फसाने की धमकी देते हुये स्कारपीओ वाहन में बैठाकर फरियादी एवं उसके भाई को गजराबहरा के पास जगंल में ले जाकर मारपीट कर 8600 रुपये जबरन लूट लिये तथा 1 लाख रुपये की मांग किये कि अगर अगले दिन एक लाख रुपये नही दिया तो छेडखानी के जुर्म फसा देंगे तथा यह बात किसी को बतायी तो यहा से जिन्दा नही जा पाओगे । रिपोर्ट पर अपराध सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर दो नफर आरोपी अनिल कुमार जायसवाल पिता रामचन्द्र जायसवाल 21 वर्ष एवं राजकली जायसवाल पति अनिल कुमार जायसवाल 20 वर्ष दोनो निवासी गोरा थाना सरई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है शेष अन्य आरोपियो की पता तलास व प्रकरण में भूमिका के सबंध में विवेचना जारी है ।

# एनसीएल एवं कृति महिला मंडल की पहल पर 5 दिव्यांगजनों को मिला ई-रिक्शा



## रेडक्रॉस द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा चयनित लाभार्थी हुए लाभान्वित

**जागरण बैढ़न।** एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली में आज एक उल्लेखनीय नैगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत पांच अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को ई.रिक्शा प्रदान किए गए। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना जिससे उनका जीवकोपार्जन हो सके । यह पहल कृति महिला मंडल एनसीएल सिंगरौली के सौजन्य से संपन्न हुआ । ई.रिक्शा प्राप्त करने वाले सभी लाभार्थियों का चयन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ; द्वारा किया गया। इनमें से तीन दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी क्त्रबू द्वारा प्रदान किए गए हैं जो कि उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के चेयरमैन एस. डी. सिंह द्वारा दिव्यांगजनों के समग्र विकास एवं पुनर्वास हेतु समय.समय पर दिशा.निर्देश दिए जाते रहे हैं। संस्था के सचिव डॉ. डी.के.मिश्रा ने भी दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सक्रिय प्रयासों का आह्वान किया था। यह समर्पित प्रयास आज मूर्तरूप में सामने आया। इस कार्यक्रम में एनसीएल सीएसआर प्रमुख राजीव रंजन की विशेष भूमिका रही जिनकी संवेदनशीलता एवं तत्परता के कारण यह कार्य अत्यंत सहजता से संपन्न हो सका। उन्होंने दिव्यांगजनों के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट करते हुए इस प्रकार की पहल को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। जिले के कलेक्टर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली के अध्यक्ष चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में दिव्यांगजनों के समग्र पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक एवं ठोस प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह पहल न केवल दिव्यांगजनों के जीवन में नवचेतना का संचार करेगी बल्कि समाज को भी यह संदेश देगी कि यदि संकल्प और सहयोग हो तो हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है।


**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)**

कार्यालय दूरभाष नं. 07662-241655 ई-मेल - deanmcrewa@rediffmail.com
वेबसाईट- https://www.ssmcrewa.ac.in

क्रमांक 17181 /स्था/अराज/एमसी/2025 रीवा, दिनांक 13.06.2025

**//सूचना//**

कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल (म.प्र.) द्वारा **"समूह-5 के अंतर्गत नर्सिंग स्टॉफ, पैरामेडिकल स्टॉफ व अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024"** के अधीन श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) एवं संबद्ध चिकित्सालयों में रिक्त पदों की पूर्ति के अनुक्रम में मण्डल द्वारा दिनांक 29.04.2025 को जारी परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रतीक्षा सूची में रहे अभ्यर्थियों (संलग्न) को निर्देशित किया जाता है कि नीचे दी गई तालिका में दर्शित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक-एक नग स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ निम्नलिखित तिथि एवं समय को चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा के सभाकक्ष (भू-तल) में उपस्थित होना सुनिश्चित करें:-

| स.क्र. | पदनाम | तिथि एवं समय | आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | रेडियोग्राफिक टेक्नीशियन/रेडियोग्राफर | 23.06.2025 प्रातः 10:30 बजे | 1. ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति।<br>2. परीक्षा हॉल में सत्यापित प्रवेश पत्र की मूल प्रति।<br>3. परीक्षा परिणाम की प्रति।<br>4. हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची।<br>5. हायर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) की अंकसूची।<br>6. संबंधित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के समस्त वर्षो/सेमेस्टर्स की अंकसूचियां।<br>7. संबंधित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम का डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट।<br>8. मध्यप्रदेश सह-चिकित्सकीय परिषद् का जीवित पंजीयन।<br>9. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र। (म.प्र./अन्य राज्य)<br>10. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. राज्य का स्थायी जाति/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र।<br>11. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. राज्य का वैद्य आय प्रमाण पत्र। (केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु)<br>12. शासकीय/स्वशासी/अर्द्धशासकीय/निगम/मंडल इत्यादि संस्थाओं में कार्यरत् होने की दशा में नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र। (यदि लागू हो तो)<br>13. म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन।<br>14. पहचान प्रमाण पत्र- पासपोर्ट/आधार कार्ड/पेन कार्ड/वोटर आई.डी./ड्राइविंग लाइसेंस। (कोई 02)<br>15. 02 रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, जो आवेदन पत्र में लगाई गई हों।<br>16. अभ्यर्थी के अविवाहित होने अथवा विवाहित होने की स्थिति में दिनांक 26.01.2001 के बाद दो से अधिक जीवित संतान नहीं होने संबंधी रू. 100/- के स्टाम्प में नोटराईज्ड घोषणा पत्र। |
| 2. | डार्करूम असिस्टेंट | | |
| 3. | लैब असिस्टेंट | | |
| 4. | आप्टोमेट्रिस्ट | | |
| 5. | निश्चेतना टेक्नीशियन | | |
| 6. | डायलिसिस टेक्नीशियन | | |

संलग्नः- उपरोक्तानुसार।

(डॉ. सुनील अग्रवाल)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

जी-14385/25


# दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु किया ई-रिक्शा का वितरण

**जागरण सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने मुख्यालय में आज आयोजित एक कार्यक्रम में दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु 5 ई.रिक्शा का वितरण किया। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड परिवार की प्रथम महिला एवं कोल इंडिया लिमिटेड ऑफिसर्स वाइव्स समिति सिलोव्स की अध्यक्षा श्रीमती पी.विमला प्रसाद सिलोव्स की उपाध्यक्षा श्रीमती रेणुका वर्मा श्रीमती अर्चना चौधरी श्रीमती नंदिनी त्रिपाठी श्रीमती निधि अग्रवाल एवं श्रीमती श्रीपर्णा घटक उपस्थित रहीं। साथ ही कृति महिला मंडल व ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती बी. के.दुर्गा एवं उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता कुमार श्रीमती संगीता नारायण श्रीमती शोभा मलिक श्रीमती वीणा सिंह व सिलोव्स एवं कृति महिला मंडल की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में लाभार्थियों ने ई.रिक्शा पाकर एनसीएल को धन्यवाद किया। गौरतलब है कि एनसीएल ने हाल ही में सीएसआर के तहत सिंगरौली व सोनभद्र के दिव्यांगजनों को कृत्रिम सहायता और उपकरण प्रदान करने हेतु सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिंगरौली मध्य प्रदेश के साथ एमओयू किया। हैं। जिसके तहत एनसीएल द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सिंगरौली का वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा ।

## नन्हें बच्चों को मिली किड्स ज़ोन की सौगात

आज सुबह एक अन्य कार्यक्रम में सिलोव्स अध्यक्षा श्रीमती पी. विमला प्रसाद एवं अन्य द्वारा एनसीएल मुख्यालय के सीईटीआई खेल परिसर में एनसीएल परिवार के बच्चों के लिए किड्स जोन का उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित किड्स ज़ोन का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और गैजेट्स की दुनिया से बाहर निकालकर उन्हें खेल.कूद रचनात्मकता और सामाजिकता की ओर प्रेरित करना है। साथ ही इस दौरान सिलोव्स अध्यक्षा एवं उपाध्यक्षाओं के द्वारा एक पेड़ मां के नाम् अभियान के तहत सीईटीआई परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।


**कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला मऊगंज (म.प्र.)**

पत्र क्र. 64 /प्रका./भू-अर्जन/2025 मऊगंज, दिनांक /05/2025

प्रकरण क्रमांक 03/अ-82/2024-25 भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना यूनिट -1 अन्तर्गत डी.बी. निर्माण कार्य हेतु ग्राम सूजी तहसील मऊगंज स्थित भूमि के अर्जन अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख 21.07.2023 से एक वर्ष की अवधि के भीतर लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिकारियों/कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण भू-अर्जन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की जा सकी। अतः अधिनियम की धारा 25(2) के तहत घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के कंडिका क्रमांक (4) में वर्णित भूमि कंडिका क्रमांक (6) में वर्णित लोक प्रयोजन के लिये अपेक्षित है, जिनकी भू-अर्जन की कार्यवाही पूर्ण कर अधिनिर्णय करने हेतु 12 माह की अवधि बढ़ाई जाती है।

**अनुसूची**

| भूमि का वर्णन | | | कुल अर्जित निजी भूमि क्षेत्रफल हेक्टेयर में | | धारा 12 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकवा | | |
| रीवा | मऊगंज | सूजी | 213<br>348<br>556 | 0.001<br>0.001<br>0.001 | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना संभाग रीवा | डी.बी. निर्माण कार्य हेतु |

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, मऊगंज में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(बी.डी.तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना उप संभाग क्र. 1
मनगवाँ, जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी.मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार जैन)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
जिला मऊगंज (म.प्र.)

जी-14387/25



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



## मकान बेचना है

30x34 का प्लॉट जिसमें 4 कमरे 1 किचेन, 3 लैट बाथ एक पोर्च एवं बोर, सप्लाई नल कनेक्शन सहित मकान शीघ्र बेचना है। पता- विश्वविद्यालय रोड राइस मिल के पास कैलाशपुरी रीवा।
मो. 9243282291
6269362037
RN. 82634 (30/6)



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -
8962086944


## धूल भरी आंधी ने किया नगर को तहस-नहस, बिजली आपूर्ति ठप

**पवई ।** पवई नगर में रविवार की शाम लगभग 7 बजे आई अचानक धूल भरी आंधी ने पूरे इलाके में तबाही मचा दी। तेज रफ्तार हवाओं के साथ आई इस आंधी ने नगर को बुरी तरह प्रभावित किया। कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, और दुकानों को नुसकान हुआ। धूल के गुबार से कुछ ही मिनटों में आसमान ढक गया और दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे लोगों को घर लौटने में भारी परेशानी हुई। तेज आंधी के कारण नगर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जिससे अंधेरे में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की टीमें आपूर्ति बहाल करने में जुटी हैं।

## ग्राम बनौली के धार्मिक स्थल पर फैली गंदगी से लोग परेशान, प्रशासन मौन

**पवई/बनौली।** एक ओर जहाँ भारत सरकार स्वच्छ भारत जैसे महत्वाकांक्षी अभियान को गाँव-गाँव तक पहुँचाने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर पवई जनपद के अंतर्गत ग्राम बनौली में स्थित भगवान हरदौल के धार्मिक स्थल से लेकर जानकी रमण मंदिर तक गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। ग्राम के पुराना बाजार क्षेत्र में यह पवित्र धार्मिक स्थल वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, लेकिन वर्तमान में यह जगह भारी गंदगी और कूड़े-कचरे से अटी पड़ी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यहाँ कई सालों से पंचायत द्वारा कोई सफाई कार्य नहीं कराया गया है, जिससे स्थिति दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदगी से उठ रही बदबू इतनी भयंकर हो गई है कि लोगों ने उस मार्ग से आना-जाना ही बंद कर दिया है। यह न केवल धार्मिक भावनाओं का अपमान है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। गांव के लोगों ने कई बार पंचायत सचिव और सरपंच से इस समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और प्रशासन की निष्क्रियता से लोगों में भारी आक्रोश है।


**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) जिला सीधी (म.प्र.)**

क्रमांक/936 /निर्माण/ज.जा.का.वि./2025-26 सीधी, दिनांक 11.06.2025

**ई-निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन/विद्युत कार्य, एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियाँ http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 16.06.2025
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 30.06.2025
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करनें की अंतिम तिथि - 30.06.2025
4. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खोलनें की तिथि - 02.07.2025

| क्र. | NIT No. | Online Tender id-No. | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करनें तिथि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 910 | 2025_TAD_430295_1 | शासकीय आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास पोस्ता का भवन निर्माण मय विद्युतीकरण एवं अन्य कार्य | रामपुर नैकिन | 15000/- | 339.02 | 339029.00 | 12माह वर्षा ऋतु सहित | नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत |

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें, पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी-14379/25

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग
जिला-सीधी (म.प्र.)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 07/2025-26 सीधी, दिनांक 12.06.25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : -

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_430474 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत पुलिस लाईन सीधी में पुलिस अधीक्षक बंगला क्र. 131 का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.23 | 1. 8460<br>2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB_430476 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत पुलिस लाईन सीधी में डी.एस.पी. बंगला क्र. 132 का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.22 | 1. 8440<br>2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB_430478 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत सिविल लाईन सीधी में मजिस्ट्रेट बंगला एफ टाईप क्र. 225 (क) का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.18 | 1. 8360<br>2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2 02 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 12.63 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 17.06.2025 सुबह 10.30 से 04.07.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा-अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जी-14374/25

(एम.के.परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website - www.mppwd.gov.in/pwdmp, email - eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 06/2025-26 सीधी, दिनांक 12.06.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : -

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_PWDRB_430473 | उपसंभाग मझौली के उपखण्ड कुसमी अन्तर्गत भदौरा से शंकरपुर इन्द्रपाल शुक्ला के घर तक पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। लम्बाई 4.00 कि.मी. लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 396.20 | 1. 396200<br>2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण<br>2 06 माह वर्षाकाल सहित |
| | | योग :- | 396.20 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 18.06.2025 सुबह 10.00 से 08.07.2025 शाम 6.00 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी बिड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ एवं ब), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. उक्त सभी कार्य म.प्र. शासन लो.नि.वि. मंत्रालय भोपाल के आदेश क्र. एफ 53/02/2011/यो/19/524 भोपाल, दिनांक 14.02.2025 के अनुसार एस.ओ.आर. से 20 प्रतिशत से अधिक कम दर (Rates Below SOR Beyond 20%) डालने पर दोगुनी दर से अतिरिक्त परफारमेन्स गारंटी की राशि जमा करनी होगी, जो कि सिर्फ एफ.डी.आर. के रूप में मान्य होगी।
4. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
5. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जी-14370/25

(एम.के.परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)



**कार्यालय कलेक्टर जिला रीवा एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

**-: अधिसूचना :-**

पत्र क्र. 386 प्रवा./ भू-अर्जन /2025 रीवा दिनांक 10.06.2025

चूकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित भूमि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है | अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 19 के अंतर्गत इसके द्वारा घोषित किया जाता है कि निजी/शासकीय भूमि पर स्थित सपत्ति के अर्जन हेतु आवश्यकता है :-

|| अनुसूची ||

भूमि का विवरण :-
जिला - रीवा
तहसील - मनगंवा
ग्राम - इटहा
क्षेत्रफल - 0.128 हे.

| क्र. | खसरा क्र. | अर्जित रकबा (में .हे) |
|---|---|---|
| 1 | 24/7 | 0.028 |
| 2 | 24/8 | 0.073 |
| 3 | 24/6 | 0.027 |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है - " बाणसागर नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत पी. एच - 2पंहुच मार्ग के निर्माण " में आने वाले निजी / शासकीय भूमि एवं उस पर स्थित संपत्तियों के अर्जन हेतु |
2. भूमि का नक्सा (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर जिला रीवा के कार्यालय में देखा जा सकता है |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(एम.एल. वाडेकर)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्रमांक 3, मनगंवा जिला रीवा (म.प्र.)

(बी.पी. मिश्रा )
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
संभाग रीवा (म.प्र.)

(प्रतिभा पाल)
कलेक्टर
जिला रीवा एवं पदेन उपसचिव
म.प्र.शासन राजस्व विभाग

जी-14366/25

# पंचायतों में ऑडिट करने वाली संस्था ने दिया ठेका

जागरण मनमानी

## सुविधा शुल्क के बल-बूते रिकार्डो का सत्यापन

### जिले की चारों जनपदों में चल रहा आडिट का कार्य



जागरण, सीधी

जिले की ग्राम पंचायतों का ऑडिट करने का कार्य राज्य स्तर से सीए फर्म लक्ष्मी तृप्ति एसोसिएटस भोपाल को मिला है। ऑडिट करने वाली संस्था द्वारा स्वतः ग्राम पंचायतों में रिकार्डो का सत्यापन करने की बजाय स्थानीय स्तर पर ऑडिट का कार्य ठेका पर दे दिया है। लिहाजा ठेका लेने वाले लोग सुविधा शुल्क के बल-बूते ग्राम पंचायतों में रिकार्डो का सत्यापन करते हुए प्रमाणपत्र दे रहे हैं। राज्य स्तर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के वित्तीय अंकेक्षण कार्य हेतु सीए फर्म लक्ष्मी तृप्ति एण्ड एसोसियेट्स भोपाल को नियुक्त किया गया है जिसके द्वारा जनपद/ग्राम पंचायतो स्तर पर संचालित समस्त योजनाओं एवं पंचायतो के स्वयं की आय का मॉनिटरिंग एवं त्रैमासिक अंकेक्षण कार्य संपादित किया जाना है। उक्त फर्म के द्वारा जनपदो ध् ग्राम पंचायतो का ऑडिट कार्य संपादित किए जाने के लिए, जनपदवार अंकेक्षक नियुक्त किए गए है। जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 का त्रैमासिक वित्तीय अंकेक्षण ऑडिट का कार्य संबंधित फर्म द्वारा नियुक्त किए गए अंकेक्षको से ही संपादित कराया जाना है। बता दें कि ऑडिट का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य बताया गया है। कल्सटर स्तर पर पंचायत समन्वय अधिकारी तथा जनपद स्तर पर सहायक लेखाधिकारी मनरेगा इस कार्य हेतु जिम्मेदार होंगे। जिला स्तर पर इस कार्य हेतु लेखा अधिकारी जिला पंचायत नोडल होंगे। निर्धारित कैलेण्डर अनुसार अंकेक्षण का कार्य संपन्न नही कराए जाने पर संबंधित ग्राम पंचायतो को अपने समस्त आवश्यक अभिलेख सहित जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर ऑडिट का कार्य पूर्ण कराना होगा। पत्र में जिला पंचायत सीईओ द्वारा दी गई हिदायत का लाभ उठाते हुए लक्ष्मी तृप्ति एंड एसोसिएट्स भोपाल द्वारा सीधी जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में ऑडिट का कार्य किराए के व्यक्तियों को सौंप कर कराया जा रहा है, जिनके द्वारा पंचायतों में रिकॉर्ड संधारण की कमी का लाभ उठा कर मनमानी राशि सचिव एवं रोजगार सहायकों से ऐंठी जा रही है। वहीं जानकारों का कहना है कि पूर्व में भी अशासकीय स्तर से ग्राम पंचायतों में होने वाले ऑडिट को लेकर आरोप लगते रहे हैं। अधिकांश पंचायतों में अंकेक्षण के लिए पहुंचने वाली टीम को आवश्यक रिकार्ड देने की बजाय सुविधा शुल्क देकर औपचारिकताएं पूरी करा ली जाती हैं। इसी वजह से राज्य स्तर से ऑडिट का कार्य मिलने के बाद भी संबंधित संस्था द्वारा स्वयं ऑडिट कराने की बजाय स्थानीय स्तर पर ही अंकेक्षण का कार्य ठेका पर सौंप दिया गया है। प्रति ग्राम पंचायत आवश्यक राशि का भुगतान राज्य स्तरीय संस्था द्वारा काम के पश्चात दिया जाएगा। इसी तर्ज पर काम आनन-फानन में कराया जा रहा है।

### शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है ऑडिट

ग्राम पंचायतों में ऑडिट का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। कल्स्टर स्तर पर पंचायत समन्वय अधिकारी तथा जनपद स्तर पर सहायक लेखाधिकारी मनरेगा इस कार्य हेतु जिम्मेदार माने गए है। जिला स्तर पर इस कार्य हेतु लेखाधिकारी जिला पंचायत को नोडल बनाया गया है। निर्धारित कैलेंडर अनुसार अंकेक्षण का कार्य संपन्न नहीं कराए जाने पर संबंधित ग्राम पंचायतों को अपने समस्त आवश्यक अभिलेख सहित जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर ऑडिट कार्य पूर्ण कराना होगा। ऐसे ग्राम पंचायतों को स्थानीय स्तर पर हो रहे ऑडिट कार्य को आसानी से संपन्न कराना ज्यादा आसान माना जा सकता है। इसी वजह से अधिकांश पंचायतों में ऑडिट कार्य कराने को प्राथमिकता में शामिल किया गया है।

### रिकार्ड उपलब्ध कराने में हो रही हीलाहवाली

जिले में ग्राम पंचायतों में चल रही ऑडिट कार्य के दौरान कुछ पंचायतों में दबंग सरपंच-सचिव द्वारा रिकार्ड सत्यापन के लिए रिकार्ड उपलब्ध कराने में भी हीलाहवाली की जा रही है। जानकारों के अनुसार ऐसे सरपंच-सचियों की मंशा रहती है कि उनके द्वारा कागजों में कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कागजों में ही पूर्ण कर दिया जाए। इसी वजह से उनके द्वारा विस्तृत रिकार्डो को ऑडिट टीम के समक्ष देने में तरह-तरह की बहानेबाजी की जा रही है। यह दीगर बात है कि अंकेक्षण में लगे लोग भी सुविधा शुल्क मिलने के बाद बिना रिकार्डो का सत्यापन किए ही प्रमाणपत्र देने में पीछे नहीं हैं। अशासकीय स्तर से पंचायतों के होने वाली ऑडिट को लेकर पूर्व में भी इसी तरह के सवाल खड़े होते रहे हैं। फिर भी पुराने तर्ज पर ही ऑडिट का कार्य किया जा रहा है।

# संगठन में तय होगी जबाबदारी: रिपुन



## बरमबाबा और सीधी ब्लॉक में संगठन सृजन अभियान की बैठक संपन्न

जागरण, सीधी

संगठन सृजन अभियान के तहत सीधी विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक सीधी और बरमबाबा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर पूर्व मंत्री असम शासन रिपुन बोरा के मुख्य आतिथ्य जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक रिपुन बोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाएगा। पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण संगठन संगठन में पदाधिकारी बनने का पैमाना होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि नए गठन में सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व संगठन में दिया जाएगा। युवाओं को संगठन में ज्यादा से ज्यादा स्थान मिलेगा। मातृशक्ति को पार्टी से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष दिनेश पाठक, महामंत्री नवीन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सीधी विवेक सिंह दीपू, ब्लॉक अध्यक्ष बरमबाबा सुंदरलाल सिंह, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष बरमबाबा रविनाथ गोस्वामी, कल्लू जायसवाल, सानेंद सिंह, रेखा सोनी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सहयोगी संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी विधानसभा के ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी एवं बीएलए साथी उपस्थित रहे।

## मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित

जागरण, सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिसूचना जारी कर जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध किया है। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग का ज्ञापन दिनांक 23 जुलाई 1987 के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें विनिर्दिष्ट जल की परिभाषा के अतंर्गत नहीं लिया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहता है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनियम एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है।

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ने पर रेंजर को माफियाओं ने घेरा




जागरण, मझौली। थाना क्षेत्र अन्तर्गत हो रहे अवैध कारोबार को रोकने में प्रशासन पूरी तरह से नाकामयाब साबित हो रही है। अगर समय रहते इस ओर जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया गया तो बहुत बड़े हादसे आने वाले दिनों में सुनने व देखने को मिल सकते हैं। जिसका ताजा मामला 15 जून को सुबह लगभग 5 से 6 बजे के बीच देखा गया, जहां विभागीय सूचनातंत्र से मिली जानकारी पर रेंजर मझौली नीलेश द्विवेदी रेत परिवहन करते बिना नम्बर के स्वराज ट्रैक्टर को पकड़ने जाते हैं जिनके द्वारा रेत से भरे ट्रैक्टर को पकड़ कर जब मझौली रेंज के लिए लाया जाता है। तभी छुही तिराहे पर कुछ लोगों द्वारा महिलाओं के साथ रेत से भरे ट्रैक्टर समेत उनके वाहन को भी रोक लिया जाता है और रेत से भरे वाहन को छुड़ाने का प्रयास किया जाता है लेकिन रेंजर द्वारा अपने सहयोगी स्टॉप की मदद से वहां से ट्रैक्टर निकाल लिया जाता है। उसके बाद भी माफिया उनके वाहन का पीछा करते हुए मझौली आ जाते हैं व शिविल न्यायालय मझौली के पास बुलेरो वाहन व मोटर सायकल सड़क के बीचों बीच खड़ा कर पुनः रेंजर को रोककर ट्रैक्टर छुड़ाने का प्रयास किया जाता है। जिसकी जानकारी रेंजर द्वारा मझौली पुलिस के साथ स्थानीय मीडिया को दी जाती है लेकिन पुलिस वहां नहीं पहुंच पाती, जबकि स्थानीय मीडिया के लोग वहां पहुंच जाते हैं। जिन्हें देखते ही खनिज माफियाओं द्वारा बीच सड़क पर खड़े वाहन को हटा लिया जाता है। तब कहीं जाकर वन विभाग की टीम पकड़े गए ट्रैक्टर को वहां से लेकर निकलने में कामयाब हो पाती है, जिसे रेंज परिषर में खड़ा किया जाता है।

### पुलिस की नही मिली मदद: रेंजर

सुबह विभागीय सुचना तन्त्र से जानकारी मिली की छुही जंगल के पास लगी नदी से रेत निकाला जा रहा है। मै अपने विभागीय अमले के साथ पहुचा तो एक ट्रैक्टर मिला, जिसे लेकर हम रेंज आ रहे थे। पहले छुही तिराहे के पास कुछ लोगों द्वारा महिलाओं के साथ वाहन छुड़ाने का प्रयास किया गया, किसी कदर हम वहां से निकले तो पकड़े गए वाहन के साथ लगभग 10 से 12 किलो मीटर तक हमारे वाहन का पीछा किया गया व न्यायालय से थोडा आगे बोलेरो वाहन के साथ मोटर साइकल बीच सड़क पर खड़ा कर पुनः हमे रोका गया व ट्रैक्टर को छुड़ाने का प्रयास किया गया। तब हमने पुलिस के साथ कुछ स्थानीय मीडिया को घटना से अवगत कराया लेकिन पुलिस तो नही पहुंची पर कुछ मीडिया के साथी जरूर वहां पहुंचे, जिन्हें देखकर बोलेरो वाहन सड़क से हटाया गया। तब हम वहां से वाहन लेकर निकल सके।

## अधिवक्ता दयानंद श्रीवास्तव को मातृ शोक



जागरण, मोहनिया। चुरहट के समीप मोहनिया निवासी अधिवक्ता दयानंद श्रीवास्तव की माता श्रीमती कैलाशवती श्रीवास्तव उम्र 75 वर्ष का सतना में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह उपचार करने के लिए कुछ समय से अपने बेटे के पास सतना में थीं। अचानक ज्यादा तबियत बिगड़ जाने से निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार गृह ग्राम मोहनिया में किया गया। मुखाग्नि छोटे बेटे विद्यानंद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। स्व. कैलाशवती श्रीवास्तव अपने पीछे दो बेटों, एक बेटी समेत भरे पूरे परिवार को रोता-बिलखता छोंड़कर परम लोक वासी हो गईं। उनके दो बेटों का निधन पूर्व में ही हो चुका था। ग्राम पंचायत मोहनिया के सरपंच, सचिव, सहायक सचिव समेत गांव के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख की इस बेला में शोक संतप्त परिजनों को असीम संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## भेलकी में मनाया गया फादर्स डे



जागरण, बड़खरा। चुरहट के समीप ग्राम भेलकी 822 में आज रोशनी तिवारी ने फादर्स डे के अवसर पर अपने पिता एवं ससुर को सम्मान देते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों को अपने पिता का सम्मान करना चाहिए। दौलत हो या न हो यदि सिर्फ पिता का साया हो तो जिंदगी की हर मुश्किलें आसान हो जाती हैं। वहीं एक बेटी जब पिता से दूर होकर अपने ससुराल जाती है तो अपने पापा से यही कहती है उसे जरूरत नहीं किसी भी पूजा और पाठ की जो हर दिन सेवा करता हो अपने मां-बाप की। पिता जो हर रिश्ते को निभाते हैं। कभी चाचा बनकर, कभी दादा बनकर, कभी मामा बनकर, कभी भाई बनकर तो कभी ससुर बनकर। माता-पिता के आशीर्वाद से ही बच्चों का जीवन हमेंशा खुशहाल रहता है।

## व्यापारी संघ के दुकान बंदी आह्वान का दिखा असर



जागरण, सीधी। व्यापारी संघ सीधी की रविवार को दुकान बंदी का आज असर दिखा। व्यापारियों ने अपने से सह्योग करते हुये अपनी दुकानों को बंद रखा। दुकान बंदी का असर यह रहा कि दिन भर बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता की रविवार को दुकान बंदी की अपील के बाद व्यापारियों ने इसका महत्व समझा और समर्थन करते हुये दुकानों को बंद रखा। व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने कहा कि रविवार को दुकान बंदी का समर्थन कियाए इसके चलते आज प्रथम रविवार को ही दुकान बंदी सफलता पूर्वक सीधी बाजार क्षेत्र में रहा। इसके लिये सभी व्यापारियों का बहुत.बहुत धन्यवाद और आशा है कि जो कुछ व्यापारी रह गये हैं वह व्यापारी भी अगले रविवार को अवकाश मनाकर स्वयं के लिये समय निकालेंगे। उक्त समय का उपयोग व्यापारी अपने परिवारए बच्चों के लिये सामाजिक जिम्मेदारी और घर के अन्य कार्यों में लगायेंगे।

## हत्या का आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रवींद्र वर्मा भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में थाना रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार 14 जून 2025 को प्रातः लगभग 8 बजे ग्राम मढ़ा से सूचना प्राप्त हुई कि राममणि कुशवाहा पिता द्वारिका प्रसाद उम्र 58 वर्ष की मारपीट से आयी चोटों के कारण मृत्यु हो गई है तथा परिजन शव को अंतिम संस्कार हेतु प्रयागराज ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना रामपुर नैकिन पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की पुष्टि की। मृतक राममणि कुशवाहा को घर पर मृत अवस्था में पाया गया। मृतक के पुत्र से पूंछताछ कर देहाती मर्ग इंटीमेशन लेख कर मर्ग जांच प्रारंभ की गई। पंचनामा कार्यवाही एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया मृतक के पुत्र धर्मेन्द्र कुशवाहा उम्र 28 वर्ष के विरुद्ध धारा 103(1)बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तत्पश्चात आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुधांशु तिवारी थाना प्रभारी, उप निरीक्षक चक्रधर प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक संजय सोनी, राशिरमण मिश्रा, प्रआर संदीप वर्मा, प्रसन्न मिश्रा, आरक्षक महेन्द्र तिवारी, अंकित मिश्रा, दिवाकर तिवारी, सैनिक शशिशेखर उपाध्याय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# एमआईएस प्रशासक के सेवानिवृत्त पर सम्मान समारोह आयोजित




जागरण, सीधी। जिला शिक्षा विभाग के एमआईएस प्रशासक विजय सिंह चौहान के 31 मई 2025 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर आज 15 जून को सेवानिवृत्ति प्राचार्यों का सम्मान समारोह राजरतन पैलेस में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा विभाग के आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विजय सिंह चौहान सेवा निवृत्त एमआईएस प्रशासक एवं अध्यक्षता पवन कुमार सिंह जिला शिक्षा अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी आरपी तिवारी, सेवानिवृत्त योजना अधिकारी डॉ. राजकरण शुक्ला, सेवानिवृत्त सहायक संचालक डॉ. डीएन दुबे, सेवानिवृत्त बीईओ लक्ष्मीकांत शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर 11 आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। सेवा निवृत्त एमआईएस प्रशासक विजय सिंह चौहान ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री सिंह के साथ पूजा-अर्चना में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती गीता सिंह, शिक्षिका श्रीमती पूनम सिंह, श्रीमती अर्चना तिवारी की सहभागिता रही। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने सेवा निवृत्त एमआईएस प्रशासक विजय सिंह चौहान के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे काफी कम अधिकारी मिलते हैं जो अपनी कर्तव्य निष्ठा के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहते हैं और सहयोगात्मक भाव रखते हैं। समारोह में एपीसी डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा, प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी रामकृष्ण तिवारी, सेवानिवृत्त प्राचार्य रुक्मिणी मिश्रा, रामभुवन शुक्ला, प्राचार्य अशोक तिवारी, डॉ. संजीव त्रिपाठी, गौतममणि अग्निहोत्री, शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह परिहार, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सतीश पाण्डेय, शिक्षक राजेश सिंह, समेत जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं काफी संख्या में प्राचार्य, शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थ के विरुद्ध थानों में पुलिस ने की कार्यवाही

जागरण, सीधी। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, समस्त एसडीओपी एवं संबंधित थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में सीधी पुलिस द्वारा लगातार मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 14 जून 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध कर कुल 7,83,000 रुपए मूल्य का मसरूका जप्त करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में कुल जप्त मसरूका में गांजा 37.724 किलोग्राम, नशीली कफ सिरप ऑनरेक्स 160 शीशी 100 एमएल प्रति शीशी, वाहन 3 मोटरसाइकिल मोबाइल फोन 1 नग जप्त किया गया।

## दुकान बंदी को लेकर शिवसेना ने जताया विरोध

जागरण, सीधी। रविवार को जबरन दुकानें बंद कराने के प्रयासों का शिवसेना ने कड़ा विरोध किया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने बताया कि कई व्यापारियों ने शिकायत की है कि दुकान खोलने पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाने की धमकी दी जा रही है, जो अन्यायपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी व्यापारी अपनी स्वेच्छा से दुकान खोले या बंद करे, यह उसका व्यक्तिगत अधिकार है। किसी भी तरह की जबरदस्ती तानाशाही को शिवसेना बर्दाश्त नहीं करेगी। पाण्डेय ने कहा कि कुछ व्यापारियों ने बताया है कि चोंगा माइक से अनाउंस किया गया कि दुकान खुली पाई गई तो जुर्माना लगेगा। ऐसे में छोटे और गरीब व्यापारियों पर मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। जिनके लिए रोज की आमदनी जीवन-निर्वाह का साधन है। कर्ज, किस्त, राशन जैसी समस्याओं से जूझ रहे व्यापारियों को दुकान चलाना मजबूरी है और रही बात नियम पालन की तो उसके लिए जिम्मेदार विभाग प्रशासन उन्हे जा के घेरे। शिवसेना ने ऐलान किया है कि अगर किसी व्यापारी से जबरन दुकान बंद कराई गई तो संबंधित के खिलाफ व्यक्तिगत रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी और स्थानीय प्रशासन को पत्र देकर सूचित किया जाएगा। यदि प्रशासनिक स्तर पर भी दबाव डाला गया तो शिवसेना सड़क पर उतरकर विरोध करेगी।

## जर्जर भवन मालिकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

जागरण, सीधी। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।


RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


# आसमान से बरस रही आग, उमस एवं गर्मी ने जीना किया मुहाल

## भीषण गर्मी के चलते बीमारी का प्रकोप भी बढ़ा

### चिकित्सकों के यहां उमडने् लगी मरीजों की भीड़



जागरण, सीधी

आसमान से बरस रही आग के चलते लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है। भीषण गर्मी के चलते बीमारी का प्रकोप भी बढ़ चुका है। चिकित्सकों के यहां मरीजों की भीड़ उमडने लगी है। नौतपा के समाप्त होते ही गर्मी की विभीषिका प्रचंड रूप धारण कर चुकी है। सुबह 8 बजे के बाद से ही सूर्य देव की किरणे आग बरसाना शुरू कर देती हैं। भीषण गर्मी के चलते घर से बाहर निकलने वालों को जहां भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं घर के अंदर भी बिना एसी और कूलर के जीना मुहाल हो चुका है। इन दिनों थर्मामीटर का पारा 40 डिग्री को पार कर चुका है। तेज धूप एवं गरम हवाओं के चलते बाजारों में दोपहर सन्नाटा पसर जाता है। सडकें वीरान नजर आती हैं। गर्म हवाओं के चलते ही लू लगने का खतरा भी बढ़ चुका है। स्थिति यह है कि अब लोग तेज धूप एवं लू से बचने के लिये गमछा या नकाब का सहारा लेने का मजबूर हैं। जिससे लू के थपेड़ो से बचा जा सके। भीषण गर्मी के घर से बाहर निकलने पर लोगों को शीतल पेयजल की जरूरत भी महसूस होती है। सूखे कंठों की प्यास बुझाने के लिये लोग पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते देखे जा सकते हैं। भीषण गर्मी एवं लू के चलते मरीजों की भीड़ भी बढने् लगी है। डॉक्टरों के पास काफी संख्या में ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं जिनका स्वास्थ्य भीषण गर्मी के चलते बिगड़ा हुआ है। पेट से संबंधित मरीजों की संख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। कारण लोगों के प्रदूषित खाद्य सामग्री का उपयोग करते ही पेट संबंधी तकलीफें सबसे ज्यादा बढ़ जाती हैं। बीपी के मरीज एवं बच्चों के बीमार पडने् का सिलसिला भी तेजी से बढ़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि भीषण गर्मी में सावधानी काफी आवश्यक है। यदि भीषण गर्मी के दिनों में प्रदूषित एवं गरिष्ठ खाद्य सामग्री का सेवन किया जाता है तो यह खाद्य सामग्री कई लोगों को भारी पड़ सकती है।

### दोपहर को सूनी हो जाती हैं शहर की सडकें

वर्तमान में सुबह 8 बजे से ही सूर्यदेव की किरणें रौद्र रूप धारण करने लगती हैं। 10 बजे के बाद लू के गर्म थपेड़ों के चलते घर से बाहर निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। इसी वजह से दो दिनों से दोपहर में बाजार में चहल-पहल एवं भीड़ थम जाती है। यहां तक कि आकाश से बरसती आग के चलते फुटपाथी कारोबारी भी शाम 5 बजे के बाद मुख्य सडकों के किनारे अपना कारोबार करने के लिये आते हैं। वही ठेला कारोबारी तो जिन स्थानों में छांव की व्यवस्था रहती है वहीं पर जमे रहते हैं। दोपहर में लोगों की आवाजाही थम जाने के कारण शहर की सडकें सूनी नजर आती हैं। दोपहर में सूर्य देव की किरणों के आग बरसाने के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाती है। इसी वजह से बाजार क्षेत्र में कारोबार भी प्रभावित हो रहा है।

### आज से लगेगी क्लास

राज्य शासन के निर्देश पर 16 जून से स्कूलों में कक्षाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चों के अभिभावकों के समक्ष यह चिंता है कि लू के प्रकोप के बीच बच्चों को स्कूल कैसे भेजें। वर्तमान में जो माहौल है उसके चलते कक्षाओं में छोटे बच्चे पसीने से सराबोर होकर पठन-पाठन का प्रयास शुरू करेंगे। कुछ अभिभावकों का कहना था कि भीषण गर्मी के चलते कक्षाओं का संचालन 1 जुलाई से होना चाहिए।




# कल हाथ पकड़ना मेरा, जब मैं बूढ़ा हो जाऊं....

■ ललित गर्ग ■

फादर्स डे आज



बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता की उंगली थामता है। एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। समय के साथ ही एकल परिवार, शहरीकरण, रोजगार, आधुनिकता, सिनेमा ने भी पिता के आचरण में एक बदलाव लाया।

जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 15 जून 2023 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जा रहा है। पिता दिवस की शुरुआत बीसवीं सदी के प्रारंभ में पिताधर्म तथा पुरुषों द्वारा परवरिश का सम्मान करने के लिये मातृ-दिवस के पूरक उत्सव के रूप में हुई। यह हमारे पूर्वजों की स्मृति और उनके सम्मान में भी मनाया जाता है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता की उंगली थामता है। नन्हा-सा बच्चा पिता की उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब भागदौड़ भरी इस जिंदगी में बच्चों के पास अपने पिता के लिए समय नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखकर पितृ दिवस मनाने की परंपरा का आरम्भ हुआ।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। हालांकि इससे पहले 6 दिसम्बर 1907 को मोनोंगाह, पश्चिम वर्जीनिया में एक खान दुर्घटना में मारे गए 210 पिताओं के सम्मान में इस विशेष दिवस का आयोजन श्रीमती ग्रेस गोल्डन क्लेटन ने किया था।

मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है।

आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। कुछ दशक पूर्व के पिताओं ने अपनी भूमिका में एक क्रांति लाए। इसके साथ ही एकल परिवार, शहरीकरण, रोजगार, आधुनिकता, बदलता साहित्य, सिनेमा ने भी उस पिता के आचरण में एक बदलाव लाया। वर्तमान समय के पिता का रूप काफी बदल गया है। एकल मां की तरह अब समाज में एकल पिता का भी विचार आ चुका है। अब एकल पिता अपने बच्चों का न केवल ख्याल रखते हैं बल्कि उन्हें मां की कमी महसूस नहीं होने देते हैं। गे पिता भी अब समाज में अपनी जगह बनाने लगे हैं।

आधुनिक पिताओं की भूमिका में काफी बदलाव आया है, अब वे अपने बच्चों को दूध पिलाने से लेकर उसके डायपर, नैपी तक बदल रहे हैं वो भी पूरी खुशी, प्रतिष्ठा और सम्मान के साथ। आज बच्चे अपने पिताओं से भी बहुत दोस्ताना संबंध बनाने लगे हैं क्योकि ये आधुनिक पिता बहुत लोकतान्त्रिक एवं संवेदनात्मक व्यवहार वाले हैं। यह बच्चों पर दबाव नहीं बनाते। बच्चों का भविष्य अच्छा वही सोच सकते हैं, इस बात पर बच्चों का शोषण नहीं करते। यदि बेटियों ने भी खुद की मर्जी से विवाह, शिक्षा या व्यवसाय चुनने की बात की तो गंभीरता से विचार करते हैं। सबसे ध्यान देने की बात कि आज के कई पिता एकल बालिका शिशु के अभिभावक बनने में भी गर्व महसूस करते हैं।

एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं।

पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है। पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमशः अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है ।

'पिता!' का स्नेह और अपनापन के तेज और स्पर्श को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। वह विलक्षण, साहस और संस्कारदाता होता है। जो समस्त परिवार को आदर्श संस्कार ही नहीं देता, बल्कि जीवन निर्वाह के साधन उपलब्ध कराता है। उनके दिए गए संस्कार ही संतान की मूल थाती होती है। इसीलिये पिता के चरणों में भी स्वर्ग एवं सर्व कहा गया है। क्योंकि वे हर क्षण परिवार एवं संतान के लिए छाया की भांति एक बड़ा सहारा बनते हैं। इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पिता-दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

# भारतीय संस्कृति में गहरे समाए हुए हैं हाथी और घोड़े



हाथी और घोड़े ने भारतीय संस्कृति को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। हाथी भारत का मूल निवासी है; जबकि घोड़ा यहाँ का नहीं है। भारतीय दृष्टिकोण से, हाथी दुनिया का सबसे बड़ा युद्ध पशु था, और एक शाही पशु था। घोड़े और हाथी एक नई संस्कृति की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे समझने की जरूरत है।

■ देवदत्त पटनायक ■

हाथी भारत में गर्म उष्णकटिबंधीय जलवायु से प्यार करता है और समृद्ध उष्णकटिबंधीय जंगलों में पनपता है, जहाँ यह दिन में 16 घंटे तक चरता है। ये जंगली जानवर गंगा के क्षेत्रों में शुरुआती मानव बस्तियों के लिए बहुत बड़ा खतरा थे और इन्हें पकड़कर पालतू बनाया गया था। पालतू जानवरों के रूप में, उन्होंने जंगलों के बीच से रास्ते बनाने में मदद की, जिसके परिणामस्वरूप बाधाओं को दूर करने वाले हाथी देवता का विचार उभरा। समय के साथ, हाथी एक शानदार जानवर बन गया, जिसे व्यापारी पसंद करते थे क्योंकि यह पहाड़ों पर यात्रा कर सकता था और यहाँ तक कि नदियों को भी तैरकर पार कर सकता था। इसलिए यह एक बड़ा बोझ ढोने वाला जानवर बन गया और देवी लक्ष्मी (पहली बार बौद्ध स्तूप की रेलिंग में देखा गया), यहाँ तक कि इंद्र के बाद के रूपों और उनके गुरु बृहस्पति से भी जुड़ा हुआ है।

## भारत में लोग घोड़े पर सवार होकर आए

बाहरी लोग भारत में घोड़े लेकर आए। शुरुआती घोड़े छोटे थे और स्पोक-व्हील वाले रथों को खींचने के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। इस घोड़े का वर्णन ऋग्वेद, वैदिक साहित्य और महाभारत और रामायण में किया गया है। रावण के साथ युद्ध में, राम के पास कोई रथ नहीं था, इसलिए इंद्र ने मातलि के सारथी के रूप में अपना घोड़ा-रथ उनके पास भेजा। महाभारत में, कृष्ण अर्जुन के सारथी हैं। घोड़े से खींचे जाने वाले स्पोक-व्हील रथ पर धनुर्धर और उनके सारथी। यूरेशियन घास के मैदानों से एक सैन्य नवाचार था जो 1500 ईसा पूर्व के बाद मिस्र, भारत और चीन में फैल गया। बाद में, हम घुड़सवार घोड़ों को देखते हैं जिनकी छवि सांची और भरहुत में दिखाई देती है। वे निस्संदेह सिकंदर की सेना के साथ आए थे। इन छवियों के बारे में दिलचस्प बात यह है कि इनमें कोई काठी या रकाब नहीं है।

## रथ, देवता और शतरंज

भारत में घोड़े पालन की शुरुआत मात्र एक हज़ार साल पहले गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, तिब्बत और पंजाब की अपेक्षाकृत शुष्क भूमि में हुई थी। इसके कारण भारत में घोड़े पर सवार नायक-देवताओं का उदय हुआ, जैसे राजपूतों और गूजर समुदायों के देवनारायण, तेजाजी, पाबूजी और गोगा पीर, और मराठा के खंडोबा। उत्तराखंड क्षेत्र में गोलू-देव हैं, और बंगाल में धर्म-ठाकुर हैं। तमिलनाडु में, टेराकोटा के घोड़े अय्यनार जैसे देवताओं को दिए जाते हैं। घोड़े पर सवार कल्कि वैष्णव धर्मशास्त्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। घोड़े के सिर वाले विष्णु की पूजा हयग्रीव के रूप में की जाती है, जो ज्ञान के स्रोत हैं, जो एक अन्य घोड़े के सिर वाले प्राणी को हराते हैं, जो एक राक्षस था, जिसने वेदों को चुरा लिया था। हाथी के सिर वाले गणेश समृद्धि और संतोष से जुड़े हैं और शिव की ओर ले जाते हैं।

## शक्ति और आध्यात्मिकता के प्रतीक के रूप में हाथी

राजाओं द्वारा सेना बनाने के लिए हाथी का उपयोग किया जाता था, क्योंकि हाथी का नेता अपने झुंड का नेतृत्व कर सकता था, गांवों को नष्ट कर सकता था, और जो कोई भी उसका विरोध करता था या कर और श्रद्धांजलि देने से इनकार करता था, उसे कुचल सकता था। इसने हाथी को एक शाही पशु बना दिया, जिसे व्यापारी और राजा दोनों पसंद करते थे, और यह भारत में शक्ति और समृद्धि का प्रतीक बन गया। यह आध्यात्मिकता का भी प्रतीक था। कई सूंड और दाँतों वाले सफ़ेद रंग के हाथी महान बौद्ध और जैन ऋषियों को जन्म देने वाली महिलाओं के सपनों में दिखाई देते थे। समस्या यह है कि हाथी को कैद में नहीं पाला जा सकता है, और इसलिए जंगली हाथी भारत में हाथियों की आपूर्ति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में हर राजा ने हमेशा हाथी को शाही पशु के रूप में देखा है। यहाँ तक कि मध्य एशिया से आए मुगलों ने भी हाथी की पीठ पर सवार होकर युद्ध में भाग लेने के लिए अपनी शाही स्थिति का दावा करने के लिए हाथी का इस्तेमाल किया। भारतीय दृष्टिकोण से, हाथी दुनिया का सबसे बड़ा युद्ध पशु था, और एक शाही पशु था। हालांकि, बाहरी लोगों के लिए हाथी एक अनाड़ी जानवर था, जिसे नियंत्रित करना मुश्किल था और उत्तेजित होने पर बेहद खतरनाक था - इसकी हरकतें उसके अपने सैनिकों को भी मार सकती थीं। हाथी पर बैठे राजा दुश्मन की मिसाइलों के लिए असुरक्षित हो जाते थे, और इसलिए बाहरी लोगों को यह पसंद नहीं था।

# कौन जीतेगा ट्रम्प, बुद्धि-विरोधी और हार्वर्ड की लड़ाई में

शैक्षणिक जगत में उथल-पुथल मच गई, क्योंकि घबराए हुए विदेशी छात्र सोच रहे थे कि अब उनका क्या होगा? हाल ही में, हार्वर्ड के हज़ारों सपने चकनाचूर हो गए। डोनाल्ड फिर से अपनी ओछी, क्रूर और द्वेषपूर्ण हरकतों पर उतर आए हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने घोषणा की कि ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने के अधिकार को रद्द कर दिया है।



■ शोभा डे ■

पिछले सालों में हार्वर्ड से लौटे लोगों को एक खास जगह मिली हुई थी। बहुत कम भारतीय थे जो इतने होशियार या इतने अमीर थे कि वे ये कट बना सकें। ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज-हार्वर्ड - यह महत्वाकांक्षी माता-पिता का अंतिम सपना था। हार्वर्ड से लौटा लड़का ट्रॉफी पति माना जाता था, और उसे पाकर लड़की का परिवार अपने आप ही ऊंचा हो जाता था, जबकि दूल्हे का परिवार अपने आप ही दहेज में कुछ शून्य जोड़ देता था। आखिरकार, उस महंगी, प्रतिष्ठित डिग्री में निवेश किए गए पैसे को वसूल करना था, ऋण चुकाने की जरूरत थी। अगर दुल्हन हार्वर्ड की ग्रेजुएट थी, तो इसे अन्य कमियों के लिए मुआवजे के रूप में देखा जाता था। हार्वर्ड ने हमारे छात्रों को प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट में प्लैटिनम बढ़त भी दी। कई माता-पिता ने बच्चे को हार्वर्ड में प्रवेश दिलाने के लिए स्वेच्छा से व्यक्तिगत लक्ष्यों और सुख-सुविधाओं का त्याग किया। हाल ही में, हार्वर्ड के हज़ारों सपने चकनाचूर हो गए। डोनाल्ड फिर से ओछा, क्रूर और द्वेषपूर्ण व्यवहार कर रहे थे। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने घोषणा की कि ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड के अंतर्राष्ट्रीय छात्रों (6,800 मजबूत, और जोखिम में) को दाखिला देने के अधिकार को रद्द कर दिया है। इससे अकादमिक जगत में हड़कंप मच गया, क्योंकि घबराए हुए विदेशी छात्र, जिनमें से कुछ मध्य-पाठ्यक्रम में थे, सोच रहे थे कि अब उनका क्या होगा। देसी छात्रों और स्नातकोत्तर विद्वानों की संख्या 500 से 800 के बीच है, उनमें से कुछ दीर्घकालिक डॉक्टरेट या बहु-वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में लगे हुए हैं। घर पर परेशान माता-पिता, पूरी तरह से बेखबर, कठोर आदेश से बचने का रास्ता खोजने के लिए संघर्ष कर रहे थे। अचानक, हजारों हार्वर्ड के उम्मीदवारों के लिए, यह सपना सबसे बुरे सपने में बदल गया। सुश्री नोएम ने परिसर में नस्लवाद का हवाला देते हुए हार्वर्ड पर यहूदी छात्रों के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार करने और उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है। फिलहाल संभावनाएँ हार्वर्ड के पक्ष में हैं। तब तक, यह हमेशा की तरह सस्पेंस है।

## सिंदूर पावर



इधर मजेदार बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर कान्स 2025 में एक प्रमुख फैशन स्टेटमेंट बन गया, जब ऐश्वर्या राय बच्चन अपने बालों के बीच में और भी चमकीले सिंदूर के साथ रेड कार्पेट पर चलीं। प्रशंसकों और आलोचकों ने उनके इस तिहरे प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक ही झटके में उन्होंने एक चुटकी सिंदूर से बहुत कुछ हासिल कर लिया। उन्होंने अपने माथे पर राष्ट्रवाद, देशभक्ति और विवाह का गर्व से दिखावा किया, तलाक की अफवाहों को दबा दिया, जबकि अपनी भारतीय/हिंदू पहचान को भी प्रदर्शित किया। कान्स का जम्बोरी अब उतना एक्सक्लूसिव नहीं रहा, जितना कि फ्रांसीसी इसे चाहते हैं - यह उन अनजान लोगों से भरा हुआ है, जिनका सिनेमा से कोई लेना-देना नहीं है। इनमें से अधिकांश चाहने वाले 30 लाख रुपये से अधिक खर्च करके उस धन्य रेड कार्पेट पर दिखाई देने के लिए आते हैं। कोई नहीं जानता या परवाह नहीं करता कि ये कौन लोग हैं। एक अज्ञात महिला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाले एक भयानक हार को पहनकर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जो उनके चेस्ट पर लटके हुए थे। जबकि मोदी के प्रशंसक अक्सर उनके लिए अपने प्यार को आस्तीन पर रखते हैं, हो सकता है कि यह पहली बार हो कि उनकी तस्वीरों को एक सुडौल महिला के क्लीवेज पर जगह मिली हो। हालांकि, हमें इससे कोई शिकायत नहीं हैं ! 'सिंदूर पावर' के लिए जयकार!

# जब नौशाद ने महबूब खान को बता दिया उनका काम....

एक दिन महबूब खान नौशाद का काम देखने स्टूडियो पहुंचे। महबूब खान को सुनाने के लिए नूरजहां जी ने फिर से गीत गाया। पूरा गीत सुनने के बाद महबूब खान ने कई तरह के बदलाव नौशाद को बता दिए। नौशाद को महबूब खान की वो बात अच्छी तो नहीं लगी। मगर महबूब खान उनसे बहुत सीनियर थे। और रुतबे में बहुत बड़े भी। तो नौशाद उनसे कुछ कह ना सके।

उस दिन नौशाद की गर्दन पकड़कर महबूब खान उन्हें खींचते हुए कैमरा से दूर ले गए और बोले, ये तुम्हारा काम नहीं है। तुम बस अपनी पेटी बजाओ। नौशाद बहुत प्यार से मुस्कुराए और बोले,मैं जानता हूं हुजूर कि ये मेरा काम नहीं है। आपका काम है। और संगीत मेरा काम है। आपका नहीं।

ये घटना है साल 1946 में रिलीज़ हुई फिल्म अनमोल घड़ी के सेट की। उस वक्त इस फिल्म के बहुत मशहूर गीत- जवां है मुहब्बत, हंसी है ज़माना... का पिक्चराइज़ेशन चल रहा था। अनमोल घड़ी ही वो फिल्म भी थी जिसके संगीत के सिलसिले में पहली दफ़ा नौशाद और महबूब खान की मुलाक़ात हुई थी।

नौशाद को उन दिनों लोकप्रियता मिलनी शुरू ही हुई थी। और तब वो कारदार प्रोडक्शन में बतौर संगीतकार नौकरी कर रहे थे। महबूब खान ने भी नौशाद का बड़ा नाम सुना था। और नौशाद के कंपोज़ किए कुछ गाने सुने भी थे। उन्हें भी नौशाद का काम पसंद आया था। इसलिए ए.आर. कारदार को महबूब खान ने कहा कि वे नौशाद को



अपनी फिल्म का संगीत कंपोज़ कराने के लिए मनाएं। कारदार के कहने पर वे मान भी गए।

अनमोल घड़ी के लिए नौशाद ने जो गीत सबसे पहले कंपोज़ किया था वो यही था जिसका जिक्र शुरुआत में है। जवां है मुहब्बत, हंसी है ज़माना...। ये गीत नूरजहां पर पिक्चराइज़ होना था। गाया भी नूरजहां ने ही था। नौशाद ने नूरजहां से इस गीत की खूब रिहर्सल कराई। फिर एक दिन महबूब खान नौशाद का काम देखने स्टूडियो पहुंचे। महबूब खान को सुनाने के लिए नूरजहां जी ने फिर से गीत गाया। पूरा गीत सुनने के बाद महबूब खान ने कई तरह के बदलाव नौशाद को बता दिए।

नौशाद को महबूब खान की वो बात अच्छी तो नहीं लगी। मगर महबूब खान उनसे बहुत सीनियर थे। और रुतबे में बहुत बड़े भी। तो नौशाद उनसे कुछ कह ना सके। महबूब खान ने जो कहा था, वैसे बदलाव नौशाद ने धुन में कर दिए।

कुछ ही दिनों में नौशाद ने फिल्म का दूसरा गाना भी तैयार कर लिया। नौशाद महबूब खान के पास गए और उनसे बोले कि दूसरा गाना तैयार है। आप सुन लीजिए और बताइए कि कोई बदलाव तो नहीं करना है। जवाब में महबूब खान ने नौशाद से कहा, अभी रुको। अभी मैं एक शॉट ले रहा हूं। ये तुम्हारे पहले गीत का पिक्चराइज़ेशन ही चल रहा है।

तभी नौशाद महबूब खान से बोले, महबूब साहब, क्या मैं भी कैमरे में देख सकता हूं?

हां हां, क्यों नहीं। ये तुम्हारे गाने का पिक्चराइज़ेशन ही तो चल रहा है। बिल्कुल देखो। महबूब खान ने नौशाद से कहा।

नौशाद ने कुछ सेकेंड्स के लिए कैमरे के व्यू फाइंडर पर आंख लगाई और फिर महबूब खान से कहा, मेरे ख्याल से उस तस्वीर को आपको बाईं तरफ़ से हटाकर दांयी तरफ़ लगवाना चाहिए। और उस तरफ़ की लाइट बुझाकर इस तरफ़ की लाइट जलवा लेनी चाहिए। महबूब खान को नौशाद की वो बात बड़ी अजीब लगी।

सेट पर मौजूद जिन-जिन लोगों ने नौशाद को वो सब कहते सुना था, वो सभी शॉक्ड हो गए। क्योंकि सब महबूब खान के गुस्से से वाकिफ़ थे। कोई महबूब खान से ऐसे बात करेगा, ऐसी उम्मीद किसी को नहीं थी। तभी महबूब खान नौशाद की गर्दन पकड़कर उन्हें एक तरफ खींचकर ले गए थे और बोले थे कि तुम बस पेटी बजाओ। ये तुम्हारा काम नहीं है।

और जवाब में नौशाद ने महबूब खान से कहा था कि मैं जानता हूं ये मेरा नहीं, आपका काम है। और संगीत मेरा काम है। आपका नहीं। नौशाद की ये बात सुनकर महबूब खान कन्फ्यूज़ हो गए। उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस बात पर वो नौशाद को क्या कहें? किस तरह से रिएक्ट करें? कुछ देर सोचने के बाद महबूब खान ने नौशाद से कहा, पहले मैं ये शॉट पूरा कर लूं। फिर मैं तुम्हें ज़रूर जवाब दूंगा।

महबूब खान की वो बात सुनकर नौशाद ज़रा टेंशन में आ गए। वो सोच रहे थे कि जाने महबूब खान उन्हें क्या जवाब देंगे? कैसे रिएक्ट करेंगे? आखिरकार जब महबूब खान ने वो शॉट कंप्लीट कर लिया तो वो नौशाद के पास आए और बोले, क्या तुम यहां दूसरे गाने के बारे में बात करने आए थे? नौशाद ने उन्हें बताया कि कि दूसरा गाना भी तैयार है। उसे सुनिए और अपनी राय ज़ाहिर कीजिए। महबूब खान मुस्कुराकर बोले, तुमने फ़ाइनल कर दिया तो फ़ाइनल है। वो तुम्हारा काम है, मेरा नहीं।

साथियों ये सभी बातें नौशाद साहब ने एक इंटरव्यू में बताई थी। यूट्यूब पर मौजूद है वो इंटरव्यू। नौशाद साहब ने ये भी बताया था कि उस दिन के बाद फिर कभी महबूब खान ने नौशाद के किसी गाने में कोई कमी नहीं निकाली। और तो और, उसके बाद तो कई दफ़ा ऐसा होता था जब महबूब खान रिकॉर्डिंग के दौरान भी मौजूद नहीं रहते थे। नौशाद ने भी कभी महबूब खान को निराश नहीं होने दिया। किस्सा टीवी महबूब खान को ससम्मान याद करते हुए उन्हें नमन करता है।

**पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश : सीनियर अफसरों की सलाह पर पीएचक्यू ने प्रस्ताव तक नहीं बनाया**

# 1 माह का अतिरिक्त वेतन न देकर भरे जा सकते हैं पुलिसकर्मियों के 10 हजार पद

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने को लेकर लगातार सरकारी दावे होते रहे हैं, लेकिन हमेशा नतीजा शून्य ही रहा। हालांकि राजनीतिक कारणों से पुलिसकर्मियों को हफ्ते में एक दिन छुट्टी देने की रस्म अदायगी कई बार हुई, लेकिन जारी नहीं रखा जा सका। सीनियर अफसरों ने कई बार राज्य सरकार और पुलिस महकमे को स्थायी समाधान भी बताया, लेकिन इसके बावजूद पीएचक्यू में यह मामला अब तक ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। प्रदेश में फिलहाल लगभग 1 लाख 6 हजार पुलिसकर्मी हैं। स्टाफ की कमी के चलते उन्हें हफ्ते में एक दिन अवकाश भी नहीं मिल पाता है। इसके एवज में इन पुलिसकर्मियों को साल भर में एक माह का अतिरिक्त वेतन मिलता है। पुलिस के आला अफसरों की भी यही सलाह है कि इस एक माह के वेतन को यदि बंद कर दिया जाए तो इससे पुलिस के लगभग 10 हजार पद भरे जा सकते हैं। इन पदों पर नियुक्ति के बाद पुलिस को आसानी से साप्ताहिक अवकाश मिलने लगेगा और कई परेशानियों से निजात मिल सकेगी। इससे सरकार पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा।




### सुलझ जाएंगी पुलिस की कई परेशानियां

फिलहाल पुलिसकर्मी को साप्ताहिक अवकाश न मिलने का गंभीर असर पुलिस के कामकाज पर होता है। पुलिसकर्मी मानसिक तनाव में रहते हैं, बल्कि अपने परिवार को भी समय नहीं दे पाते हैं। सप्ताह में सातों दिन लगातार 10 से 12 घंटे तक काम के कारण पुलिसकर्मी चिड़चिड़े और हिंसक भी हो रहे हैं, और इसका खामियाजा उनके साथ उनके परिवार और आम जनता को भी भुगतना पड़ता है। थानों से लेकर फील्ड तक इसी वजह से कई बार अनावश्यक विवाद पैदा होते हैं और काम भी प्रभावित होता है। मध्य प्रदेश में पुलिस महकमे पर किए गए कई शोध में भी यह सामने आया है कि पुलिस के इस व्यवहार के कारण ही लोग थाने जाने में भी डरते हैं। इसका सीधा असर पुलिस स्टाफ की सेहत पर भी हो रहा है और पुलिस स्टाफ नशे का आदी हो रहा है। प्रदेश में पुलिस को किसी तरह की यूनियन या संगठन बनाने का अधिकार भी नहीं है, इसलिए इनकी इस मांग को भी ताकत के साथ कभी सरकार के सामने नहीं रखा जाता। विश्व मानक के हिसाब से देखा जाए तो आदर्श स्थिति में हर एक लाख व्यक्ति यों पर लगभग 250 पुलिसकर्मी होने चाहिए।

### एक दशक में 4 घोषणाएं, कभी अमल नहीं तो कभी शुरू होते ही हुआ बंद

- **2014** - दिवंगत बाबूलाल गौर ने पुलिस को महीने में एक अवकाश का ऐलान किया, लेकिन कोई पत्र पीएचक्यू नहीं भेजा।
- **2016** - तत्कालीन गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने पुलिसकर्मियों को पहले मासिक और फिर साप्ताहिक अवकाश की घोषणा की। इसके लिए पुलिस एक्ट में बदलाव की बात भी कही, नतीजा शून्य रहा। बाद में दिसंबर माह में तत्कालीन डीजीपी ऋषि कुमार शुक्ला ने पुलिसकर्मी के साथ ही पत्नी व बच्चों के जन्मदिन, शादी की सालगिरह पर अवकाश के निर्देश दिए। यह कुछ ही समय चल पाया। भोपाल में 2017 में रोस्टर बनाकर वीक ऑफ शुरू किया, यह भी बाद में बंद कर दिया।
- **2018** - विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी और कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पुलिस को वीक ऑफ देने की घोषणा की। कमलनाथ ने पीएचक्यू जाकर डीजीपी को अवकाश नियम बनाने के आदेश दिए। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को अवकाश मिलना शुरू हुआ, लेकिन बाद में बंद हो गया।
- **2023** - फिर से मुख्यमंत्री बने शिवराज सिंह चौहान ने पुलिस को अवकाश देने की बात कही थी। बयान को 6 महीने बीतने के बाद भी आदेश जारी नहीं हुए। बाद में विधानसभा चुनाव से 4 माह पहले मुख्यमंत्री आवास में आयोजित पुलिस परिवार समागम में दोबारा इसकी घोषणा की, नतीजा शून्य रहा।

> पुलिस को साप्ताहिक अवकाश के बजाय एक माह का अतिरिक्त वेतन उनके मानसिक तनाव, प्रताड़ना और आराम की कमी को पूरा नहीं कर सकता। इसके बजाय इसी राशि से अगर नई भर्तियां कर दी जाएं तो पुलिस की कई समस्याएं खुद ही सुलझ जाएंगी।
> ■ अरुण गुर्टू, रिटायर डीजीपी, मध्य प्रदेश

> वीक ऑफ न मिलने से पुलिसकर्मियों के स्वभाव और सेहत पर गंभीर असर होता है, जिससे काम भी प्रभावित होता है। ड्यूटी के घंटे तय हों, नियमित अवकाश मिले और पुलिसकर्मी अपने परिवार के साथ समय गुजारें तो न केवल उनकी सेहत और मानसिक स्थिति बेहतर होगी, बल्कि पुलिसिंग भी सुधारेगी।
> ■ **डॉ. आरएन साहू**, वरिष्ठ मनोचिकित्सक, भोपाल

## गिरोह फिर सक्रिय, राहगीरों से मोबाइल लूट कर भागे लुटेरे

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मोबाइल झपटने वाला गिरोह फिर सक्रिय हो गया है। गिरोह ने शाहजहांनाबाद झपटमारी की दो घटनाओं को अंजाम दिया, जबकि तीसरी वारदात गांधी नगर इलाके में दर्ज की गई। शाहजहांनाबाद पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। मोहम्मद जावेद (35) कसेरापुरामें रहते हैं। शुक्रवार दोपहर वह पत्नी के साथ खरीदारी करने भोपाल टाकीज आए थे। उनकी पत्नी खरीदारी कर रही थी, जबकि वह मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही आरोपी भाग निकला। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे बदमाशों ने एक अन्य वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने भारत तलरेजा (36) निवासी टीलाजमालपुरा का मोबाइल झपट लिया। भारत तलरेजा ने पुलिस को बताया कि वे टिफिन सेंटर का काम करते हैं और एक्टिवा से बजरिया चौराहा आए थे। इस दौरान चलती एक्टिवा पर मोबाइल से बातचीत कर रहे थे। अज्ञात व्यक्ति ने आवाज दी और उन्होंने एक्टिवा की रफ्तार कम कर ली। एक्टिवा की रफ्तार कम होते ही पैदल जा रहे तीन बदमाशों ने उनका मोबाइल झपटा और भाग निकले। पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रविदासपुरा 27 वर्षीय शुभम मंगरोलिया, शाहजहांनाबाद निवासी 25 वर्षीय पंकज रजक के रूप में हुई है।

## पचमढ़ी में तीन दिन, 14 सत्रों में नेता सीखेंगे सबक

### सत्र की शुरुआत में विमान हादसे पर जताया गया शोक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पचमढ़ी में सांसद एवं विधायकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का दीप प्रज्जवलित एवं महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। सत्र के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुए हृदयविदारक विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया गया। शाह ने उद्घाटन सत्र में 'जनसंघ से भाजपा-1951 से 2025' विषय पर संबोधन दिया। उद्घाटन सत्र की प्रस्तावना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रखी। उद्घाटन सत्र को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित किया। इसी सत्र के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, डीडी उइके, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल सहित दूसरे बड़े नेताओं की मौजूदगी रही।

### मध्यप्रदेश ने चुनाव में इतिहास रचा है: शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हो इतिहास रचा है, उसको लेकर कोई संकोच नहीं है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मप्र भाजपा ने यह इतिहास रचा है। आज हम सब कार्यकर्ताओं के लिए बड़े गर्व की बात है कि चुनाव प्रबंधन में जिन्हें महारथ हासिल है, ऐसे नेता का मार्गदर्शन मिलने जा रहा है। प्रथम सत्र को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'लोक व्यवहार एवं समय प्रबंधन, व्यक्तित्व कौशल' विषय पर संबोधित किया। द्वितीय सत्र को केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 'विकसित भारत-मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदम' विषय पर संबोधित किया, जिसकी अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री डीडी उइके ने की। तृतीय सत्र में तीन समानांतर सत्रों को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटिक, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं सांसद सुधीर गुप्ता ने संबोधित किया।

## बोर्ड परीक्षाओं की रिटोटलिंग में कांट-छांट कर बढ़ाए जा रहे नंबर

### इंदौर जिले के मूल्यांकन केंद्र में सामने आया मामला



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं के मूल्यांकन केंद्रों पर सेटिंग हो तो कापियों में आसानी से नंबर बढ़ाए जा सकते हैं। ऐसा ही मामला इंदौर जिले के मूल्यांकन केंद्र में सामने आया है। यहां मूल्यांकनकर्ताओं ने दसवीं-बारहवीं की कापियों की चैकिंग सुरक्षा का घेर कर तोड़कर नंबर बढ़ाए जा रहे हैं। छात्रा को पहले 34 नंबर दिए गए और रिटोटलिंग में उसे बढ़ाकर 43 नंबर कर दिया गया। शिक्षक ने कापी के ऊपर नो चेंज तक लिख दिया है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा में हर साल करीब 17 से 18 लाख परीक्षार्थी शामिल होते हैं। उक्त परीक्षार्थियों की करीब एक करोड़ कापियां चैक होती हैं। कापी चैकिंग के बाद रिजल्ट घोषित होता है। विद्यार्थी गलत मूल्यांकन की शिकायत करते हैं और रिटोटलिंग के लिए आवेदन करते हैं। माशिमं परीक्षा में पेपर वितरण से लेकर मूल्यांकन तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करता है। इसके बाद भी मूल्यांकनकर्ताओं ने कापियों में कांट-छांट कर नंबर बढ़ा दिए हैं।

### मूल्यांकन केंद्र पर ऐसे बढ़े नंबर

माशिमं की बारहवीं परीक्षा में एक छात्रा (रोल नंबर 2553024) ने प्रायवेट श्रेणी में परीक्षा दी। छात्रा को राजनीति शास्त्र में 100 में से 43 नंबर मिले हैं। तब छात्रा ने रिटोटलिंग का ऑनलाइन आवेदन किया। यह आवेदन इंदौर के मूल्यांकन केंद्र पहुंचा। जब छात्रा की कापी निकाली गई, तो उसमें 80 में से 34 नंबर थे। मूल्यांकन केंद्र पर कापी में काट-छांट कर 43 नंबर कर दिए गए। कापी में बाकायदा जिन प्रश्नों के उत्तर में नंबर कम दिए थे, उसमें भी बढाए गए। इसके बाद ओवर आल नंबर 80 में से 43 कर रिटोटलिंग के आवेदन में नो चेंज लिखकर भेज दिया। इंदौर में कई कापियों में इसी तहर अंकों में हेरफेर किया गया है।

> कापी में कोई काट-छांट नहीं की गई है। इससे ज्यादा मैं कुछ और नहीं बता सकती हूं।
> ■ **बबीता हयारण**, मूल्यांकन प्रभारी इंदौर

## दो कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में सरकार पर दस हजार की कॉस्ट लगाई

**जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने लगाई कॉस्ट**

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ दो कर्मियों के नियमितीकरण संबंधी अन्य लाभ न देने के मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले में सरकार पर दस हजार रुपये की कॉस्ट लगाई है। वहीं पूर्व आदेश के परिपालन में कलेक्टर हाजिर हुए, जिन्होंने बिना शर्त माफी मांगते हुए नब्बें दिन के भीतर आवेदकों को उनका हक दिये जाने की अंडरटेकिंग दी। जिसके बाद न्यायालय ने मामले का पटाक्षेप कर दिया। हाईकोर्ट में यह मामला पृथ्वीपुर तहसीलदार के कार्यालय में सेक्शन राइटर पद पर कार्यरत् महेश कुमार कोरी और एक अन्य की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वे पिछले तीस सालों से नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिस पर उन्हें शासन की नीति अनुसार कुशल श्रमिकों के बराबर का दर्जा देते हुए संबंधित सभी लाभ दिये जाये। उक्त मामले को लेकर उन्होंने कलेक्टर के समक्ष अभ्यावेदन दिया था, जिसे निरस्त कर दिया गया। मामले की सुनवाई दौरान न्यायालय ने पाया कि उक्त मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, जहां से सरकार की याचिका खारिज हो गई। जिस पर न्यायालय ने कलेक्टर को हाजिर होने के निर्देश दिये थे। जिस पर कलेक्टर ने बिना शर्त माफी मांगते हुए पूर्व आदेश के परिपालन में नब्बें दिनों के भीतर आवेदकों को उनका हक प्रदान किये जाने का जवाब दिया। जिसके बाद न्यायालय ने सरकार के रवैये को आड़े हाथों लेते हुए दस हजार की कॉस्ट लगाते हुए मामले का पटाक्षेप कर दिया।

## दूसरे संस्थानों के प्रोफेसर बीयू के प्रैक्टिकल लेने से कर रहे इनकार

### प्रैक्टिकल समय पर नहीं होने के कारण रिजल्ट में हो रही देरी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विवि की प्रैक्टिकल परीक्षाएं लेने प्रोफेसर तैयार नहीं हो रहे हैं। इससे बीयू की परीक्षाएं तो जैसे तैसे पूरी हो रही हैं, लेकिन प्रैक्टिकल समय पर नहीं होने के कारण रिजल्ट में देरी हो रही है। दूसरी तरफ बाहरी राज्यों से आने वाले प्रोफेसरों को समय पर टीए, डीए नहीं मिलने से उन्होंने भी बीयू से तौबा कर ली है। बता दें कि मैनिट, नूतन कालेज, गीतांजलि कालेज, रीजनल कालेज, विदिशा में सम्राट आशेक टेक्नालजी इंस्टीट्यूट (एसएटीआई) और बीयू कम्प्यूटर साइंस विभाग व फिजिक्स विभाग के प्रोफेसरों ने बीयू की परीक्षाओं में होने वाले प्रैक्टिकल लेने के लिए साफ इंकार कर दिया है। इससे बीयू की थ्यौरी परीक्षाओं का मूल्यांकन होने के बाद प्रैक्टिकल के अंकों का इंतजार रहता है। बीयू द्वारा जारी किए गए टाइम टेबिल पर उक्त संस्थान के प्रोफेसर तय तिथि पर प्रैक्टिकल लेने से इंकार कर देते हैं। बीयू कुलगुरु प्रो सुरेश कुमार जैन का कहना है कि जो प्रोफेसर प्रैक्टिकल लेने से इंकार कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करने शासन से पत्र व्यवहार किया जाएगा।

### 30 अंकों का सवाल

परीक्षा पूरे 100 अंकों की होती है। इसमें थ्यौरी परीक्षा 70 और 30 अंक के प्रैक्टिकल होते हैं। यह 30 अंक प्रैक्टिकल के देने अधिकारी प्रोफेसरों के हाथ पैर जोड़ने तक को तैयार हो जाते हैं। प्रोफेसरों के इंकार करने के बाद बीयू दूसरे संस्थान व कालेजों के प्रोफेसरों को बुलाकर प्रैक्टिकल कराने पड़ रहे हैं। हालांकि बीयू आगामी सप्ताह में बीएससी और बीकाम के अंतिम वर्ष की परीक्षाओं के रिजल्ट जारी कर देगा। बीए के अंतिम वर्ष क रिजल्ट देने में विलंब हो सकता है। क्योंकि मूल्यांकन में समस्याएं आ रही हैं। बीएससी और बीकाम के अंतिम वर्ष का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। उनके रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इसलिए बीयू अगले सप्ताह से रिजल्ट देने का सिलसिला शुरु कर देगा।

## पति से अलग रह रही पत्नी भरण-पोषण राशि की हकदार नहीं

**जागरण, जबलपुर।** कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विजय सिंह कावछा की अदालत ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि बिना किसी ठोस कारण के पति से अलग रह रही पत्नी भरण-पोषण राशि की हकदार नहीं है। सुनवाई के दौरान अनावेदक सिंधी कैंपए पश्चिमी स्कूल के पीछेए करियापाथर निवासी पति प्रिंस उर्फ पंकज अहिरवार की ओर से अधिवक्ता संदेश दीक्षित ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 27 अप्रैलए 2018 को अनावेदक का विवाह आवेदिका शिवानी अहिरवार के साथ हिंदू वैदिक रीति-रिवाज से हुआ था। पत्नी ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का झूठा दोषारोपण किया है, हकीकत में ऐसा कुछ नहीं था। वह अपनी मर्जी से ससुराल से मायके चली गई। अब व संतोषजनक व पर्याप्त कारण के बिना ही पृथक निवास कर रही है। ऐसे में भरण-पोषण राशि की मांग बेमानी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि अनावेदक पति सब्जी का ठेला लगाकर किसी तरह गुजर-बसर करता है। उसके द्वारा ठेकेदारी आदि का कार्य किए जाने की बात मनगढ़ंत है। वास्तव में ऐसा कुछ भी नहीं है। आवेदिका जब तक ससुराल में रही, उसकी सुख-सुविधा का पति द्वारा पूरा ख्याल रखा गया। यहां तक कि उसकी जिद पूरी करने के लिए अलग से किराए का मकान तक लेकर रहा।

## इजरायल-ईरान तनाव कम न हुआ तो बढ़ेंगी कच्चे तेल की कीमतें

**दिल्ली।** अगर इजरायल और ईरान के बीच तनाव और बढ़ता है तो ऐसी स्थिति में ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि यह मौजूदा स्तर से 103 फीसदी की भारी बढ़ोतरी होगी। हालांकि, अगर यह संघर्ष कम हो जाता है, तो ऊर्जा बाजार जल्दी ही सामान्य हो सकता है। पिछले हफ्ते इजराइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों ने ईंधन की कीमतों को प्रभावित किया। इससे क्रूड ऑयल और नेचुरल गैस की कीमतों में तेजी से उछाल आया, क्योंकि पश्चिम एशिया में बड़े संघर्ष की आशंका फिर से जाग उठी। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें हमलों के बाद 78.5 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं, लेकिन बाद में घटकर 75 डॉलर प्रति बैरल हो गईं। नीदरलैंड्स में नेचुरल गैस की कीमतें भी पिछले हफ्ते 5 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 38.24 यूरो प्रति मेगावाट-घंटा हो गईं। अगर सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे प्रमुख उत्पादक देशों से क्रूड, रिफाइंड प्रोडक्ट्स या लिक्विड नेचुरल गैस की सप्लाई पर सीधे हमले या स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने से रुकावट आती है, तो क्रूड ऑयल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा सकती हैं और लंबे समय तक वहां टिक सकती हैं। रैबोबैंक इंटरनेशनल के ग्लोबल स्ट्रैटेजिस्ट माइकल एवरी ने जो डेलौरा और फ्लोरेंस श्मिट के साथ मिलकर लिखे नोट में कहा, अगर सऊदी के तेल, गैस, शिपिंग या रिफाइनिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाता है और नष्ट कर दिया जाता है।

## बीबीए-बीसीए की मान्यता के लिए लगानी पड़ रही दिल्ली दौड़

### चालीस फीसदी कॉलेजों के पास नहीं है मान्यता, काउंसलिंग की तिथि बढ़ाई गई

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आधा दर्जन कोर्स की ऑनलाइन काउंसलिंग सोमवार से शुरू कर रहा है। बीबीए और बीसीए की काउंसलिंग अब 22 जून से शुरू करेगा। इसका कारण प्रदेश के चालीस फीसदी कालेजों को मान्यता लेने एआईसीटीई दिल्ली तक दौड़ लगानी पड़ रही है। इसलिए कालेजों की मांग पर काउंसलिंग में एक सप्ताह की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश में करीब 293 कालेजों में बीबीए और 197 कालेजों में बीसीए कोर्स की पढ़ाई होती है। उक्त कालेजों में से बीसीए के 85 और बीबीए के लिए 118 कालेज मान्यता और संबंधित विवि से संबद्धता लेकर काउंसलिंग में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। अभी तक कालेज उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता लेकर प्रवेश देते थे। अब उन्हें काउंसलिंग में शामिल होने दिल्ली स्थित एआईसीटीई से मान्यता लेकर आना होगी। राजधानी के नूतन कालेज को भी बीबीए की मान्यता लेने दिल्ली पहुंचकर एआईसीटीई में दस्तावेज जमा कर मान्यता लेनी पड़ी है। एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 16 जून से शुरू होगी। प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन 16 से 29 जून, चॉइस फिलिंग 18 जून से 3 जुलाई तक। मेरिट लिस्ट 4 जुलाई को आएगी और आवंटन के बाद छात्रों को 9 से 14 जुलाई के बीच संस्था में दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा। द्वितीय चरण में 10 से 19 जुलाई तक पंजीयन, 24 जुलाई को मेरिट लिस्ट, 28 जुलाई से 1 अगस्त तक रिपोर्टिंग की प्रक्रिया चलेगी।



### 17 तक होंगे डीआर्क के पंजीयन

डिप्लोमा आर्किटेक्चर के द्वितीय चरण के रजिस्ट्रेशन 17 जून तक होंगे। विद्यार्थी चॉइस फिलिंग 10 से 21 जून तक कर पाएंगे। मेरिट लिस्ट 22 जून को जारी होगी। आवंटन के बाद विद्यार्थी 26 से 30 जून तक संस्था में दस्तावेज सत्यापन कराएंगे। सीएलसी-2 जुलाई से 13 अगस्त तक विशेष तिथियों (सोम, बुध, शुक्र) को आयोजित होगी।

> एआईसीटीई दिल्ली पहुंचकर दस्तावेज जमा करने के बाद बीबीए की मान्यता मिली है। प्रवेश कराने तकनीकी शिक्षा विभाग के पास समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए हैं।
> ■ **डॉ दिप्ती श्रीवास्तव**, प्राचार्य, नूतन कालेज

### सीमैट के जरिए 16 जून से मिलेगा एमबीए में प्रवेश

एमबीए की सीटों पर प्रवेश लेने के लिए सीमैट से रजिस्ट्रेशन 16 से 29 जून, मेरिट लिस्ट 4 जुलाई, रिपोर्टिंग 9 से 14 जुलाई। यूजी के स्तर से द्वितीय की काउंसलिंग में प्रवेश दिया जाएगा। इसके तहत 10 से 19 जुलाई पंजीयन होंगे, 15 से 23 जुलाई तक च्वॉइस फिलिंग होगी। विभाग मेरिट लिस्ट 24 जुलाई को करेगा विद्यार्थी रिपोर्टिंग 28 जुलाई से 1 अगस्त तक कर पाएंगे। इसके बाद तीन सीएलसी 2 से 14 अगस्त तक संचालित होगी।


### लेटरल एंट्री से मिलेगा दूसरे वर्ष में प्रवेश

आईटीआई या 12वीं (पीसीएम) पास विद्यार्थी डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले पाएंगे। प्रथम चरण के पंजीयन 15 से 30 जून, चॉइस फिलिंग 20 जून से 4 जुलाई, मेरिट लिस्ट 5 जुलाई को। रिपोर्टिंग 10 से 15 जुलाई के बीच। सीएलसी 16 जुलाई से 14 अगस्त तक आयोजित होगी।

**विवाद** | बावडयिा रेलवे फाटक के तीसरे रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण तीन साल बाद भी नहीं हो सका शुरू

## फोरलेन करने पर रेलवे व पीडब्ल्यूडी आमने-सामने

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बावडयिा रेलवे फाटक 246 नंबर के पास तीसरा रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण तीन साल पूरे होने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। इसकी फाइल रेलवे और पीडब्ल्यूडी आमने सामने आ गए हैं। रेलवे को 2-लेन आरओबी की अनुमति मिली है, जबकि पीडब्ल्यूडी का तर्क है कि रेलवे को इसे 4-लेन बनाना चाहिए। रेलवे के पास 4-लेन आरओबी तैयार करने के लिय पर्याप्त बजट मौजूद नहीं है। गत दिनों हुई रेलवे के मुख्य अभियंता ने पीडब्ल्यूडी से कहाकि वे 2-लेन ब्रिज तैयार कर देंगे। शेष 2-लेन स्वयं पीडब्ल्यूडी तैयार कर ले। रेलवे के इस प्रस्ताव को पीडब्ल्यूडी ने खारिज कर दिया है। वह रेलवे से 4-लेन आरओबी को तैयार कराने की जिद पर अड़ा है। पीडब्ल्यूडी का कहना है कि ट्रैफिक को ध्यान में रखकर आरओबी चौड़ा बनाया जाएगा जिससे ट्रैफिक की समस्या ज्यादा नहीं होगी और 4-लेन आरओबी होने से ट्रैफिक को राहत मिलेगी। बावड़िया कला रेलवे फाटक के पास आरओबी बनने वाला तीसरा होगा। इसके पास बावड़िया ब्रिज-1 बना हुआ है। इसके आगे बावड़िया कला चौराहे से आशिमा मॉल के पहले तक बावड़िया ब्रिज-2 का काम जून में शुरू होगा। ये दोनों ब्रिज पीडब्ल्यूडी के हैं। नए आरओबी की फाइल इसलिए भी अटक गई है, क्योंकि पीडब्ल्यूडी ने रेलवे की जनरल अरेजमेंट ड्राइंग (जीएडी) पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। इसलिए बजट सेंक्शन होने के बाद भी रेलवे अपने आरओबी का काम शुरू नहीं कर पा रहा है। मामला 2-लेन और 4-लेन के बीच में अटक कर रहा गया है।



### निकल चुका है टेंडर

बावड़िया कला चौराहे के पास से आशिमा मॉल के पहले (पुरानी बीआरटीएस लेन) तक बनने जा रहे बावड़िया आरओबी-2 का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो सकता है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शासन ने प्रशासकीय स्वीकृति दे दी है। पीडब्ल्यूडी ने नौ जून को टेंडर निकाल दिया है। निर्माण एजेंसी का चयन होने के बाद वर्क ऑर्डर की प्रक्रिया में 2-3 महीने का वक्त लगेगा। 733 मीटर लंबे 4 लेन आरओबी पर आने और जाने के लिए वाहन चालकों को 7.5-7.5 मीटर का स्थान मिलेगा।

### पूरी उठापटक बेनतीजा

733 मीटर लंबा आरओबी बनाने रेलवे ने 22 फरवरी 2022 को पहला पत्र पीडब्ल्यूडी को भेजा था। करीब 18.80 करोड़ रुपए के सेंक्शन बजट के साथ इस आरओबी को 24 महीने में तैयार करना था। पत्र मिलने के बाद 3 मार्च 2022 को पीडब्ल्यूडी ने रेलवे को सुझाव पत्र भेजा और कहा कि 2-लेन आरओबी को 4 लेन बनाएं। इसके बाद से ही दोनों विभागों के बीच एक दर्जन बार पत्र व्यवहार हो चुका है, लेकिन अभी तक की सभी उठापटक बेनतीजा ही रही है।

### आरओबी बनने के बाद पांच लाख लोगों को होगा फायदा

बावड़िया ब्रिज-1 पर अभी प्रतिघंटे वाहनों के गुजरने की संख्या यानी पीसीयू 20 हजार है। इससे ब्रिज पर रोजाना जाम के हालात बनते हैं। इसे देखकर ही आशिमा मॉल के सामने एक और ब्रिज बनाया जा रहा है। लेकिन कोलार, बावड़िया कला, रोहित नगर, सलैया, नर्मदापुरम रोड पर बढ़ती आबादी के लिए ये दोनों ब्रिज काफी नहीं होंगे। रेलवे यदि 2-लेन आरओबी में दो लेन बढ़ा लेता है तो करीब पांच लाख आबादी को फायदा होगा।

## पमरे ने दो महीने में मालभाड़े से कमाए 1022 करोड़ रुपए

### गुड्स से कमाई में लगातार हो रही बढ़ोतरी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल के राजस्व में मालभाड़े से लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में यह देखा जा रहा है। पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल एवं मई यानि दो माह में 1022 करोड़ 92 लाख रुपए माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 929 करोड़ 75 लाख रुपए की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार भोपाल मण्डल ने 130 करोड़ 13 लाख रुपए माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। जबलपुर मण्डल ने 691 करोड़ 29 लाख रुपए माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 620 करोड़ 93 लाख रुपए की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत अधिक है। कोटा मण्डल ने 201 करोड़ 50 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 172 करोड़ 43 लाख रूपये की तुलना में लगभग 17 प्रतिशत अधिक है।

### इन तरीकों से बढ़ रहा मुनाफा

मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई। माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं शुरू की गईं। नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है।

## भोपाल में बढ़ रहे कोरोना के मरीज शुरू नहीं हो सकी टेस्ट की व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में कोरोना के नए मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इन्हें मिलाकर अब शहर में इस सीजन में कोरोना के मरीजों की कुल संख्या 8 पहुंच गई है। जबकि मप्र में यह संख्या 169 पहुंच गई है। मप्र में 27 नए मामले सामने आ हैं। यह इस साल में एक दिन में मिले सबसे ज्यादा केस हैं। अब राज्य में कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या अब 169 हो गई है, जिसमें से 120 सक्रिय (एक्टिव) मामले हैं। 46 लोग ठीक हो चुके हैं, लेकिन इस साल अब तक 3 मौतें भी दर्ज की गई हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि जब प्रदेश में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, तब भी सरकारी स्तर पर कोरोना की सैंपलिंग बंद है। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि बिना जांच के आखिर संक्रमण की सही तस्वीर कैसे सामने आएगी? हालांकि, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग केंद्र ने सरकारी अस्पतालों में जल्द आरटीपीसीआर जांच (जो कोरोना की सबसे सटीक जांच मानी जाती है) शुरू करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन यह कब तक शुरू होगी, यह अभी साफ नहीं हो सका है।

# भ्रष्टाचार की चपेट में पौधरोपण की योजनाएं



## कागज में हो रहा पौधरोपण लाखों रुपए की खेली जा रही होली जिम्मेदार मौन शांति से खा रहे मलाई

**जागरण, मंडला।** जिले में वन विभाग में भारी गोलमाल चल रहा हैं और एक तरफ नर्सरी में पौधे रोपड़ और उनके रेख देख खाद फेंसिंग के नाम पर लाखों के बारा न्यारा कर रहें हैं, आज जंगल की तेजी से सफाई अभियान चल रहा हैं। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गड़बड़ियों का खजाना बन गया है। मध्य प्रदेश का मंडला जिला वन विभाग वन माफियाओं के चुंगल में फ़सा नजर आ रहा हैं। इस जिले में तमाम तरह की गड़बड़ी हो रही है सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार हो रहा है और विकास सिर्फ कागज में किया जा रहा है हकीकत की धरातल में विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन कम हो रहा है जिसकी वजह से मंडला जिला आज भी विकास के मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाया है हर बार की तरह इस बार भी हरियाली के नाम पर गड़बड़ी करने का गोरख धंधा शुरू हो चुका है देखा यह जाता है कि बरसात में या अन्य अवसरों में मध्य प्रदेश की मंडला जिले में पौधारोपण किया जाता है हकीकत की धरातल में कम और कागज में पौधा रोपण ज्यादा किए जाने की चर्चा जोरों पर चल रही है पौधा लगाने के बाद उनकी देखरेख में भी घोर लापरवाही की गई है इस बार भी यही होना है ऐसा अनुमान सभी के द्वारा लगाया जा रहा है वैसे भी इस जिले में व्यापक स्तर में हर गांव हर शहर में वृक्षारोपण नहीं किया जाता है अभी से वृक्षारोपण की तैयारी कहीं दिखाई नहीं दे रही है खासकर ग्राम पंचायत में तो वृक्षारोपण की तैयारी नहीं की जा रही है इसके अलावा शहरों में भी वृक्षारोपण की तैयारी ज्यादा कहीं दिखाई नहीं दे रही है चर्चा चल रही है कि हर बार भारी धांधली की जाती है फर्जी बिल वाउचर लगाकर भ्रष्टाचार किया जाता है ।

इस बार ऐसा ना हो इस बात का ध्यान रखते हुए शासन प्रशासन द्वारा मध्य प्रदेश की मंडला जिले में व्यापक मात्रा में एक अभियान चलाकर सघन वृक्षारोपण कराया जाए और इस जिले को हरा-भरा बनाने के लिए परिणामकारी प्रयास किए जाएं जहां-जहां पूर्व में वृक्षारोपण किए गए हैं और उनमें सुरक्षा की आवश्यकता है तो उनमें विशेष ध्यान दिया जाए और जो पौधे अब लगाए जाएंगे उनकी विशेष देखरेख के लिए विशेष कार्यक्रम बनाया जाए ताकि वह कार्यक्रम असफल ना हो और इस जिले में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपूर्ण मध्य प्रदेश में सफल हो ऐसा प्रयास शासन प्रशासन के अलावा जनप्रतिनिधि समाजसेवी व अन्य समाज सेवी संस्थाएं करें तो जनहित में बेहतर होगा ऐसा लोगों का मानना है फिलहाल ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है जिससे लोग चर्चा कर रहे हैं कि इस जिले में वृक्षारोपण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है सिर्फ इसके नाम पर गड़बड़ी की जा रही है लोग कहते हैं हरियाली के नाम पर धांधली करने का कारोबार इस जिले में पुराना है जिसे अब बंद किया जाना चाहिए बहुत हो गया काफी लंबे समय से यह कारोबार किया जा रहा है शासन प्रशासन को इस विषय पर ध्यान देना होगा ऐसा लोगों का मानना है नागरिकों की मांग है कि तत्काल इस विषय पर गड़बड़ी बंद की जाए और हकीकत के धरातल में वृक्षारोपण का कार्य मध्य प्रदेश के मंडला जिले में कराया जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

# पर्यटन को बढ़ावा देने 2938 लाख रूपए से बनेगी 13 किमी तक सड़क



**छतरपुर ।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग की स्थाई वित्तीय समिति की 287वीं बैठक में छतरपुर संभाग के 21 सड़क निर्माण कार्यों के प्राक्कलनों को स्वीकृति मिली, जिसमें राजनगर विधानसभा क्षेत्र के 8 महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं। राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। स्थानीय लोगों ने विधायक के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए खुशी जताई है। विधायक अरविंद पटैरिया ने बताया कि स्वीकृत मार्गों में पर्यटन क्षेत्र खजुराहो के शक्ति की माड़िया से रनेह फॉल तक 13 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण शामिल है, जिसकी लागत 2938.02 लाख रुपये है। यह सड़क पर्यटन और स्थानीय आवागमन को बढ़ावा देगी। अन्य मार्गों में लक्ष्मणपुरा से भितरिया पहुंच मार्ग (1 किमी, 116.65 लाख), मेन रोड खजवा से किरवा पुरवा पहुंच मार्ग (1.80 किमी, 208.07 लाख), मेन रोड मऊ मसानियां के पहले धवाड़ पहुंच मार्ग (1.20 किमी, 257.82 लाख), बम्होरी तिराहा से धुराटी ठाकुर पुरवा मार्ग (1 किमी, 121.50 लाख), पीरा से सदाफट मार्ग (0.90 किमी, 101.94 लाख), दोनी से गऊवा पुरवा पहुंच मार्ग (2.70 किमी, 474.19 लाख) और देवनगर से मुड़वरा पहुंच मार्ग (2 किमी, 230.06 लाख) शामिल हैं। पटैरिया ने कहा कि ये सड़कें ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़ेंगी, जिससे किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। विशेष रूप से रनेह फॉल मार्ग पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती आएगी।

# पहली बारिश में ही खुल गई बिजली विभाग की पोल

## जिला मुख्यालय सहित कई इलाकों में घंटों रहा ब्लैकआउट तार टूटे, डीपी फॉल्ट, मेंटीनेंस के दावों पर उठे सवाल



**जागरण, छतरपुर ।** बीते रोज छतरपुर जिले में हुई पहली ही बारिश ने बिजली विभाग की लापरवाही की पोल खोल दी। तेज बारिश के बाद जिला मुख्यालय सहित कई इलाकों में तार टूटने और डीपी फॉल्ट होने से घंटों तक बिजली गुल रही, जिससे ब्लैकआउट की स्थिति बन गई। गर्मी और उमस के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से जनता में आक्रोश फूट पड़ा। रात के समय कुछ लोगों ने छतरपुर के विद्युत कार्यालय के बाहर चक्काजाम कर विरोध जताया। गौरतलब है कि लंबे समय से मेंटीनेंस के नाम पर कटौती करने और करोड़ों रुपये खर्च करने के दावों के बावजूद पहली बारिश में बिजली व्यवस्था का ध्वस्त होना विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर रहा है। जिला मुख्यालय के हाल से, जिले के ग्रामीण इलाकों की बदहाल स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को हुई तेज बारिश ने छतरपुर शहर सहित जिले के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। छतरपुर शहर में कई जगह तार टूट गए और डीपी फॉल्ट होने से बसारी दरवाजा, सटई रोड, चौबे कॉलोनी सहित अन्य कई इलाकों में घंटों ब्लैकआउट रहा। रात 12 बजे से बिजली गुल होने से लोग उमस और गर्मी में रातभर जागते रहे। जिले के अन्य शहरी क्षेत्रों जैसे खजुराहो, राजनगर, लवकुशनगर, चंदला, गौरिहार, बड़ामलहरा, घुवारा और नौगांव में भी यही हाल रहा। इन क्षेत्रों के ग्रामीण इलाकों में स्थिति और बदतर थी, जहां बारिश के बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।

## थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित गुंडा लिस्टेड अपराधी को किया गिरफ्तार

**छतरपुर ।** थाना कोतवाली पुलिस को विगत दिवस शाम महोबा रोड फॉरेस्ट कार्यालय के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर संदेह के आधार पर संदेही को रोक कर तलाशी ली। थैले में अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। अवैध मादक पदार्थ गांजा करीब सवा किलो कीमत 15000 रुपये जप्त कर अवैध मादक पदार्थ में लिप्त आरोपी महबूब खान पिता रसूल खान निवासी टोरिया मोहल्ला छतरपुर को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली में एनडीपीएस अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त महबूब खान एक गुंडा लिस्टेड अपराधी है इसके विरुद्ध अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ- गांजा, शराब जैसे आधा दर्जन से अधिक अपराध पूर्व से दर्ज हैं। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव,अरविंद कुशवाहा,नरेश परिहार, संदीप वर्मा की भूमिका रही।

# जिला डिंडौरी में खरीफ 2025 के लिए बीज, खाद एवं कीटनाशक की गुणवत्ता जांच सघन अभियान



**जागरण, डिंडोरी।** किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, जिला डिंडौरी द्वारा खरीफ वर्ष 2025 के लिए बीज, खाद एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय सघन गुण नियंत्रण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत जिले में विक्रय की जा रही कृषि सामग्रियों की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। अभियान के अंतर्गत गत दिवस शहपुरा विकासखंड के किसान कृषि सेवा केंद्र, आशीष बीज भंडार, माँ नर्मदा बीज भंडार, मेसर्स राज साहू, साहू ट्रेडर्स, किसान सुविधा केंद्र एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अमेरा के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीज एवं खाद के नमूने एकत्रित किए गए तथा दस्तावेजों एवं गोदामों की सघन जांच की गई। जांच में किसान सुविधा केंद्र, आशीष बीज भंडार एवं साहू ट्रेडर्स द्वारा लगभग 3 क्विंटल से अधिक बीज एवं 1 क्विंटल से अधिक खाद का बिना वैध दस्तावेजों के विक्रय पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से जप्ती एवं विक्रय प्रतिबंध की कार्रवाई की गई। साथ ही मेसर्स राज साहू एवं माँ नर्मदा बीज भंडार को आवश्यक दस्तावेज न रखने एवं स्कंध दर प्रदर्शित बोर्ड न लगाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. नेहा धुरिया, सहायक संचालक कृषि, श्रीमती प्रियंका ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह गुण नियंत्रण अधिकारी, सुश्री साक्षी बिरला, कृषि विस्तार अधिकारी एवं श्री पूर्वी कोरी, कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## चार पहिया वाहन में लगी भीषण आग, धू-धू कर जली कार

**छतरपुर ।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पारा-तिलौंहा के पास एक चार पहिया वाहन में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे कार आग का गोला बनकर जलकर खाक हो गई। घटना का वीडियो राहगीरों ने बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह नष्ट हो चुका था। चालक ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के राहगीरों ने इस भयावह दृश्य का वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह राख हो चुकी थी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# पटवारी अंकित मिश्रा पीएससी द्वारा हिंदी के सहायक प्राध्यापक चयनित

## मप्र पुलिस में भी दे चुके सेवाएं

**जागरण, छतरपुर ।** महाराजा ऑटोनॉमस पीजी कॉलेज,छतरपुर से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अंकित मिश्रा का चयन पीएससी द्वारा सहायक प्राध्यापक हिंदी के पद पर हुआ है ।चयन के बाद अंकित को परिजनों,मित्रों एवं अधिकारियों से बधाईयां मिल रही हैं। वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ एस पी जैन एवं श्री प्रकाश रूसिया के मुताबिक इसके पूर्व अंकित मप्र पुलिस और राजस्व विभाग में पटवारी की परीक्षा उत्तीर्ण कर पटवारी के रूप में कार्यरत हैं ।आप शिक्षक श्री कृष्णकुमार मिश्रा एवं श्रीमती इंद्रा मिश्रा,धमना के सुपुत्र हैं। लोक सेवा आयोग द्वारा विगत दिनों जारी हिंदी के सहायक प्राध्यापक की चयन सूची में अंकित मिश्रा का नाम (23 वीं रैंक) आने पर उनके परिजनों और मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई ।अब उन्हें पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी बधाईयां दे रहे हैं। शुरू से ही पढ़ाई में तेज रहे जिले के छोटे से ग्राम धमना निवासी अंकित मिश्रा ने महाराजा पीजी कॉलेज,छतरपुर से उच्च अंकों के साथ बी.एस-सी की तथा चित्रकूट ग्रामोदय यूनिवर्सिटी,सतना से हिंदी से एम.ए. किया ।इसके बाद अंकित वर्ष 2023 में यूजीसी नेट एवं सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक प्राध्यापक की तैयारी में जुट गए।अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते पर अब वे हिंदी के सहायक प्राध्यापक बनने में सफल रहे हैं। उल्लेखनीय की अंकित इसके पूर्व मप्र पुलिस में 14 अक्टूबर 2014 से 5 अगस्त 2018 तक अपनी सेवाएं देने के बाद वर्तमान में 6 अगस्त 2018 से पटवारी चयनित होकर कर राजस्व विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**ग्राम बंजरा पंचायत में लीच पिट निर्माण के नाम पर खेल**

# एक ही फर्म को दो वर्षों से मिल रहा ठेका, आखिर कैसे

## सरपंच, सचिव 15वें वित्त की राशि में गड़बड़ी एक ही फर्म को दो वर्षों तक मिला सारा भुगतान नियमों की उड़ी धज्जियां

**जागरण, डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजरा में पंचायत निधियों के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। पंचायत में सरपंच और सचिव द्वारा अपने नजदीकी सप्लायर को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार एक ही फर्म ङ्क रूस्र ङ्घ स्र ञ्चठ्ठश्चक्र को लाखों रुपए की सामग्री बार बार खरीदी का भुगतान किया जा रहा है,जबकि सरकार के 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि के उपयोग में सख्त गाइडलाईन जारी किए गए है इसके बावजूद बंजारा सरपंच,सचिव भारी अनियमितता बरती जा रही है। बता दें कि ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत रूस्र ङ्घ स्र ञ्चठ्ठश्चक्र नामक एक ही फर्म को लगातार सभी कार्य के ?255,780 भुगतान किए गए, जो कि पंचायत संचालन के नियमों और वित्त आयोग की गाइडलाइन के स्पष्ट उल्लंघन के दायरे में आता है। बताया गया है कि उक्त फर्म को सामुदायिक लीच पिट निर्माण के नाम पर दोनों वर्षों में लाखों रुपए की राशि का भुगतान किया गया, जबकि 15वें वित्त आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पंचायतों को सामग्री क्रय एवं कार्यों के निष्पादन में प्रतिस्पर्धी निविदा प्रणाली अपनानी होती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और एकाधिक पात्र फर्मों को अवसर मिल सके। सूत्रों के अनुसार, ग्राम पंचायत बंजरा में किसी भी अन्य फर्म से न तो दरें ली गईं और न ही कोई निविदा प्रक्रिया अपनाई गई। इससे संदेह होता है कि यह भुगतान पूर्वनियोजित तरीके से किया गया है। सूत्रों की मानें तो एक ही फर्म को बार-बार भुगतान करना नियम विरुद्ध और पक्षपातपूर्ण निर्णय माना जाता है, जिससे भ्रष्टाचार की आशंका गहराती है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस मामले की समस्त भुगतानों की अविलंब जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग है आरोप है कि पंचायत स्तर पर गुपचुप तरीके से कार्य स्वीकृत कराकर, मस्टर रोल और माप पुस्तिका में हेराफेरी करते हुए भुगतान किया गया।

## प्री मानसून की पहली बरसात में ही कूड़े करकट से भरी नालियों का मलबा सड़कों पर आया

**छतरपुर ।** छतरपुर की पॉश कॉलोनियों में शुमार चौबे कॉलोनी का हाल मात्र ऊंची दुकान फ़ीके पकवान जैसा रह गया है। चौबे कॉलोनी मरियामाता स्कूल के आगे से एक सड़क जो नरसिंहगढ़ पुरवा मार्ग के नाम से जानी जाती है। यह सड़क चौबे कॉलोनी मरियामाता स्कूल से नरसिंहगढ़ पुरवा को जोड़ने का काम करती है। इस इलाके की रोड के आजू-बाजू नालियों की बारिश आने के पूर्व साफ सफाई न होने से एवम यहां घूरे में तब्दील हो चुके खाली पड़े प्लाट सफाई न किए जाने से कचरा घर मे तब्दील हो चुके हैं। आलम ये है कि यहां कचरा व गंदगी प्री मानसून की चंद मिनटों की पहली बरसात में चोक हो चुकी नालियों का कूड़ा करकट कीचड़ के रूप में सड़कों पर आ गया। पहली बारिश में ही यहां का वातावरण दुर्दशा व दुर्गंध व गन्दगी में बदल गया है। यहां की दुर्दशा का ऐसा आलम देखकर कोई भी आसानी से बता सकता है कि नगर पालिका के सफाई कर्मियों व अधिकारियों का फोकस मेन रोडो की साफ सफाई व मेंन रोडे चमकाने तक ही सीमित है। किसी भी कॉलोनी के अंदर झांकने व आने की फुर्सत तक उन्हें नहीं है।

# कपड़ा व्यापारी और ज्वैलर्स की दुकान में बड़ी चोरी

## करीब 80 लाख की संपत्ति चोरी होने का दावा, जांच में जुटी पुलिस

**जागरण, छतरपुर।** बमीठा कस्बे में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक कपड़ा व्यापारी और ज्वैलर्स की दुकान को निशाना बनाकर करीब 80 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने सुनियोजित तरीके से दोनों व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में सेंधमारी की, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बमीठा कस्बे में रात के समय चोरों ने कपड़ा व्यापारी सुनील उर्फ पन्नू जैन के घर और ज्वैलर्स नंदकिशोर सोनी की दुकान को निशाना बनाया। पन्नू जैन के घर से चोरों ने 40 से 50 तोला सोने के जेवर, 10 से 15 किलो चांदी के जेवर और ढाई लाख रुपये नकद चुराए हैं। वहीं नंदकिशोर सोनी की ज्वैलर्स दुकान में पीछे से घुसे और वहां से आभूषण चुराकर भाग निकले। चोरों ने सोनी की दुकान की ऊपरी मंजिल से पन्नू जैन के घर में प्रवेश किया। पन्नू जैन रात 12 बजे तक उसी कमरे में थे, लेकिन गर्मी के कारण सामने वाले कमरे में सोने चले गए। रात 1 से 2 बजे के बीच खटपट की आवाज सुनकर पन्नू जैन दो बार जागे और सड़क की ओर झांककर देखा, लेकिन कोई न दिखने पर फिर सो गए। कम से कम तीन चोरों ने पीछे के कमरे का दरवाजा बंद कर आराम से चोरी की और पीछे की सीढ़ियों से फरार हो गए। थाना प्रभारी अशतोष श्रोत्रिय पुलिस बल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

# नियमों की अनदेखी, सूचना पटल गायब



## 4 लाख की सीसी सड़क चंद महीनों में जर्जर होने को तैयार समनापुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया 02 का मामला

**जागरण, डिंडौरी।** आदिवासी बाहुल्य जिला डिंडौरी के ग्रामीण अंचलों में सरकार के द्वारा विभिन्न योजना से विकास कार्य तो कराए जा रहे हैं, लेकिन जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा समय पर निरीक्षण नहीं करने के चलते कई विकास कार्य भृष्टाचार की भेंट चढ़ रहे है। सरकारी ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को क्रियान्वित करने के लिए 5 वां वित्त और 15 वां वित्त आयोग की सहायता राशि से सीसी सड़क का निर्माण ग्राम पंचायतों के द्वारा कराया जाता है, लेकिन अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में जिम्मेदारों के गुणवत्ताविहीन सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके चलते चंद महीनों में लाखों रुपए की लागत से निर्मित सड़कें जर्जर हो रही है,जिसकी सुध लेने वाला कोई नही है ।बता दें कि ताजा मामला जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत पड़रिया-2 का सामने आया है जहां में 5 वें वित्त आयोग की 4 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क का निर्माण मुख्य मार्ग से जगदीश महाराज के घर की ओर की जा रही है। आरोप है कि सरपंच सचिव के द्वारा तय मापदंडों की अनदेखी कर गुणवत्ता में भारी अनियमितताएं की जा रही है ।वहीं लोगों का कहना है सड़क में न तो तकनीकी मापदंडों का पालन किया गया है और न ही निर्माण में गुणवत्ता की कोई ध्यान रखा गया है। बेस लेयर अधूरी, कंक्रीट की मोटाई मानक 8 इंच की जगह महज 4-5 इंच, और सबसे गंभीर बात यह कि वाइब्रेटर जैसी जरूरी मशीनरी का उपयोग भी नहीं किया गया है।

**बिना सूचना पटल के चल रहा निर्माण :** ग्राम पंचायत पडरिया-2 चार लाखों रू. की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य काराया जा रहा है। जहां जिम्मेदारों के द्वारा निर्माण स्थल में सूचना पटल लगाना उचित ही नहीं समझा। जबकि कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ कराने से पहले निर्माण स्थल में सूचना पटल पर संबंधित निर्माण कार्य की जानकारी लिखना अनिवार्य है। किंतु जिम्मेदारों के द्वारा शासन के दिशा-निर्देशों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ाई जा रही रहे है। निर्माण स्थल में सूचना पटल नहीं होने के कारण ग्राम के आमजनों समेत अन्य लोंगो को सीसी सड़क की लागत एवं मद समेत अन्य जानकारी नहीं मिल पा रही है। अखिर क्या कारण के उपयंत्री समेत ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा जानकारी छुपाया जा रहा है। जबकि कलेक्टर नेहा मारव्या के द्वारा आदेश जारी किया गया था कि कोई भी शासकीय निर्माण से पहले सूचना पता लगाना अनिवार्य है। लेकिन ग्राम पंचायत की जिम्मेदारों को न तो कलेक्टर के आदेश का फिक्र है न ही कार्रवाई का डर तभी तो खुलेआम नियम निर्देशों की अवहेलना किया जा रहा है। अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन भ्रष्टाचार के मामले में सजगता दिखाएगा? क्या सचिव, सरपंच व उपयंत्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी?

# टाइगर सफारी के साथ पर्यटकों का मन बहलाएगी विविध गतिविधियां

## कान्हा टाइगर रिजर्व में आरंभ हुई एमपीटीबी की दो दिवसीय कार्यशाला वर्षा काल में भी टाइगर रिजर्व में होगी पर्यटकों की चहल पहल बफर जोन में पर्यटन बढ़ाने हुई परिचर्चा

**जागरण, मंडला ।** कान्हा टाइगर रिजर्व जैसे सभी नेशनल पार्कों में सफारी के अलावा पर्यटन के अनुभव बढ़ाने, वर्षा ऋतु में पार्कों के बंद हो जाने के दौरान फुटफाल बढ़ाने तथा पर्यटन के व्यवसाय को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कान्हा टाइगर रिजर्व के एमपीटी के बघीरा रिजॉर्ट, मोचा में शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला आरंभ हुई। प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए एमपीटीबी के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ल के मार्ग दर्शन में आयोजित कार्यशाला में वाइल्ड लाइफ हैबिटेट में सस्टेनेबल ट्रैकिंग प्रैक्टिस, एडवेंचर एक्टिविटीज इंश्योरेंस , वेलनेस टूरिज्म, स्काई गेजिंग और साइकिल सफारी आदि विषयों पर हितधारकों ने चर्चा की। जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांश कूमट, कान्हा वन मंडल बफर जोन की उप संचालक अमिता के.बी. ; एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव, बिछिया की एसडीएम सोनाली देव, यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रविशंकर और होटल-लॉज संघ, कान्हा के अध्यक्ष तरुण भाटी ने दीप प्रज्ज्वल कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। बिछिया एसडीएम सोनाली देव ने साहसिक खेलों और आदिवासी संस्कृति को मंडला के पर्यटन विकास का मजबूत स्तंभ बताया। कान्हा नेशनल पार्क के बफर जोन की उप संचालक अमिता के ने पीपीटी के माध्यम से इको तथा रिस्पांसिबल टूरिज्म पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि कर सकता है। जिला पंचायत मंडला के सीईओ श्रेयांश कूमट ने कहा कि मंडला अध्यात्म और लोक संस्कृति का संगम है। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने पुरातत्व पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, प्राकृतिक पर्यटन, सांस्कृतिक पर्यटन सहित महाकाल लोक की तर्ज पर भविष्य में नर्मदा लोक विकसित करने के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि महिष्मति घाट की पंच चौकी महाआरती आज मण्डला में प्रयागराज और वाराणसी की झलक प्रस्तुत कर रही है।




**ईको टूरिज्म और एडवेंचर गेम्स की पर्याप्त संभावनाएं :** एमपीटीबी के साहसिक खेल विभाग के संयुक्त संचालक डॉ एस के श्रीवास्तव ने कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए बताया कि इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म के लिए भी पर्याप्त संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में पचमढ़ी में रॉक क्लाईमिंग का एडवेंचर शुरू किया गया है। उज्जैन में स्काई डायविंग के लिए ट्रेनर्स के साथ डायविंग भी कराई गई है।

**बदला जाए खटिया गेट का नाम :** कार्यशाला में सहभागी होटल, रिजॉर्ट संचालकों ने कहा कि खटिया गेट का नाम बदल दिया जाए ताकि पर्यटकों की गलतफहमी दूर हो कि यहां कोर क्षेत्र नहीं है और खटिया गेट से प्रवेश करने पर बाघ नहीं दिखते।

# गर्मी का पारा सातवें आसमान पर, नपा पानी सप्लाई करने में बना रही बहानें



## बरीघाट से डायरेक्ट पानी की सप्लाई बनी चिंता का विषय, पानी की टंकिया बनती जा रही शो-पीस

**टीकमगढ़।** शहर में पानी की समस्या लगातार बढती जा रही है। जिस प्रकार गर्मी अपना सितम ढा रही है, उसी प्रकार पानी की समस्या भी लोगों के लिए सबब बनती जा रही है। क्योंकि नपा के जलप्रदाय शाखा के कर्मचारी शहर के कुछ जगहों पर बरीघाट से डायरेक्ट पानी सप्लाई कर रहे है। जिससे पानी स्टोरेज एवं जल सप्लाई के लिए बनाई गई टंकिया शो-पीस बनती नजर आ रही है। जिससे जहां पर डायरेक्ट जल सप्लाई किया जाता है, वहां पर बिजली चली जाने पर तत्काल पानी सप्लाई बंद हो जाता है। ऐसे में शहर के लोगों को दो दिन में मिलने बाला पानी तीन और चार दिन में मिल पा रहा है। शहर के कुछ स्थान तो ऐसे है जहां के निवासी अपने घर पर टैंकर भी नही मंगवा सकते। क्योंकि वहां की गलियां इतनी सकरी है कि वहां पर टैंकर पहुंचना मुश्किल है, अगर पहुंच भी जाता है तो वहां पर ट्रैफिक की समस्या तत्काल उत्पन्न हो जाती है। जिससे लोगों को पानी की समस्या के लिए आऐ दिन मुसीबत का सामना करना पड रहा है।

आपको बता दे कि नगर की तरकीबन डेढ़ लाख से अधिक की आबादी है और नगर में कुल 11 हजार नल कनेक्शन हैं। भीषड़ गर्मी के कारण जमीनी जलस्तर काफ ी नीचे जाने से हैंडपंप पूरी तरह से बंद हो गए और जो चालू है उनमें मरम्मत का काम नहीं हुआ जिससे जंग का पानी आ रहा है। लोगो का कहना है कि वह पीने की पानी की समस्या से जूझ रहे है। और पानी पाताल नाप रहा है। इसके अतिरिक्त जिन हैंडपंपों का जल स्तर अत्यधिक नीचे जा चुका है उनको करीब 15 मिनिट चलाने के बाद जंग लगा हुआ पानी निकलता है। वही नगरपालिका द्वारा बरीघाट से की जाने बाली जल सप्लाई दो दिन की जगह तीन और चार दिन में की जा रही है। जिससे शहरवासियों को गर्मी के साथ-साथ प्यास से भी जूझना पड रहा है। नपा अंतर्गत पानी की पूर्ति करने के लिए अब तक कुल 530 हैडपंप है। जिसमें 450 चालू व 80 हैंडपम्प बंद पड़े है। अगर हम बात करे नल सप्लाई की तो करीब 60 प्रतिशत लोगों एक दिन छोडक़र और 40 प्रतिशत लोगों दो दिन के अंतराल में पानी मुहैय्या कराया जाता था। जिसके लिए कुल आठ पानी की टंकिया है। सूत्र बताते है कि कुछ टंकिया पूरी तरह से नहीं भर्ती जिससे नल का जल घर- घर नहीं पहुंचता है। और नल लाइन के अंतिम छोड़ पर रहने वाले हितग्राहियों को तो पानी बड़ी मुश्किल से मिलता है। क्योंकि आगे की लाईनों में लोग टिल्लू मोटर डालकर आसपास का जल खींच लेते है। जिससे कुछ लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। वही जलप्रदाय शाखा के कर्मचारी ने बताया कि बरीघाट से कुछ जगहों पर सीधा पानी सप्लाई किया जाता है। जिससे जो पानी का स्टोरेज करने के लिऐं टंकिया बनाई गई है। वह शो-पीश बन गई है। इससे कुछ चहेतों के घर तो डायरेक्ट पानी पहुंच रहा है, वही कुछ शहरवासियों को विजली सप्लाई बंद होने का बहाना बनाकर दो-तीन दिन तक पानी नही मिल पा रहा है। इस समस्या पर अगर नगरपालिका ने समय रहते ध्यान नही दिया तो आने बाले समय में शहर के लोगों को और परेशानी का सामना करना पड सकता है।

### डायरेक्ट पानी सप्लाई बना चिंता का विषय

बरीघाट से शहर में टंकियों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाना था। लेकिन कुछ कर्मचारी टंकियों में पानी न भरकर बॉल्ब को बंद कर सीधें बरीघाट से डायरेक्ट पानी सप्लाई कर रहे है। जिससे जैसे ही बरीघाट फिल्टर प्लांट पर अगर विधुत आपूर्ति बंद होती है तो मुहल्ले में सप्लाई हों रहा पानी तत्काल बंद हो जाता है। वही अगर टंकियों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाऐ तो वही पानी अधिक प्रेशर से सभी घरों तक पहुंचता है और विधुत आपूर्ति बंद होने के बाद भी कुछ समय तक चलता रहता है । जिससे मुहल्लेवासियों को पानी मिल जाता है। ऐसे में डायरेक्ट किए जा रहे पानी सप्लाई को लेकर लोगों में अब चिंता सताने लगी है कि अगर पानी टंकियों के माध्यम से नही आऐगा तो मुहल्ले के आधे घरों तक पानी पहुंच पाना मुश्किल हो रहा है।

### मानसून के दौरान विधुत आपूर्ति ठप होने पर कैसे होगी पानी की सप्लाई

जब ऐसे समय में नगर पालिका शहर में तीन और चार दिन में पानी सप्लाई किया जा रहा है, तो आने बाले समय में मानसून आने के दौरान कई बार विधुत आपूर्ति ठप्प होने की संभावना है, जिसके लिए नगर पालिका को अभी से तैयारी करनी चाहिऐं और शहर के लोगों को समय पर पानी मिलता रहे इसके लिए पर्याप्त इंतजाम कर लेने चाहिऐं। क्योंकि शहर के लोगों को चिंता सता रही है कि मानसून कब तक यहां पहुचंता है और मानसून के दौरान अगर आंधी-तूफान के कारण विधुत आपूर्ति बंद होती है तो नपा क्या तैयारी कर रही है, क्योंकि पानी समय पर नही मिलने के कारण शहरवासियों को यह चिंता सता रही है।

### इनका कहना है

बरीघाट से डायरेक्ट पानी सप्लाई की जानकारी नही है, अगर ऐसा हो रहा है तो तत्काल दिखवाता हूँ।

**ओमपाल सिंह भदौरिया, सीएमओ, नगर पालिका परिषद टीकमगढ़**

# तेंदुआ रेस्क्यू ऑपरेशन : पन्ना वन विभाग ने तेंदुए को गांव में केज करके जंगल में छोड़ा

**पन्ना।** कल दिनांक 14/06/25 को पूर्वाह्न में अमानगंज तहसील के इटौरी गाँव में एक तेंदुआ खुले सूखे कुएँ में गिर गया था। दक्षिण पन्ना वन विभाग की पवई वन परिक्षेत्र की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर कुएँ में लकड़ी की सीढ़ी व लॉग डालकर तेंदुए को स्वेच्छा से बाहर निकलने का अवसर दिया गया। देर रात तेंदुआ कुएँ से बाहर आ गया, लेकिन सुबह वह भटवा गांव में एक ग्रामीण के कच्चे मकान में घुस गया, जिससे स्थिति संवेदनशील हो गई। आज पूरे दिन पवई रेंज (दक्षिण पन्ना वनमण्डल) की टीम एवं पन्ना टाइगर रिज़र्व की क्षेत्रीय रेस्क्यू स्क्वाड द्वारा संयुक्त रूप से तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए गए। मौके पर पिंजरा स्थापित किया गया, तथा सावधानीपूर्वक तेंदुए को पिंजरे की ओर निर्देशित किया गया। शाम लगभग 5:30 बजे तेंदुआ सफलतापूर्वक पिंजरे में कैद कर लिया गया। इसके पश्चात उसे पूर्ण सुरक्षा के साथ एक सुरक्षित वन क्षेत्र में, जो मानव बस्तियों से काफी दूर है, स्थानांतरित कर प्राकृतिक आवास में मुक्त कर दिया गया। इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में किसी प्रकार की चोट या क्षति नहीं हुई। मानव एवं वन्यप्राणी सुरक्षा ङ्क दोनों सुनिश्चित की गईं। संपूर्ण ऑपरेशन के दौरान



दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा, पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणी स्वास्थ्य/चिकित्सा अधिकारी संजीव गुप्ता, पवई उपवनमण्डल अधिकारी कृष्ण मरावी, पवई वनपरिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल, एवं पवई रेंज का वन अमला एवं पन्ना टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम उपस्थित रहे। निम्न वनकर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन में सराहनीय योगदान दिया ¬ श्री बी के खरे परिक्षेत्र सहायक, श्री पुष्पेंद्र सिंह, श्री नरेंद्र राठौर, श्री रामजी गर्ग, श्री मनीष वर्मा, श्री सचेंद्र मोहन, श्री सरोज सिंह, श्री राकेश बडॉलिया, श्री पुष्पेंद्र पाल एवं अन्य। ग्रामीणों को भीड़ को नियंत्रित करने में स्थानीय पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध हथियार लेकर दहशत फैलाने वाले कुख्यात चोर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

### आरोपी के कब्जे से 01 अवैध देशी कट्टा व 01 जिंदा कारतूस जब्त
### उक्त आरोपी पर अजयगढ़ एव उत्तर प्रदेश के विभिन्न थाना क्षेत्रों मे चोरी व अन्य आपराधिक प्रकरण है दर्ज

**पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन मे बृजपर थाना की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र मे अवैध हथियार लेकर दहशत फैलाने वाले 01 आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्य़वाही की गई है।थाना प्रभारी बृजपुर को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अज्ञात व्यक्ति अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है, जिससे आम नागरिकों में भय और दहशत का माहौल है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा एवं 01जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान प्रमोद उर्फ पिल्ला सोनकर के रूप में हुई है, जो कि क्षेत्र का कुख्यात चोर है। आरोपी पूर्व में अजयगढ़ एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है तथा उसके विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध हथियारों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण कदम है, बृजपुर पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। उक्त कार्य़वाही मे थाना प्रभारी बृजपुर उनि. महेन्द्र सिंह भदौरिया,चौकी प्रभारी पहाड़ीखेडा सउमि कमल सिंह चन्देल व थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा। पन्ना पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर कुंडेश्वर बृद्धाश्रम में बृद्धजनों का किया गया सम्मान



**टीकमगढ़।** रविवार को सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन ससक्तिकरण विभाग जिला टीकमगढ़ के निर्देशन में संस्था श्रेया मानव कल्याण एवम ग्रामीण विकास समिति टीकमगढ़ द्वारा संचालित बृद्धाश्रम कुंडेश्वर टीकमगढ़ में विश्व बृद्धजन( वरिष्ठ जन) दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वप्रथम संगोष्ठी, आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुज चंसौरिया विधिक सहायता अधिकारी जिला न्यायालय टीकमगढ़ ने बृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गो को उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार एवम उपेक्षा पर कानूनी नियम एवम कानूनी सहायता हेतु विस्तार से जानकारी दी। संस्था संचालक अजय जैन ने कहा कि हम सभी को मिलकर बुजुर्गों के साथ होने बाले दुर्व्यवहार को रोकना चाहिए एवं बुजुर्गों की हर समय मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी बृद्धजनो का साल, श्रीफल फूलमालाओं से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बृद्धजनो सहित बृद्धाश्रम कुंडेश्वर के अधीक्षक कुलदीप विश्वकर्मा, जगत सिंह, तेज सिंह, रवि राय, अजय बाल्मीक, सहित सभी कर्मचारी एवं अनेको लोग उपस्थित थे।

# रात में बना दी सड़क, तीन महीने में ही उधड़ी

### जैन मंदिर से कन्या शाला और सीएम राइज से झंडा बाजार तक की सड़कों की हालत बदहाल
### नगरवासियों ने जताई नाराजगी, जांच और कार्रवाई की मांग उठाई

**पवई ।** नगर परिषद पवई की लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई है। सीएम राइज विद्यालय से झंडा बाजार और जैन मंदिर से कन्या शाला तक बनाई गई डामरी सड़क महज तीन महीने में ही टूट-फूट का शिकार हो गई। जगह-जगह गड्ढे उभर आए हैं और सड़क उधड़ने लगी है। नगरवासियों का आरोप है कि निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती गईं, जिससे सड़क इतनी जल्दी जर्जर हो गई। जानकारी के अनुसार, यह पूरा सड़क निर्माण कार्य रात के समय किया गया था। लोगों ने पहले ही आशंका जताई थी कि रात में कार्य करने का उद्देश्य निर्माण में हो रही गड़बड़ियों को छुपाना था। ठेकेदार ने इमल्शन की जगह जले टायरों से बना घोल इस्तेमाल किया और बिना नालियों की मरम्मत किए सीधे डामर डाल दिया गया।



### 6 मीटर की सड़क, लेकिन चौड़ाई पहले जैसी ही

नगरवासियों ने बताया कि सड़क को 6 मीटर चौड़ा करने के नाम पर उनके चबूतरे और पट्टियां तुड़वा दी गईं, लेकिन निर्माण के बाद सड़क की चौड़ाई में कोई फर्क नहीं आया।

### सड़क पर हुए गड्ढे, बारिश मे होगी हालत और खराब

बरसात के पहले सड़क की असलियत सामने ला दी है। जगह-जगह से डामर उखड़ चुका है और नीचे से गिट्टियां निकल रही हैं।बरसात मे यह नगर वासियो के लिए नासूर बन जाएगी,नालियों के ऊपर बनाई गई सड़क अब जलभराव की आशंका को भी जन्म दे रही है।

### प्रशासन मौन, ठेकेदार बेपरवाह

सड़क की इस दुर्दशा पर न तो नगर परिषद की ओर से कोई जवाब आया है, न ही ठेकेदार ने स्थिति सुधारने की कोई पहल की है। स्थानीय रहवासी पप्पू सोनकर ने बताया, हमने निर्माण के समय ही शिकायत की थी, लेकिन हमारी आवाज अनसुनी कर दी गई। अब सड़क चलने लायक नहीं बची है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

नगरवासियों ने नगरीय प्रशासन से मांग की है कि इस घटिया निर्माण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही नई सड़क का निर्माण गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाए।

# वन विभाग की अतिक्रमण के विरुद्ध बेदखली कर बुलडोजर की कार्यवाही

### अतिक्रमण से मुक्त कराए 50 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र को पौधारोपण के लिए किया गया सुरक्षित

**टीकमगढ़/जतारा।** रविवार को रेंज अंतर्गत वन अमले के द्वारा पुलिस और प्रशासन के सहयोग से कर्मोरा परिक्षेत्र सहायक वृत की बीट मगरई नंबर 1 के कंपार्टमेंट नंबर पी-332 में वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए पुराने अतिक्रमण के विरुद्ध रेंजर जतारा शिशुपाल अहिरवार द्वारा टीम बनाकर एवम स्वम उपवन मंडल अधिकारी मनीषा बघाड़े के साथ मौके से रहकर वनक्षेत्र से अवैध अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही तीन से चार जेसीबी मशीन और चार से पांच ट्रैक्टर लगाकर की गई है। जिसमे वन भूमि पर वर्षो पुराने अवैध अतिक्रमण जिनको वर्षात होने पर



अतिक्रमणकारियों द्वारा हर साल की तरह इस बार भी जुताई करके फसल बोने की योजना थी,उसको दल बल के साथ नष्ट करके गहरी खाई और बड़े गड्ढे खोदकर चारों तरफ से ट्रेंच खोदकर उस पर कटीली झंडियों का बीज बोकर बेदखल किया गया। साथ ही अतिक्रमण से मुक्त कराए गए वन क्षेत्र को वर्षा ॠतु में पौधा रोपण किए जाने के लिए सुरक्षित किया गया। उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही के तहत वर्षो से वनक्षेत्र के अन्दर बने पक्के एवं कच्चे मकानों को जेसीबी की सहायता से जमीजोद किया गया साथ ही कुछ मकान धारकों को दो दिन के अन्दर स्वयं से खाली कर ध्वस्त करने की सहमति मगरई गांव के अतिक्रमणकारियों के द्वारा दी जाकर वन सीमा को स्पष्ट करते हुए 2500 मीटर से अधिक की सीपीटी खाई खोदी जाकर वन सीमा निर्धारित की गई। उक्त अतिक्रमण के लिए विधानसभा प्रश्न और आश्वासन भी लगा हुआ था, जिसके परिपालन में बेदखली करके विधानसभा प्रश्न और आश्वासन की पूर्ति अतिक्रमण हटाकर की गई। खबर लिखे जाने तक कार्यवाही जारी है। जिसको लगातार चार से पांच दिन तक जारी रखा जाना बताया गया। उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही वन संरक्षक वन वृत छतरपुर और वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ एवं उपवन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देश के अनुक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में की गई जिसमे वन विभाग जतारा का संपूर्ण वन अमला एवं खरगापुर पुलिस प्रशासन का महिला एवं पुरुष बल शामिल रहा।

# ठठरी पर पहुंची विद्युत व्यवस्था, लापरवाही आई सामने, दो गायों की मौत

**टीकमगढ़।** जिले की विधानसभा जतारा अंतर्गत बम्हौरीकलां में बीते 15 दिनों से लाइट गुमशुदा बनी हुई है। लोगों का कहना है दस मिनट के लिए लाइट आती है उसके बाद दिन रात गायब बनी रहती है। ऐसा ही कुछ शनिवार को हुआ जब शाम करीब 5 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश हुई इससे कई जगह खंभे उखड़े तो कई जगह पेड़ इसके साथ ही कई जगह बिजली पोल के साथ तार भी टूटकर खेतों गिर गए इससे साफ पता चलता है कि विद्युत विभाग कितना लापरवाह बना हुआ , जब मेंटिनेंस का कार्य करना चाहिए तब कर्मचारी कंदमूल फल खाने में व्यस्त होते है। आपको बता दें 14 ओर 15 मई की दरमियानी रात में बम्हौरीकलां से पहाड़ी बुजुर्ग के रास्ते में पड़ने बाला पप्पू बेना के खेत के पास बिजली तार टूटे डले थे जहां पर आवारा मवेशी बैठते है तारों में



करंट आने से दो मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई।गनीमत रही वहां सिर्फ 2 ही मवेशी थे और किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है।

# 239 बदमाशों/आरोपियों पर पुलिस की कार्रवाई

## आधी रात को पुलिस नाइट कॉम्बिंग गश्त में

## पुलिस की बड़ी कामयाबी, वर्षों से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

जागरण बैढ़न

मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में औचक कम्बिंग गश्त कराया गया जिले में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत पुलिस उप महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में अपराधियों पर नकेल कसते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में संगठित और सख्त कार्रवाई की गई। जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की अलग.अलग टीमें गठित कर नाइट कॉम्बिंग गश्त का संचालन किया गया। नाइट कॉम्बिंग गश्त के दौरान 10 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी जो वर्षों से फरार थे। 80 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। 70 निगरानी बदमाशों एवं 77 गुण्डा बदमाशों की जांच की गई 2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अवैध शराब जब्त की गई । रात में बेवजह घूम रहे संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की गई बैंकों और एटीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया।

### कॉम्बिंग गश्त की तैयारी

इस कॉम्बिंग गश्त की योजना कई दिनों से तैयार की जा रही थी। जिले के थानों चौकियों एवं पुलिस लाइन के बल के साथ तालमेल बनाकर तकनीकी शाखा की मदद से कट.ऑफपार्टियां लगाई गईं। रातभर चले इस अभियान में पुलिस टीमों ने संवेदनशील इलाकों प्रमुख बाजारों बस स्टैंड रेलवे स्टेशन और हाईवे पर गश्त कर अपराधियों की धरपकड़ की।

**गिरफ्तार किए गए स्थायी वारंटी :** ● थाना वैढ़न अनिल कुमार यादव पिता देवकी नंदन यादव 14 वर्ष से फरार । ● चौकी खुटार रफिक्र मोहम्मद पिता जलालुडीन मोहम्मद 02 वर्ष से फरार। ● थाना विंध्यनगर जगदंबा भारती पिता पंचम भारती 14 वर्ष से फरार। ● थाना नवानगर मोतीलाल बैगा पिता राम विशाले बैगा 01 वर्ष से फरार ● थाना मोरवा सुभग लाल पिता शिवरतन बैगा 4 वर्ष से फरार। ● थाना बगरवां .रामप्रताप बसोंर पिता चक्कू बसोंर 4 वर्ष से फरार लाल बाबू बसोंर पिता ददन बसोंर 04 वर्ष से फरार। थाना जियावन सीताराम पटेल पिता परमेश्वर पटेल 3 वर्ष से फरार

**विशेष कार्रवाई और सुरक्षा उपाय :** प्रमुख चौक.चौराहों बाजारों और हाईवे पर संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच।
बिना कारण देर रात घूम रहे संदिग्ध युवकों को सख्त चेतावनी। यात्रियों और परिवारों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने में सहायता। बैंकों और एटीएम पर सुरक्षा बलों द्वारा औचक निरीक्षण। इसी क्रम में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं समस्त एसडीओपी अधिकारियों ने अपने.अपने क्षेत्र के थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण थानों की व्यवस्थाओं को जांचने और सुधारने के उद्देश्य से किया गया। इस क्रम में मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना नवानगर का निरीक्षण किया। पी.एस परस्त नगर पुलिस अधीक्षकए विंध्यनगर द्वारा थाना नवानगर का निरीक्षण किया। कृष्ण कुमार पाण्डेय एसडीओपी सिंगरौली द्वारा थाना बरगवां का निरीक्षण किया। राहुल कुमार सैयाम एसडीओपी देवसर द्वारा थाना सरई व लंघाडोल का निरीक्षण किया। अरुण किमार सोनी प्रभारी एसडीओपी चितरंगी द्वारा थाना माड़ा का निरीक्षण किया।



**भ्रमण के दौरान की गई कार्यवाही :** भ्रमण के दौरान थानों की सभी रात्रि कालीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया शिकायत सुनने की व्यवस्था रात्रि में गस्त पार्टियों की गतिविधियाँ रात्रि ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की उपस्थिति हवालात गृह की स्थिति सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता। निरीक्षण के दौरान सभी पुलिस स्टाफगस्त पार्टियां फिक्स पैकेट आदि अपने कर्तव्य पर मुस्तैदी से उपस्थित पाए गए।

# प्रयास सीएंडआई विभाग एवं कर्मचारी वर्ग से टीम उम्मीद ऐश हैंडलिंग विभाग से रही विजेता



## एनटीपीसी सिंगरौली में स्टेशन स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन 25 का आयोजन

**जागरण शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में स्टेशन स्तरीय क्वालिटी सर्कल कन्वेंशन 25 का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में कर्मचारी श्रेणी की 8 टीमों एवं संविदा वर्ग की 10 टीमों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। इस अवसर पर राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली अतिथि के रूप में एवं जोसफ वास्टियन महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एवं आर आर मोहंती महाप्रन्धक तकनीकी सेवाएं उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में गुणवत्ता सुधार के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना की। कन्वेंशन के दौरान विभिन्न टीमों ने अपनी गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया जिसे विशेष निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन किया गया। निर्णायक मंडल में अजीत सिंह महाप्रन्धक टीएमडी अवनीश सिंह अपर महाप्रबंधक आईटी तथा क्यूसीएफ आई से आरिफ खान मुख्य भूमिका में रहे।

कार्यक्रम बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के विभागाध्यक्ष महाप्रबंधक पीयूष श्रीवास्तव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ जिसका सफल संचालन वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती अंजना भारद्वाज एवं अतुल तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर निरंतर सुधार नवाचार एवं टीम भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं विजेता टीमों के सम्मान के साथ हुआ। जिसमे संविदा वर्ग की टीम प्रयास सी एंडआई विभाग एवं कर्मचारी वर्ग से टीम उम्मीद ऐश हैंडलिंग विभाग से विजेता रही। एनटीपीसी सिंगरौली की ओर से यह आयोजन गुणवत्ता एवं टीम भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# नाबालिग बालिका को भगाकर, उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

## थाना विन्ध्यनगर पुलिस की कार्यवाही



**जागरण विन्ध्यनगर।** थाना विन्ध्यनगर पुलिस ने नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा आरोपी विकाश कुमार शाह पिता श्यामकरण शाह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम शासन थाना बैढ़न ो 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेजा मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक एवं अभिषेक कुमार रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं श्री पीण्एसण्परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के मार्गदर्श पर थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी को कामयाबी मिली। आवेदिका प्रमिला शाह पति संजय कुमार शाह 33 वर्ष निवासी जुवाड़ी थाना विन्ध्यनगर की थाना विन्ध्यनगर में रिपोर्ट दर्ज करायी की उसकी नाबालिक लड़की उम्र 14 वर्ष को 12.-13 की दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसलाकर ले गया है । आस पड़ोस नात रिस्तेदारी में काफी पता तलाश करने पर भी कोई पता नहीं चल रहा है । आवेदिका की रिपोर्ट पर थाना विन्ध्यनगर में अपराध धारा 137/2 बीएनस का पंजीबद्ध करए घटना की जानकारी थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई एवं तत्काल एक टीम गठिक कर नाबालिक बालिका को जल्द से जल्द दस्तयाब करने के निर्देश दिये गय जिसके फलस्वरूप नाबालिक बालिका को यथाशीघ्र सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया एवं नाबलिक बालिका को साथ ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी विकाश कुमार शाह पिता श्यामकरण शाह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम शासन थाना बैढ़न जिला सिंगरौली को 137/2 87 65 बीएनएस एवं 3 4/2 पाक्सो एक्ट धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्यवाही करते हुए न्यायालय बैढ़न के समक्ष जेण्आरण् पर पेश किया गया जो आरोपी जिला जेल पचौर में निरुद्ध है । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी विन्ध्यनगर उनि.शीतला यादव उनि सुधाकर सिंह उनि अशोक शर्मा म.प.आर.अल्पना सिंह प्र.आर. विजय खरे त्रिभुवन मिश्रा संदीप सिंह आरक्षक अशोक कुशवाहा आरक्षक प्रताप कुमार आरक्षक राजकुमार शर्मा राहुल अमलेश की सराहनीय भूमिका रही।

# यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 5 ट्रक, 1 ट्रेवलर वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

## वाहन को जप्त कर भेजा गया न्यायालय

**जागरण बैढ़न।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा मध्यरात्रि को औचक चेकिंग लगाया जाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग की गई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्य रात्रि में अलग.अलग टीम लगाया जाकर शहर के निगाही मोड अमलोरी तिराहा एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान लगभग 43 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइश दी गई थी शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता जिस कारण से दुर्घटनाएं घटित हो जाती है 5 ट्रक 1 ट्रेवलर वाहन का चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण हेतु न्यायालय पेश किया जाएगा।



**वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन कराया जाएगा :** न्यायालय के आदेशानुसार 6 महीने के लिए वाहन ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन कराए जाने हेतु प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में भेजा जाएगा यातायात पुलिस ने अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात आरक्षक संजीव कुमार आरक्षक गणेश एवं आरक्षक जितेंद्र अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

## भगवती मानव कल्याण संगठन सरई द्वारा नशा मुक्ति रैली 17 को

**जागरण सरई।** तहसील मुख्यालय में भगवती मानव कल्याण संगठन सरई द्वारा 17 को नशा मुक्ति रैली निकाली जाएगी। यह रैली सरई के पिपरही तालाब से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय तक जाएगी। रैली का मुख्य उद्देश्य जनमानस को नशा से बचाना है। उक्त रैली के समापन में उपखंड अधिकारी देवसर/सरई को 11 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। ज्ञापन का प्रमुख मांग सरई रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म नंबर दो पर संचालित कोलयार्ड को अन्यत्र स्थापित करने और सार्वजनिक मानव निस्तारण के लिए बने रोड से कोल परिवहन पर रोक लगाने एवं क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित शराब दुकानों व अवैध कारोबार पर रोक लगाने की मांग रहेगी। भगवती मानव कल्याण संगठन तहसील सरई के अध्यक्ष विजय कुमार जायसवाल ने सभी धर्म प्रेमी समाजसेवियों बुद्धिजीवी नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने की निवेदन किया है।



### सचिन ने किया बीसीसीआई-ईसीबी से अनुरोध

## इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में कायम रखी जाएगी पटौदी की विरासत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के जरिए शुभमन गिल बतौर भारतीय कप्तान टेस्ट क्रिकेट में अपनी नई इनिंग्स की शुरुआत करेंगे। भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से पहले एक बड़ा बदलाव भी देखने को मिला है। इस बार दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के लिए खेली जाएगी। क्रिकेट जगत के दो दिग्गजों, सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखा गया है। बता दें कि पहले यह सीरीज पटौदी ट्रॉफी के नाम से आयोजित होती थी। पटौदी ट्रॉफी को पहली बार 2007 में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था। यह ट्रॉफी पटौदी परिवार के नाम पर रखी गई थी, जिसने भारतीय क्रिकेट को दो कप्तान- इफ्तिखार अली खान पटौदी और मंसूर अली खान पटौदी दिए। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम बदले जाने से फैन्स तो नाराज हुए ही, खुद पटौदी फैमिली भी नाराज हो गई। विवाद बढ़ता देख अब सचिन तेंदुलकर इस मामले में आगे आए हैं। सचिन तेंदुलकर ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड से अनुरोध किया है कि वे पटौदी की विरासत को सीरीज में बनाए रखने का कोई तरीका खोजें। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक सचिन तेंदुलकर ने बीसीसीआई के अलावा इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों से भी व्यक्तिगत रूप से बात की। तेंदुलकर का मानना है कि एक ऐसे व्यक्ति (इफ्तिखार अली पटौदी) के योगदान को मिटाना सही नहीं है, जिसने भारत और इंग्लैंड दोनों के लिए क्रिकेट खेला। ऐसा लगता है कि सचिन तेंदुलकर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया गया है। बीसीसीआई और ईसीबी इस बात पर सहमत हो गए हैं कि पटौदी की विरासत को किसी न किसी रूप में इस टेस्ट सीरीज में बरकरार रखा जाएगा। अभी तक यह तय नहीं हुआ है कि यह कैसे होगा, लेकिन ऐसा हो सकता है कि सीरीज के बेस्ट खिलाड़ी को पटौदी मेडल दिया जाए या विजेता टीम के कप्तान को पटौदी सम्मान मिले।

### इस वजह से टल गया ट्रॉफी का अनावरण

तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 फाइनल के दौरान लॉन्च किया जाना था, लेकिन अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना के चलते 14 जून को होने वाला यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। ईसीबी के एक अधिकारी ने बताया भारत में हुई इस त्रासदी के कारण हम ट्रॉफी का अनावरण कुछ समय के लिए टाल रहे हैं। यह पीड़ित परिवारों के प्रति सम्मान का संकेत है। अनावरण से जुड़ी नई तारीख की घोषणा अब उपयुक्त समय पर की जाएगी।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउण्ड पर औसत प्रदर्शन रहा है टीम इंडिया का

**लंदन, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे पर है, जहां उसे मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। इस मुकाबले के जरिए ही शुभमन गिल बतौर भारतीय टेस्ट कप्तान अपनी नई पारी का आगाज करेंगे। देखा जाए तो लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर भारतीय टीम का प्रदर्शन मिला-जुला रहा है। भारतीय टीम ने यहां पर कुल 7 टेस्ट मैच खेले हैं, जो मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ ही रहे हैं। इन सात में से चार मुकाबलों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। जबकि दो मुकाबलों में उसे जीत मिली। एक मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। भारतीय टीम को इस मैदान पर पहली टेस्ट जीत साल 1986 में कपिल देव की कप्तानी में मिली थी। तब भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया था। फिर सौरव गांगुली की कप्तानी में भी भारतीय टीम ने साल 2001 में इस वेन्यू पर टेस्ट जीत हासिल की। गांगुली की अगुवाई में टीम इंडिया को पारी और 46 रनों से धमाकेदार जीत मिली थी।

### इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उप-कप्तान/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, करुण नायर, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव.

### भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवर्टन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स.



### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का पूरा शेड्यूल

| टेस्ट | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20-24 जून, 2025 | हेडिंग्ले, लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 2-6 जुलाई, 2025 | एजबेस्टन, बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10-14 जुलाई, 2025 | लॉर्ड्स, लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23-27 जुलाई, 2025 | ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31 जुलाई-4 अगस्त, 2025 | द ओवल, लंदन |

### लीड्स में टीम इंडिया के सभी 7 टेस्ट मैचों के नतीजे

| मैच | परिणाम |
|---|---|
| 5-9 जून 1952 | इंग्लैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया |
| 2-4 जुलाई 1959 | इंग्लैंड को पारी और 173 रनों से जीत मिली |
| 8-13 जुलाई 1967 | इंग्लैंड ने 6 विकेट से जीत दर्ज की |
| 16-21 अगस्त 1979 | ड्रॉ |
| 19-23 जून 1986 | भारत ने इंग्लैंड को 279 रनों से हराया |
| 22-26 अगस्त 2002 | भारत ने पारी और 46 रनों से जीत दर्ज की |
| 25-28 अगस्त 2021 | इंग्लैंड की पारी और 76 रनों से जीत |

**भारत वि इंग्लैंड (टेस्ट क्रिकेट इंग्लैंड में**

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट | 67 |
| भारत ने जीते | 9 |
| इंग्लैंड ने जीते | 36 |
| ड्रॉ | 22 |

**भारत वि इंग्लैंड (टेस्ट क्रिकेट लीड्स में )**

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट | 7 |
| भारत ने जीते | 2 |
| इंग्लैंड ने जीते | 4 |
| ड्रा | 1 |

**भारत वि इंग्लैंड (टेस्ट क्रिकेट)**

| | |
|---|---|
| कुल टेस्ट | 136 |
| भारत ने जीत | 35 |
| इंग्लैंड ने जीत | 51 |
| ड्रा | 50 |

### पिछली बार विराट की कप्तानी में मिली थी यहां हार

भारतीय टीम ने अपने पिछले इंग्लैंड दौरे पर भी लीड्स के हेडिंग्ले में टेस्ट मैच खेला था। तब पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला इस ग्राउंड पर आयोजित हुआ था, जिसमें विराट कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी की। वहीं जो रूट इंग्लिश टीम के कप्तान थे। वो मुकाबला भारतीय टीम के लिए यादगार नहीं रहा था। 25 से 28 अगस्त 2021 तक खेले गए उस टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पारी और 76 रनों से जीत मिली थी। मुकाबले में भारतीय कप्तान विराट कोहली ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, जो गलत साबित हुआ। भारत की पूरी टीम पहली पारी में सिर्फ 78 रनों पर सिमट गई। रोहित शर्मा (19 रन) और अजिंक्य रहाणे (18 रन) के अलावा बाकी के भारतीय बल्लेबाज दोहरे अंकों तक नहीं पहुंच सके। जेम्स एंडरसन और क्रेग ओवर्टन ने तीन-तीन विकेट झटके थे। वहीं सैम करन और ओली रॉबिन्सन को भी दो-दो सफलता हासिल हुई थीं। जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 432 रन बनाए और उसे 354 रनों की बड़ी लीड मिली। जो रूट ने 14 चौके की मदद से शानदार 121 रन बनाए थे। डेविड मलान ने भी 70 रन बनाकर रूट का बखूबी साथ निभाया। सलामी बल्लेबाजों हसीब हमीद (68 रन) और रोरी बर्न्स (61 रन) ने भारत को नई गेंद से कोई मौका नहीं दिया। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके।

### इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में 80 टेस्ट मैच खेले, इसमें से 37 जीते

इंग्लैंड की टीम ने लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक 80 टेस्ट मैच खेले हैं। इस दौरान उसे 37 मुकाबलों में जीत मिली। जबकि 25 टेस्ट मैचों में मेजबान इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा। 18 मुकाबले ड्रॉ पर भी छूटे। इस मैदान पर इंग्लिश टीम का टेस्ट क्रिकेट में जीत का प्रतिशत 46.25 रहा है।

### मैदान से हटकर

## हुस्न की मलिका है दुनिया के खतरनाक बल्लेबाज की वाइफ



दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स की वाइफ डेनिएल डिविलियर्स बहुत ही खूबसूरत हैं। वह अपने फैंस के बीच लोकप्रिय हैं। वह फनरूम प्रिटोरिय की सह मलिक हैं, जो कि एक इनडोर ग्राउंड है। जहां बच्चे सही तरीके से खेल सकते हैं। डेनिएल सामाजिक कार्य भी करती हैं और वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एबी डिविलियर्स की डेनिएल से 2007 में मिलीं थीं। वह होटल में अपनी मां के साथ लंच करने गए थे। जहां उनकी मुलाकात हुई। ये होटल डेनियल के माता-पिता का था। फिर दोनों एक-दूसरे से मिलने लगे। डिविलियर्स के भाई की शादी में डेनिएल ने गाना गाया, जो कि उन्हें बहुत ही पसंद आया। एबी डिविलियर्स ने साल 2012 में दुनिया के साथ अजूबों में से एक ताजमहल के सामने डेनियल को प्रपोज किया। इसके बाद उन्होंने वहां पेड़ों के पीछे छिपकर फोटो लिए। ताकि वे और ताजमहल सही से तस्वीर में आ सकें। 30 मार्च 2013 में दोनों ने शादी कर ली। इन दोनों ने उसी होटल में शादी की, जहां ये दोनों पहली बार मिले थे, जिससे ये जगह और भी खास हो गई। एबी डिविलियर्स और डेनिएल साल 2015 में पहले बेटे अब्राहम के माता-पिता बने। इसके बपाद 2017 में रिचर्ड का जन्म हुआ। वहीं, साल 2020 में दोनों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से बेटी येंटे के जन्म की घोषणा की। डेनिएल परिवार को बहुत ही अच्छे तरीके संभालती हैं, जिसकी वजह से एबी डिविलियर्स इतना क्रिकेट खेल पाए. एबी डिविलियर्स की पत्नी एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वह कई चैरिटी का हिस्सा भी रही हैं। (जेएनएन)

## ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर खिलाड़ी सुरक्षित और खुश रहे : गिल



**लंदन, जेएनएन।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था लेकिन उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है। गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा। गिल ने कहा, इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा, ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।'' गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा, रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा, वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है।

## वर्ल्डकप से पहले घर में न्यूजीलैंड से 5 टी-20 और 3 वनडे खेलेगा भारत

**मुंबई, जेएनएन।** पहले भारतीय टीम अगले साल फरवरी-मार्च होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड से 5 टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगा। बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने शनिवार को न्यूजीलैंड के भारत दौरे का शेड्यूल जारी किया। इसके अनुसार, न्यूजीलैंड की टीम 11 जनवरी से 18 जनवरी तक 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। उसके बाद 21 जनवरी से 31 जनवरी तक 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी। बोर्ड ने इन मैचों के लिए 8 वेन्यू का ऐलान किया है। वनडे मैच बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में होंगी। जबकि नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, वाईजैक, त्रिवेंद्रम टी-20 मैचों की मेजबानी करेंगे। इस सीरीज के बाद भारत और श्रीलंका को टी-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है। ऐसे में यह दौरा भारत की तैयारियों के लिहाज से अहम होगा। इसमें भारत अपना टाइटल डिफेंड करने उतरेगा। टीम इंडिया ने 2024 में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराते हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीता था।




**भारत के होम कैलेंडर में 3 सीरीज शामिल :** इस सीजन में भारत का होम कैलेंडर काफी व्यस्त है। टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बॉल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर है। जहां टीम इंडिया को 20 जून से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है।

## ऋषभ पंत ने मार्करम को दी बधाई बोले, एडेन भाई बढ़िया खेले...



**लंदन, जेएनएन।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में शानदार शतक जड़कर दक्षिण अफ्रीका को 5 विकेट से ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले एडेन मार्करम को दिल छू लेने वाले शब्दों में बधाई दी। दक्षिण अफ्रीका ने इस जीत के साथ 27 वर्षों का आईसीसी खिताबी सूखा खत्म किया और पहली बार डब्ल्यूटीसी खिताब अपने नाम किया। ऋषभ पंत, जो हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान थे, उन्होंने इस सीजन मार्करम और निकोलस पूरन के साथ बेहतरीन तालमेल बनाया। हालांकि एलएसजी प्लेऑफ में नहीं पहुंच सका, फिर भी पूरन (524 रन) और मार्करम (445 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद पंत ने उन्हें सबसे पहले सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं दी थीं। अब जब मार्करम ने फाइनल में मैच जिताऊ शतक लगाया, तो पंत ने उन्हें भाई कहते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, बहुत बढ़िया खेले, मारकमभाई। आपके लिए बहुत खुशी हो रही है। दबाव में क्या शानदार पारी खेली। आपने हम सभी को गर्वित किया है और दक्षिण अफ्रीका को डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने की ढेर सारी बधाई। बता दें कि इस समय पंत इंग्लैंड के केंट में भारतीय टीम के इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच में हिस्सा ले रहे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतरराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ऑरियनप्रो अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। पुडुचेरी के मधेश कुमार और महाराष्ट्र के अविरत चौहान के भी कड़ी चुनौती पेश करने की उम्मीद है। हालांकि स्टार आकर्षण श्रीलंका की 12 वर्षीय महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओशिनी गुणवर्धना हैं जिनकी उपस्थिति प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय चुनौती और उत्साह जोड़ती है।

## अंडर-17 विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप ट्रायल जीता

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में 5 से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया। पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी। चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली अन्य महिला पहलवानों में श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहर शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। पुरुषों की फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किये गये।



**फ्री स्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)।

**ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

### खेल एक नजर

## भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो-लीग में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 से हारी



**लंदन, जेएनएन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

## द. अफ्रीका के आईसीसी खिताब जीतने को दिग्गजों ने सराहा





**लंदन, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतकर आईसीसी ट्रॉफी के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया जिस पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय से अत्यधिक खुशी, कुछ हद तक आश्चर्य जताते हुए इस टीम के लिए तारीफों की झड़ी लगा दी। महान सचिन तेंदुलकर, क्रिस गेल , एबी डिविलियर्स और डेल स्टेन जैसे खिलाड़ियों ने प्रोटियाज (दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम का उपनाम) टीम के जज्बे की सराहना की। टीम की जीत के बाद लॉर्ड्स स्टेडियम में मौजूद डिविलियर्स और पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ की तरफ जब कैमरा मुड़ा तो दोनों अपनी भावनाओं पर काबू करते दिखे। दक्षिण अफ्रीका के इन दोनों महान खिलाड़ियों को कभी ऐसे पल का अनुभव नहीं मिला था। **डिविलियर्स** ने 'एक्स' पर लिखा, शानदार जीत और बहुत बढ़िया खेल। मैच जीतने वाले शतक के लिए मारक्रम और पूरे मैच में इतनी शानदार नेतृत्व और प्रदर्शन के लिए तेम्बा बावुमा को सलाम। उन्होंने कहा, खेल के इस खूबसूरत प्रारूप को देखना कितना अविश्वसनीय अनुभव था। इस पल को अपने दो बेटों के साथ रोमांचित और उत्साहित होकर अनुभव करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। ऐसे ही बढ़ते रहो प्रोटियाज। महान बल्लेबाज **तेंदुलकर** ने आखिरी पारी में धैर्य और एकाग्रता की प्रशंसा करते हुए एडेन मारक्रम और बावुमा की साझेदारी को 'उम्मीद को इतिहास में बदलने वाला' करार दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, टेस्ट क्रिकेट का जादू जारी है। एक ऐसे फाइनल में जहां हर सत्र की अपनी कहानी थी, दक्षिण अफ्रीका की टीम ने मुश्किल परिस्थितियों में शानदार खेल दिखाया। चौथी पारी में दबाव में मारक्रम के धैर्य और बावुमा की जज्बे वाली बल्लेबाजी शानदार रही। एक शतक जिसे याद रखा जाएगा, एक साझेदारी जिसने उम्मीद को इतिहास में बदल दिया। उन्होंने लिखा, विश्व टेस्ट चैंपियन बनने पर दक्षिण अफ्रीका को बधाई। मैच के तीसरे और चौथे दिन मारक्रम और बावुमा के बीच 147 रनों की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण को कुंद कर दिया।

## मेस्सी की इंटर मियामी और मिस्र के आहली ने क्लब विश्व कप में गोलरहित ड्रॉ खेला



**मियामी गार्डन्स, जेएनएन।** लियोनल मेस्सी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेस्सी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तानी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।

## विश्व योग दिवस पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम

**सतना।** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन को नोडल अधिकारी बनाया है।

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 13 जून से किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

# बूथ स्तर पर एक मजबूत संगठन खड़ा करेंगे : अनिल चौधरी

**जागरण सतना**



जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान की बैठक विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान के कोटर एवं रामपुर बघेलान में संपन्न हुई अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक अनिल चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का स्पष्ट संदेश है कि कांग्रेस पार्टी में निष्ठावान कार्यकर्ताओं को ही जगह मिलनी चाहिए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा श्री चौधरी ने जातिगत जनगणना पर श्री राहुल गांधी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी ने अपने संघर्ष के दम पर कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जातिगत जनगणना की लड़ाई लड़ी और सरकार को झुकना पड़ा जिसके लिए हम सब लोग राहुल गांधी जी को धन्यवाद देते हैं व उनका आभार ज्ञापित करते हैं।

श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को केंद्र और प्रदेश से दखल करने के लिए प्रत्येक कांग्रेस जन ऐसा लक्ष्य होना चाहिए जैसे महाभारत के अर्जुन को केवल मछली की आंख दिखाई पड़ रही थी चौधरी ने कहा कि पोलिंग बूथ स्तर तक पार्टी के कार्यकर्ताओं को तैयार कर एक मजबूत संगठन तैयार होगा श्री चौधरी ने संगठन अभियान की चर्चा करते हुए कहा यह व्यापक संगठनात्मक कार्यक्रम है सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी अलग-अलग तय की जाएगी और कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा श्री चौधरी ने चर्चा करते हुए कहा की लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच को परिणाम में बदलने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक विनय श सक्सेना ने कहा कि सभी वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व मिले और सब लोग आगे आए और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में जगह मिले यह प्राथमिकता होनी चाहिए पर्यवेक्षक बबीता साकेत ने भी संबोधित किया बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा पूर्व विधायक राम लखन सिंह पटेल तोषण सिंह पटेल विधानसभा के प्रत्याशी रामशंकर पयासी सज्जन सिंह तिवारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशवंत तिवारी धनेश कुशवाहा राजीव सिंह भगवत सिंह तिवारी शत्रुंजय प्रताप सिंह रोहित कांत सिंह कमलेन्द सिंह कमलू बी एल सिंह राजा तिवारी इंद्रजीत पटेल नीलेंद्र सिंह तिवारी काजल सिंह संतोष तिवारी अतुल त्रिपाठी नरेंद्र मिश्रा पप्पू शुक्ला मुनेंद्र द्विवेदी लक्ष्मी त्रिपाठी लंला चूद मीरा सोनी तनु मिश्रा विवेक त्रिपाठी रेखा सिंह निखिल सिंह तिवारी बालेश त्रिपाठी शिवेंद्र प्रताप सिंह अमरेश पाठक अरविंद तिवारी के के कुशवाहा सत्यभान सिंह पटेल राजेंद्र मिश्रा रामनारायण शुक्ला अजय तिवारी दिल भरण प्यासी अमरेश पाठक शिवेंद्र सिंह सोमनाथ सिंह अल्ताफ मंसूरी एरंगरंज शाहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## प्रो दिलीप कुमार कोरी एवं जीवेन्द्र द्विवेदी का शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित



**जागरण, सतना।** श्री रामकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंगए साइंस एंड मैनेजमेंट सतना में कार्यरत प्रो दिलीप कुमार कोरी एवं जीवेन्द्र द्विवेदी का शोध पत्र मल्टी. ऑब्जेक्टिव ऑप्टिमाइजेशन ऑफटर्निंग पैरामीटर्स यूज़िंग रिग्रेशन एनालिसिस एंड जेनेटिक एल्गोरिदमष् शीर्षक से प्रतिष्ठित इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल ऑफ मॉडर्नाइजेशन इन इंजीनियरिंगए टेक्नोलॉजी एंड साइंस के जून 2025 अंक में प्रकाशित हुआ है। इस शोध कार्य में प्रोण् कोरी ने स्टील रोलिंग मिल्स में प्रयुक्त कास्ट आयरन रोलर्स की मशीनिंग प्रक्रिया के दौरान प्रयोग होने वाले मुख्य पैरामीटर्सकृस्पिंडल स्पीडए फीड रेट और डेप्थ ऑफ कटकृके अनुकूलन के लिए जेनेटिक एल्गोरिदम और रिग्रेशन विश्लेषण का प्रयोग किया है। रिसर्च का उद्देश्य मशीनिंग समय को न्यूनतम करना तथा टूल लाइफ को अधिकतम करना था। प्रोण् कोरी के इस उत्कृष्ट शोध को औद्योगिक मशीनिंग प्रक्रिया में उत्पादन दक्षता बढ़ाने और लागत कम करने के लिए अत्यंत उपयोगी माना जा रहा है। उनके इस योगदान के लिए संस्था के चेयरमैन शम्मी पुरी , डायरेक्टर शाश्वत पुरी,टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री, एकेडमिक डायरेक्टर शुभी खरे, हायर सेमेस्टर डीन दीपेश निगम एवं समस्त विभाग अध्यक्षों ने दिलीप कुमार कोरी एवं जीवेन्द्र द्विवेदी की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बिजली विभाग की भर्रेशाही के चलते ग्रामीण परेशान

### कटौती से लोगों की हालत खस्ता

**जागरण अमदरा।** भीषण उमस भरी गर्मी में जहां सर्किल की जनता पेयजल समस्या से निजात नहीं पा रही है,वही अब बिजली विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा कही लोड सेटिंग के नाम पर कही मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली क्षेत्र की आए दिन बन्द की जाती है । ग्रामीण जनों का आरोप है कि बिजली अधिकारी गण प्रतिदिन मेंटेनेंस का खेल न खेले,एक दिन ही बंद करके समूचे क्षेत्र की बिजली लाइनों का निरीक्षण कर सुधार करवा लेवे। शनिवार की शाम बिजली बंद हुई तो रविवार को बिजली के दर्शन हुए। सारी रात जनता मच्छरों और गर्मी से परेशान रहे वही रविवार शाम से बिजली बंद है। वहीं इस संबंध में जब एस ई से बात की तो जल्द सुधार होने की बात कही।

### इनका कहना

इस समय आए दिन बिजली गोल रहने के कारण रहवासियों में अफरा तफरी मची हुई है,जहां इतनी उमस भरी गर्मी के लोगों का हाल बेहाल है वही बिजली विभाग की भरे साही के चलते आए दिन बिजली का रोना होता है,जिसे बंद होना चाहिए।

**चंद्रभान पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य**

भीषण गर्मी में बिजली के बार बार बंद रहने से ग्रामीण क्षेत्र में पीने का पानी के साथ साथ उमस भरी गर्मी बर्दाश्त के बाहर है और आए दिन बिजली विभाग का ये रवैया समझ के परे है।।शासन प्रशासन को चाहिए इसमें सुधार हो।।।

**आशुतोष गौतम ग्रामीण**

हमारा क्षेत्र किसान का क्षेत्र है बार बार बिजली बंद रहने से किसानों को भी दिक्कत रहती है,साथ ही जहां वर्तमान में इतना तापमान है जिससे आम लोगों का जीना दूभर हो रहा है।

**सुजीत शुक्ला**

हम सब देख रहे है बिजली के बिल समय से लोगों के पास पहुंच रहे है,लेकिनआज तक सर्किल की बिजली व्यवस्था दुरस्त नहीं करवा पाए,कर्मचारी मनमाने तरीके से बिजली बंद करते है मनमाने तरीके से बिजली काटते है जिससे आम जन का जीना मुश्किल है।

**दिलीप सिंह**

हमने कई बार बिजली समस्या को लेकर सरकारी नुमाइंदों और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है,पर भाजपा सरकार अधिकारियों से चलने वाली सरकार है यहां अधिकारी ही राजा है आम जन सिर्फ अधिकारियों के चक्कर में पीस रहा है।आज बिजली विभाग में फैली अनियमिताएं लापरवाही समूचा क्षेत्र देख रहा है।

**रामाधार चतुर्वेदी**
**वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमदरा सर्किल**

# विधायक विक्रम सिंह ने किया पौधरोपण



**जागरण सतना।** रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के युवा एवम ऊर्जावान विधायक विक्रम सिंह विक्की ने पचमढ़ी में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के तीन दिवसीय सांसद विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर अटल वाटिका में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया,साथ ही विधायक श्री सिंह ने अपने क्षेत्र व सभी देशवासियों से अपील करते हुए सभी से आग्रह किया है कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए सभी जनता से अपील करते हुए विधायक श्री सिंह ने आग्रह किया है कि आप लोग सभी एक पेड़ अपने-अपने घर में अवश्य लगाएं।

# कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### कोलगवां पुलिस ने की कार्यवाही न्यायालय ने भेजा जेल



**जागरण सतना।** कट्टे से हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के कुशल निर्देशन एएसपी शिवेश सिंह सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगंवा पुलिस द्वारा की गई है ।

### ये है घटना का विवरण

फरियादिया शहनाज बानो उर्फ तारा पति शेख नदीम उम्र 30 वर्ष निवासी लखन चौराहा टिकुरिया टोला वार्ड क्रमांक 44 वर्ष थाना कोलगवां ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जून को शाम करीबन 8 बजे उमर खान और मंटू लोधी

सभी निवासी जवान सिंह कालोनी एक मोटरसायकल से मेरे घर के सामने आये ।मै अपने घर मे थी तभी उमर खान और मंटू लोधी ने गली बकते हुए बोला कि कल तुम्हारा पति भईया खान से विवाद किया है भइया खान बोला है कि आज नदीम खान को जान से खत्म कर देंगे तभी अपने पास रखे कट्टे से मेरी तरफ फायर कर दिया । उसी समय मै दरवाजा बंद कर ली तो कट्टा की गोली मेरे लोहे के किवाड़ मे लगी अगर किवाड़ नही बंद करती तो कट्टा की गोली मेरे सीने मे लग जाती उमर खान मेरी हत्या करने की नियत से कट्टा से मेरे ऊपर फायर किया है । फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी भईया खान उमर खान मंटू लोधी के विरुद्ध बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। मुखबिर की सूचना पर आरोपी भइया उर्फ भैया उर्फ मकबूल खान पिता मुनौअर खान निवासी जवान सिंह कालोनी को दस्तयाब कर घटना के संबंध में पूछताछ की गई उसने घटना घटित करना स्वीकार किया हैं जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया हैं आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

# आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण आज से

**जागरण, सतना।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 जून 2025 को पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 16 जून से 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था। वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है, लेकिन स्कूल पसंद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है, वह द्वितीय चरण में च्वाइस अपडेट कर सकते हैं। जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और सभी जिला परियोजना समन्वयक को भेजी गई हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला राज्य केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।










# उपयंत्री को हटाने पार्षदों ने अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

### अध्यक्ष ने राज्यमंत्री को पत्र लिख कहा दूसरे उपयंत्री को लाइये



**जागरण सतना।** उपयंत्री की कार्यशैली से बेहद परेशान हो चुके पार्षदों ने नगर परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए प्रभारी उपयंत्री को हटाने की माग की है। यह मामला नगर परिषद कोठी का बताया जा रहा है । पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि कोठी नगर में विकास कार्य ठप्प पड़ गए हैं । इतना ही नही आरोप यह भी है कि उपयंत्री पार्षदों के फोन भी नही उठातीं जिससे पार्षदों के गुस्सा और बढ़ता जा रहा है ।

आरोप यह भी हैं कि नगर परिषद में प्रभार के चलते दो दिन बैठने का समय है लेकिन उप यंत्री द्वारा केवल आधा टाइम ही दिया जाता है और उस बीच भी किसी भी पार्षद या जनप्रतिनिधि से बात नहीं की जाती और अपनी मनमानी कर रही है इस बात को लेकर पार्षदों ने नगर परिषद अध्यक्ष से चिंता जाहिर की कहा कि परिषद में होने वाले विकास में अवरुद्धता उत्पन्न हो रही है जनता के परेशानियों का निराकरण नहीं हो पा रहा इन सभी बातों को लेकर नगर परिषद के सभी पार्षदों ने अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए प्रभारी उपयंत्री को हटाने की मांग की है ।

**राज्य मंत्री से प्रभारी उपयंत्री को हटाने का आग्रह :** कोठी नगर परिषद की अध्यक्षया श्रीमती सुखवंती बाई बुनकर ने मध्य प्रदेश शासन की नगरीय निकाय विकास एवं आवास विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी को पत्र लिखकर कोठी नगर परिषद में पदस्थ इंजीनियर प्रियंवदा सिंह को हटाए जाने के लिए पत्र लिखा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे राशि

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि अंतरित करेंगे।






# करेंट की चपेट में आने से वृद्धा की मौत



**जागरण, उचेहरा।** बीती रात्रि चली तेज हवा ए गरज लपक के साथ बदले मौसम से हुई तेज बारिश से जहां एक ओर बिजली के आने जाने के कारण शहरी और ग्रामीण अंचल के लोग खूब परेसान हुए चूंकि यह बरसात के मौसम की पहली बारिश थी उस लिहाज़ से नगर की जहां सफ़ई व्यवस्थाओं की भी पोल खोलकर रख दी वही कई बेजुवान जानवर असमय काल के गाल में समा गए और इस पहली बारिश से इंसानी मौत भी हुई । रविवार भोर में पोड़ी चौकी के नंदहा गांव में एक वृद्ध महिला की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार नंदहा गांव की वार्ड 5 की रहने वाली 65 साल की जुगीबाई पटेल पति स्वामीदीन पटेल भोर में शौच के लिए घर के पीछे खेत में गई हुई थी तभी रात में चली तेज आधी से 11 हजार केवी की तार टूट खेत में फैली हुई थी जिसके चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पोड़ी चौकी प्रभारी अनिल तिवारी मौके पर पहुंच बिजली कंपनी के अधिकारियों को जानकारी देकर तुरंत बिजली बंद कराई और सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को टूटी तार से दूर रहने की हिदायत दी गई। पुलिस द्वारा पंचनामा उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया । वहीं घटना से गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोश है।









जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com